Samyak

An Institute For Civil Services

# मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

## जनवरी-फरवरी 2025



**विशेष आकर्षण**

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी**




# INDEX


| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 26 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 27 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य<br>केन्द्रीय बजट 2025-26<br>आर्थिक समीक्षा 2024-25 | 28 – 41 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 42 – 47 |
| 5 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 48 – 53 |
| 6 | खेल परिदृश्य | 54 – 57 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 58 – 62 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 63 – 65 |
| 9 | चर्चित स्थल | 66 -75 |
| 10 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 76 – 79 |
| 11 | महत्त्वपूर्ण दिवस | 80 – 82 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## जनवरी-फरवरी: 2025

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान परिदृश्य

## January (जनवरी)

### 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान

- भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों की सहायता से रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण।
- भूजल स्तर सुधार, सतही जल संचयन और जल उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- 'कैच द रेन' संकल्पना से प्रेरित।
- सिरोही, पाली, जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, जयपुर जिलों में कार्य प्रारंभ।
- क्राउड फंडिंग और सीएसआर फंडिंग से वित्तीय सहयोग।

### लाडेसर अभियान

- जयपुर जिला प्रशासन की पहल।
- शुरुआत: 14 जनवरी 2025
- उद्देश्य: कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार।
- कम वजन और अति कम वजन वाले बच्चों के पोषण पर निगरानी।

### सुपोषित मां अभियान (तीसरा चरण)

- शुरुआत: 3 जनवरी 2025, कोटा।
- उद्देश्य: गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना।
- लाभार्थी: 1500 जरूरतमंद गर्भवती महिलाएं।
- 125 किलोग्राम पोषण किट (घी, आटा, दाल, गुड़, मूंगफली, खजूर, तेल आदि)।
- सेवाएं: मासिक पोषण किट, निशुल्क दवाइयां, वैक्सीनेशन, चिकित्सकीय परामर्श।
- प्रारंभ: 1 मार्च 2020 (लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल)।
- पहले दो चरणों में 15,000 गर्भवतियों को 1 लाख पोषण किट वितरित।

### राजस्थान मरु उड़ान पहल

- शुरुआत: 9 नवंबर 2024, बाड़मेर (कलेक्टर टीना डाबी द्वारा)।
- उद्देश्य: महिला सशक्तीकरण व आत्मनिर्भरता बढ़ाना।
- 11 प्रमुख कार्यक्रम:
  - सेल्फ डिफेंस, ड्राइविंग, कैंसर जागरूकता, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता, इंटरप्रेन्योरशिप।
- प्रदेशव्यापी विस्तार: 9 जनवरी 2025 से पूरे राजस्थान में लागू।
- महिला सशक्तीकरण मॉडल के रूप में कार्य करेगा।
- प्रशिक्षित महिलाएं अन्य महिलाओं को प्रेरित करेंगी।
- मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और कौशल विकास में सहयोग।

### उल्लास पहल

- आयोजन: 21 जनवरी 2025, जयपुर (इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान)।
- कार्यक्रम: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत।
- **स्वयंसेवी शिक्षण मॉडल:**
  - 15 वर्ष और अधिक आयु के निरक्षरों को निःशुल्क शिक्षा।
  - स्वयंसेवक बिना मानदेय के पढ़ाते हैं।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025

- आयोजन: 30 जनवरी - 13 फरवरी 2025
- आयोजक: राज्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
- थीम: "आइए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएँ, भ्रांतियाँ दूर करें और कुष्ठ रोग प्रभावितों को हरसंभव मदद दें।"
- क्रियान्वयन: जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम।

### लैंड पूलिंग योजना

- राजस्थान लैंड पूलिंग योजना अधिनियम-2016 के तहत पहली योजना जयपुर में शुरू होगी।
- किसानों को 45% भूमि देने का प्रावधान किया गया है।
- आधुनिक नगर नियोजन की जाएगी।
- सफल क्रियान्वयन के बाद अन्य शहरों में भी लागू होगी।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना - नवीन प्रावधान

- भुगतान श्रेणी के परिवारों के लिए 1 फरवरी 2025 से नए प्रावधान लागू।
- नए पंजीकरण की पॉलिसी 90 दिन बाद प्रभावी होगी।
- 850 रुपये का भुगतान करने वाले परिवारों की पॉलिसी 1 फरवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक मान्य होगी।
- पूर्व पंजीकृत परिवारों को 15 फरवरी 2025 तक रिन्यूअल करवाने पर 1 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक पॉलिसी मिलेगी।

### एग्रीस्टैक योजना

- कृषि क्षेत्र में डिजिटल बुनियादी ढांचा विकसित करने की केंद्र सरकार की परियोजना।
- क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, और भू-संदर्भित नक्शों का डेटाबेस बनाया जाएगा।
- किसान क्रेडिट कार्ड व पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं तक किसानों की पहुंच आसान होगी।
- 13 दिसंबर 2024 को सीकर में पायलट प्रोजेक्ट शुरू, फरवरी 2025 से राजस्थान में लागू।
- ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए चरणबद्ध शिविर लगाए जाएंगे।

## रीको प्रत्यक्ष भूखंड आवंटन योजना

- राइजिंग राजस्थान एमओयू के तहत बिना नीलामी के भूखंड आवंटन।
- निवेश, रोजगार और निर्यात क्षमता के आधार पर वरीयता।
- उद्योगों को शीघ्र और किफायती दर पर भूमि उपलब्ध होगी।
- ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन प्रक्रिया सरल।
- ग्रामीण क्षेत्रों में 50% भूखंड एमएसएमई को आरक्षित।
- अधिकतम 3 भूखंडों के लिए आवेदन का प्रावधान।

## स्वामित्व योजना - राजस्थान में 1.5 लाख कार्ड वितरित

- 18 जनवरी 2025 को पीएम मोदी द्वारा देशभर में 65 लाख स्वामित्व कार्ड वितरित।
- राजस्थान में 1.50 लाख लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड व पट्टे मिले।
- उद्देश्य: ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराना।
- अब तक 2.25 करोड़ लोगों के संपत्ति कार्ड बनाए गए।
- ड्रोन तकनीक से सर्वेक्षण, डिजिटल मैपिंग द्वारा भू-स्वामित्व।
- राजस्थान में 35,955 गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा।

## राजस्थान नवप्रसारक नीति 2025

- राजस्थान में पहली बार 5 जनवरी 2025 को जारी की गई।
- उद्देश्य:सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में शामिल करना।
- नीति लागू करने वाला विभाग:सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।

**इंफ्लुएंसर्स की श्रेणियां:**

| श्रेणी A | श्रेणी B |
|---|---|
| • 1 लाख या उससे अधिक सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स वाले इंफ्लुएंसर्स।<br>• संभाग स्तर पर 2 इंफ्लुएंसर्स का चयन।<br>• 25,000 रुपये प्रति माह मानदेय। | • 7,000 से 1 लाख सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स वाले इंफ्लुएंसर्स।<br>• संभाग स्तर पर 1 इंफ्लुएंसर और जिला स्तर पर 1-1 इंफ्लुएंसर का चयन।<br>• 15,000 रुपये प्रति माह मानदेय। |

- यह नीति 2024-25 के परिवर्तित बजट में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार हेतु घोषित की गई।

## भारत आदिवासी पार्टी (BAP) को राज्यस्तरीय पार्टी का दर्जा

- भारतीय निर्वाचन आयोग ने भारत आदिवासी पार्टी (BAP) को राज्य स्तरीय दल का दर्जा दिया।
- प्रतिनिधित्व:
- लोकसभा: 1 सांसद (राजकुमार रोत, बाँसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से)।
- विधानसभा: 4 विधायक (अनिल कटारा - चौरासी, उमेश डामोर - आसपुर, थावरचंद डामोर - धरियावद, जयकृष्ण पटेल - बागीदौरा)।

**राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**

- **विधानसभा चुनाव में:**
  - 6% वैध मत + कम से कम 2 सीटें, या
  - कुल सीटों का 3% या 3 सीटें (जो अधिक हो)।
- **लोकसभा चुनाव में:**
  - 6% वैध मत + कम से कम 1 लोकसभा सीट।
  - प्रत्येक 25 सीटों में से कम से कम 1 सीट जीतना।
- **अतिरिक्त मानदंड (2011 से लागू):**
  - 8% कुल वैध मत प्राप्त करना (लोकसभा या विधानसभा चुनाव में)।

## राजस्थान में 8 नई जिला परिषदों का गठन

- राजस्थान सरकार ने 8 नई जिला परिषदों के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- संबंधित जिले: 8 नए जिले + 12 प्रभावित जिले।
- प्रस्ताव तैयार करेंगे: संबंधित जिला कलेक्टर।
- पंचायतीराज अधिनियम के तहत, नई पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन और नवसृजन के प्रस्ताव भी तैयार होंगे।

## 16वीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र

- शुरुआत: 31 जनवरी 2025
- अधिसूचना जारी: 8 जनवरी 2025
- 31 जनवरी को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का अभिभाषण हुआ।
- **विधानसभा के पदाधिकारी:**
  - विधान सभा अध्यक्ष: वासुदेव देवनानी।
  - सदन के नेता (मुख्यमंत्री): भजनलाल शर्मा।
  - संसदीय कार्य मंत्री: जोगाराम पटेल।
  - विधानसभा के प्रमुख सचिव: भारत भूषण शर्मा।

## राजस्थान 3 नए कानूनों के लिए मॉडल स्टेट बनेगा

- 3 नए कानून:भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम
- राजस्थान को मॉडल स्टेट चुना गया, जहां इन कानूनों को पहले लागू किया जाएगा।
- थाने, जेल, और कोर्ट की कार्रवाई को ऑनलाइन करने का प्रावधान।

## पंचायतीराज संस्थाओं का पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन

- जनसंख्या मानक (2011 की जनगणना आधार)।
- **ग्राम पंचायत:**
  - सामान्य क्षेत्र: 3,000 से 5,500
  - विशेष क्षेत्र (सहरिया, मरुस्थलीय, अनुसूचित) : 2,000 से 4,000

- **पंचायत समिति:**
  - यदि 40+ ग्राम पंचायतें या 2 लाख+ आबादी हो तो पुनर्गठन।
  - पुनर्गठित पंचायत समिति में कम से कम 25 ग्राम पंचायतें होंगी।
- **ग्राम पंचायत बदलाव:**
  - 6 किमी के अंदर स्थित गाँवों को दूसरी ग्राम पंचायत में शामिल किया जा सकता है (ग्रामवासियों की मांग पर)।

### पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन हेतु मंत्रिमंडलीय उप समिति

- अध्यक्ष: मदन दिलावर (शिक्षा मंत्री)।
- सदस्य:गजेन्द्र सिंह, अविनाश गहलोत, सुमित गोदारा और जवाहर सिंह बेढम।
- अधिकार: प्रस्तावों की समीक्षा, स्वीकृति या अस्वीकृति करने का अधिकार।

### सरपंच पहली बार ग्राम पंचायत के प्रशासक बनेंगे

- 31 जनवरी 2025 को कार्यकाल समाप्त होने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच प्रशासक नियुक्त होंगे।
- प्रशासकीय कमेटी का गठन होगा, जिसमें उपसरपंच और वार्ड पंच सदस्य होंगे।
- कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त करने और कमेटी गठन के अधिकार।
- **वित्तीय शक्तियां:**
  - प्रशासक (सरपंच) और ग्राम विकास अधिकारी खातों का संचालन व वित्तीय कार्य करेंगे।
- कार्यकाल: नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत की प्रथम बैठक से एक दिन पूर्व तक।
- मध्य प्रदेश, झारखंड, और उत्तराखंड जैसे राज्यों की तर्ज पर।

### राजस्थान में पुलिस रेंज का पुनर्गठन

- गृह विभाग ने 3 पुलिस रेंज (सीकर, पाली, बांसवाड़ा) को समाप्त किया।
- अब राजस्थान में कुल 7 पुलिस रेंज और 2 पुलिस कमिश्नरेट रहेंगे।
- जयपुर और जोधपुर में पुलिस आयुक्तालय अलग से संचालित होंगे।
- पुलिस रेंजों की संख्या:
- जयपुर और जोधपुर में सबसे अधिक 8-8 पुलिस रेंज।
- नोट: जयपुर और जोधपुर के पुलिस आयुक्तालय, पुलिस रेंज से अलग हैं।

| **रेंज** | **शामिल क्षेत्र** |
|---|---|
| अजमेर रेंज | अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, टोंक, नागौर व डीडवाना-कुचामन |
| बीकानेर रेंज | बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू |
| भरतपुर रेंज | भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, सवाई माधोपुर |
| जयपुर रेंज | जयपुर ग्रामीण, कोटपुतली - बहरोड़, दौसा, अलवर, खैरथल - तिजारा, भिवाड़ी, झुंझुनूं, सीकर |
| जोधपुर रेंज | जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, पाली, सिरोही, जालौर |
| कोटा रेंज | कोटाशहर, कोटा ग्रामीण, बूंदी, बारां, झालावाड़ |
| उदयपुर रेंज | उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा व सलूंबर |

### कृष्णा पूनिया

- पूर्व ओलिंपियन कृष्णा पूनिया को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) के 5 सदस्यीय एथलीट कमीशन में निर्विरोध चुना गया।
- अन्य सदस्य: अंजू बॉबी जॉर्ज (कर्नाटक), बहादुर सिंह (पंजाब), ज्योतिर्मय सिकदर (प. बंगाल), एम. डी. वलसम्मा (केरल)
- उद्देश्य: खिलाड़ियों की समस्याओं का निराकरण।

### राजेश निर्वाण

- राजस्थान कैडर के 1992 बैच के IPS अधिकारी राजेश निर्वाण को BCAS का महानिदेशक (DG) नियुक्त किया गया।
- वर्तमान में वे राजस्थान में डीजी होमगार्ड के पद पर कार्यरत हैं।

### राजस्थान हाई कोर्ट में 3 नए जज नियुक्त

- न्यायिक अधिकारी कोटे से 3 नए जज नियुक्त:

1. चन्द्रशेखर शर्मा
2. प्रमिल माथुर (पूर्व हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल)
3. चन्द्र प्रकाश श्रीमाली

- कुल जजों की संख्या: 34 (मुख्य न्यायाधीश सहित)।
- सिफारिश: सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम (दिसंबर 2024)।

### नीरज चौधरी

- राजस्थान के पर्वतारोही नीरज चौधरी को **राजस्थान निर्वाचन विभाग के 'स्टेट आइकॉन'** घोषित किया गया।
- वे मतदाता जागरूकता अभियानों में भाग लेंगे।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी: नवीन महाजन।

### महेन्द्र सिंह

- राजस्थान के झुंझुनूं जिले के पठाना गांव के स्क्वाड्रन लीडर महेन्द्र सिंह गराटी को गणतंत्र दिवस 2025 परेड में वायु सेना का परेड कमांडर नियुक्त किया गया।

## डॉ. रामनिवास

- भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस (10 जनवरी 2025) पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने **'प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान-2025' से** सम्मानित किया।
- राजस्थान में शिक्षा प्राप्त की, वर्तमान में म्यांमार में भिक्षुओं को संस्कृत पढ़ा रहे हैं।

## डॉ. दशरथ सिंह

- 'मोस्ट एजुकेटेड पर्सन ऑफ द वर्ल्ड'
- डॉ. दशरथ सिंह शेखावत ने 108 शैक्षणिक डिग्रियों के साथ 'यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम दर्ज कराया।
- राजस्थान के झुंझुनूं जिले के खिरोड़ गांव के निवासी।
- यह उनका 8वां विश्व रिकॉर्ड है।
- पहला रिकॉर्ड (2015): 'मोस्ट क्वालिफाइड सोल्जर ऑफ इंडिया' (19 डिग्रियां)।
- डिग्रियां: इतिहास, दर्शन, समाजशास्त्र, ज्योतिष, वेद, योग, राजनीति, कानून, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, साइबर अपराध, राष्ट्रीय सुरक्षा आदि 50+ विषयों में।
- वर्तमान पद: भारतीय सेना में वरिष्ठ विधि सलाहकार।

## विक्रमसिंह राठौड़

- राजस्थान सरकार द्वारा घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु व विमुक्त जातियों के आवासीय भूखंड आवंटन अभियान के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त।
- बाड़मेर जिले के तारातरा गांव के निवासी।
- उद्देश्य: इस अभियान में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित करना।

## उदयपुर दुनिया के 31 वेटलैंड शहरों में शामिल

- उदयपुर (राजस्थान) और इंदौर (मध्य प्रदेश) को यूनेस्को के रामसर सम्मेलन द्वारा वेटलैंड शहर घोषित किया गया।
- वेटलैंड शहरों में केवल जलाशय ही नहीं, बल्कि पूरे पर्यावरण, जलीय और थलिया आवास को भी शामिल किया जाता है।

## राजस्थान का सबसे बड़ा ऑर्गेनिक कॉटन यार्न निर्यातक केंद्र

- भीलवाड़ा जैविक कपास धागे (ऑर्गेनिक कॉटन यार्न) का सबसे बड़ा निर्यातक बना।
- भारत विश्व का 50% ऑर्गेनिक कॉटन यार्न उत्पादन करता है।
- भीलवाड़ा की 5 स्पिनिंग इकाइयाँ ऑर्गेनिक कॉटन यार्न का उत्पादन कर रही हैं।
- ऑर्गेनिक कॉटन पर्यावरण और त्वचा के लिए लाभदायक होता है, इसमें कोई सिंथेटिक कीटनाशक या उर्वरक उपयोग नहीं होता।

## राजस्थान का पहला हेरिटेज आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- यह महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, जयपुर स्थापित किया गया है।
- लागत: लगभग ₹355 करोड़।
- संरचना: स्कूल, कॉलेज, लाइब्रेरी, टिंकरिंग लैब, लर्निंग सेंटर, हॉस्टल और एकेडेमिक ब्लॉक।
- आधार: टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे की तर्ज पर।

## भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल को मंजूरी

- हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित कर फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा।
- उद्देश्य: स्थानीय प्रशिक्षण और राज्य में विमानन अवसंरचना को मजबूत करना।
- प्रस्ताव: प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भी फ्लाइंग स्कूल खोलने की योजना।
- राजस्थान का पहला फ्लाइंग स्कूल: किशनगढ़ (अजमेर)।
- शुरुआत: नागरिक विमानन नीति-2024 के तहत।

## राजस्थान का पहला हिस्ट्रीशीट-हार्डकोर मॉनिटरिंग सेल

- स्थान: जयपुर कमिश्नरेट (वेस्ट)।
- उद्देश्य: आदतन अपराधियों (हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर बदमाशों) की सतत निगरानी।
- प्रमुख कार्य:
- अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी।
- अवैध संपत्तियों की कुर्की और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना।

## अजमेर के रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

- स्थान: सिंगावल, अजमेर।
- विशेषता: देश का पहला अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग टेस्ट सेंटर घोषित।
- समझौता: भारतीय और सऊदी अरब सरकारों के बीच।
- महत्व: सऊदी अरब में ड्राइविंग के इच्छुक भारतीयों को यहां ड्राइविंग टेस्ट देना अनिवार्य।
- सफल परीक्षण के बाद: सऊदी अरब सरकार से ड्राइविंग लाइसेंस और वीजा मिलेगा।
- प्रशिक्षण सुविधा: कौशल विकास निगम के स्किल वेरिफिकेशन प्रोग्राम के तहत विदेशों में रोजगार के लिए आवश्यक टेस्टिंग सुविधा।

## राजस्थान की पहली सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना

- स्थान: बूंदी जिले की मेज नदी।
- उद्देश्य:सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन और डिस्कॉम को बेचना व किसानों को नि:शुल्क पानी उपलब्ध कराना।

- **तकनीकी विशेषताएँ:**
  - 167 किलोवाट के 2 सोलर प्लांट।
  - 522 सौर ऊर्जा प्लेटें स्थापित।
- लाभ: किसानों को सिंचाई सुविधा, ऊर्जा बचत और राजस्व वृद्धि।

## पीएम-ई ड्राइव योजना में जयपुर और उदयपुर चयनित

- उद्देश्य: ई-चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास।
- चयन: जयपुर और उदयपुर सहित 40 शहर।
- महत्व: टियर-2 और टियर-3 शहरों को भी शामिल किया गया।
- **सब्सिडी:**
  - केंद्र सरकार द्वारा 80% सब्सिडी; विशेष परिस्थितियों में 100% तक।
  - देशभर में 72,300 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
- ईवी चार्जिंग स्टेशन चयन का आधार: शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या।
- रैंकिंग:दिल्ली शीर्ष पर है और जोधपुर और उदयपुर सूची में सबसे निचले स्थान पर।

## डूंगरपुर के खड़गदा गांव को जल संरक्षण में विशेष स्थान

- घोषणा: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा।
- महत्व: "कैच द रैन" अभियान में उल्लेखनीय कार्य के कारण जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर विशेष स्थान।

## दिव्यांगजनों के लिए समेकित कौशल विकास पुनर्वास केंद्र

- स्थान: जामडोली, जयपुर।
- उद्देश्य: दिव्यांगजनों को रोजगार और पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करना।
- विशेषता:क्रॉस डिसेबिलिटी हस्ताक्षेपन केंद्र जहाँ चिकित्सा और शिक्षा सुविधाएँ उपलब्ध।
- अनुमानित लागत: ₹30 करोड़।

## श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर) में यातायात पार्क

- स्थापना: श्रीकरणपुर नगरपालिका द्वारा।
- उद्देश्य: सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाकर दुर्घटनाओं में कमी लाना।
- **विशेषताएँ:**
  - यातायात नियमों की जानकारी, संकेतक, वॉल पेंटिंग।
  - नियम उल्लंघन से होने वाले नुकसान को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

## राजस्थान पेट्रो जोन के लिए भूमि आवंटन

- स्थान: पचपदरा रिफाइनरी के पास।
- **भूमि आवंटन:**
  - ग्राम सिन्धियों की ढाणी: 74.50 हेक्टेयर।
  - ग्राम खेमाबाबा नगर: 102 हेक्टेयर।

## भीलवाड़ा जिले के पीपलून्द में नया औद्योगिक क्षेत्र

- घोषणा: राजस्थान बजट 2024-25 के तहत।
- स्थान: जहाजपुर तहसील, ग्राम पीपलून्द।
- भूमि आवंटन: 31 हेक्टेयर।

## जैसलमेर के बोडाना गांव में 2,000 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट

- संस्थान: राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट लिमिटेड।
- स्थान: नाचना तहसील, ग्राम बोडाना।

## राजस्थान में 31 एम- सैंड यूनिट स्थापित होगी

- राजस्थान में बजरी के विकल्प के रूप में 15जिलों में 31 एम सैंड इकाइयाँ स्थापित की जाएगी।

| | |
|---|---|
| 3 एम सैंड इकाइयाँ | बून्दी,डूंगरपुर और प्रतापगढ़ |
| 2 एम सैंड इकाइयाँ | अजमेर, नागौर,सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़,जयपुर, झुंझुनूं, बारां, पालीऔर सीकर |
| 1 एम सैंड इकाइयाँ | कोटपूतली और दौसा |

**नोट:** राजस्थान में नवीन एम सैंड नीति 4 दिसंबर 2024 को लॉन्च की गई थी।

## थबुकड़ा (जोधपुर) और रामगंजमंडी (कोटा) में बालिका सैनिक स्कूल

- घोषणा: राजस्थान बजट 2024-25 के तहत प्रत्येक संभाग में सैनिक स्कूल खोलने का प्रावधान।

## राजस्थान पेट्रो जोन के लिए भूमि आवंटन

- स्थान: पचपदरा तहसील (बालोतरा)।
- **भूमि आवंटन:**
  - ग्राम बोरावास: 97 हेक्टेयर।
  - ग्राम बागुण्डी: 26 हेक्टेयर।

## भिवाड़ी-नीमराणा में इंडस्ट्रियल पार्क

- प्रस्ताव: सिंगापुर की इंडस्ट्रियल पार्क डेवलपर कंपनी सेम्बकॉर्प द्वारा।
- स्थान: खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन (KBINR)।
- क्षेत्रफल: 500-600 हेक्टेयर।
- उद्देश्य: अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंटीग्रेटेड और सस्टेनेबल औद्योगिक पार्क विकसित करना।

## EPCH का पहला डॉमेस्टिक फेयर

- आयोजन: 23-26 जनवरी।
- स्थान: ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (TFC), बोरानाडा(जोधपुर)।
- **महत्व:**
  - हैंडीक्राफ्ट फर्नीचर का निर्यात 35 वर्षों में ₹45,000 करोड़ तक पहुँचा।

## राजस्थान में गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

- स्थान: उदयपुर।
- **पूर्व संध्या पर आयोजन:**
  - "एट होम" कार्यक्रम।
  - सांस्कृतिक कार्यक्रम।

## किशोरपुरा थाना (कोटा) – सर्वश्रेष्ठ थाना पुरस्कार

- स्थान: कोटा जिला।
- पुरस्कार: केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सत्यापन के पश्चात दिया गया।
- **आधार:**
  - साफ-सफाई, कैदियों एवं पुलिसकर्मियों की सुविधाएँ।
  - क्राइम रेट एवं अपराध नियंत्रण की कार्रवाई।
  - अपराध दर में कमी (पिछले वर्ष से 40% की गिरावट)।

## उदयपुर एयरपोर्ट – बच्चों के लिए बाल चौपाल

- स्थान: महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, डबोक (उदयपुर)।
- **विशेषता:**
- 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विशेष गेम एरिया।
- ऐसा क्षेत्र विकसित करने वाला AAI का पहला एयरपोर्ट।

## मथुराधीश कॉरिडोर (कोटा)

- स्थान: नंदग्राम (पाटनपोल), कोटा।
- वल्लभ कुल सम्प्रदाय के मथुराधीशजी (प्रथमेश) मंदिर के लिए कॉरिडोर।
- नंदग्राम को हैरिटेज लुक दिया जाएगा।
- मंदिर को चंबल रिवरफ्रंट से जोड़ा जाएगा।
- लागत: ₹125 करोड़।
- तीन चरणों में निर्माण होगा।

## जयपुर स्कल्पचर पार्क – पाँचवाँ संस्करण

- स्थान: जयगढ़ किला, जयपुर।
- आयोजक: जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट।
- **प्रदर्शनी:**
  - समकालीन मूर्तिकला की विविधता।
  - कांस्य, स्टेनलेस स्टील, प्लास्टिक, सिरेमिक, पत्थर, फाइबर व लकड़ी की मूर्तियाँ।
- पहला स्कल्पचर पार्क: 2017, नाहरगढ़ किला।

## राजस्थान का सबसे बड़ा रनवे

- कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर होगा।
- रनवे लंबाई: 3,200 मीटर (राजस्थान का सबसे बड़ा)।
- **विशेषताएँ:**
  - अत्याधुनिक इंस्ट्रूमेंटल लैंडिंग सिस्टम (ILS)।
  - जयपुर के बाद कोटा में इमरजेंसी लैंडिंग सुविधा।
  - हर मौसम में छोटे से बड़े विमानों की लैंडिंग संभव।

## राजस्थानसे 3 को पद्मश्री 2025 सम्मान

- केंद्र सरकार द्वारा 139 हस्तियों को पद्म पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।
- राजस्थान से पद्म श्री 2025 से सम्मानित 3 व्यक्तित्वों में निम्नलिखित शामिल है-

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री शीन काफ निजाम (शिव किशन बिस्सा) | साहित्य एवं शिक्षा | जोधपुर |
| 2. | श्रीमती बेगम बतूल | कला | जयपुर |
| 3. | श्री बैजनाथ महाराज | अध्यात्म | सीकर |

## मेजर मिनरल ब्लॉक ऑक्शन में राजस्थान को पहला पुरस्कार

- पुरस्कार: एक्जेम्प्लेरी परफॉर्मेंस इन मिनरल ब्लॉक ऑक्शन (2023-24)।
- स्थान: कोणार्क, ओडिशा।
- प्राप्तकर्ता: राजस्थान खान विभाग के प्रमुख सचिव श्री टी. रविकान्त।
- उपलब्धि: देश में सर्वाधिक 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी।
  - 22 माइनिंग लीज।
  - 9 कंपोजिट लाइसेंस।
- **खनिज वितरण:**
  - लाइमस्टोन – 22 ब्लॉक।
  - बेसमेटल – 5 ब्लॉक।
  - आयरन – 4 ब्लॉक।

## जयपुर की मोना अग्रवाल को अर्जुन अवॉर्ड

- तारीख: 17 जनवरी 2025।
- सम्मानित खिलाड़ी: मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाज, जयपुर)।
- **उपलब्धि:**
  - पेरिस पैरालंपिक 2024 में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में कांस्य पदक।
- पैरा-शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अर्जुन पुरस्कार।

## राजस्थान के 6 जल योद्धा दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के विशेष मेहमान

- उपलब्धि: जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट योगदान।
- सम्मानित व्यक्ति:धापू देवी, अर्जुन कुमार सुमन, मोहिनी देवी, हिंदू सिंह, सोनिया कुमारी सैनी और मुकेश गुर्जर।
- आमंत्रण: गणतंत्र दिवस समारोह, दिल्ली (केंद्र सरकार द्वारा)।

## राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड

- यह अवॉर्ड राज्य सरकार12 जनवरी 2025 को दिया गया।
- क्षेत्र: कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता आदि।
- आयु वर्ग: 15-29 वर्ष।

**पुरस्कार विजेता**

| विजेता | जिला |
|---|---|
| प्रिंस तिवारी, तनु प्रजापत, धर्मा जाट, प्रिया राठौड़, यश गर्ग | जयपुर |
| जयदीप पांचाल | अलवर |
| पूजा शर्मा एवं वंशिका शर्मा | झुंझनूं |
| नितेश कुमार शर्मा | नागौर |
| गौरी माहेश्वरी | अजमेर |
| युधिष्ठिर मीणा | भीलवाड़ा |

## मेजर जनरल आलोक राज को पर्यावरण संरक्षण सम्मान

- सम्मान: राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा सम्मानित।
- स्थान: सप्त शक्ति कमांड, जयपुर मिलिट्री स्टेशन।
- पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा में योगदान हेतु सम्मानित।
- पिछले 3 वर्षों में 50,000+ पेड़ लगाए।
- पद: राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष।

## आईजी सत्येन्द्र सिंह और सत्यप्रिया सिंह

- सम्मान: राष्ट्रपति पुलिस पदक (विशिष्ट सेवा हेतु)।
- चयनकर्ता: केंद्रीय गृह मंत्रालय।
- आईजी विकास कुमार सहित 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक।

## एडीजी एस. सेंगाथिर और सचिन मित्तल

- कार्यक्रम: गणतंत्र दिवस, महाराणा भूपाल स्टेडियम, उदयपुर।
- **राष्ट्रपति पुलिस पदकसम्मानित अधिकारी:**
    - एडीजी एस. सेंगाथिर।
    - सचिन मित्तल।

## वेदांता समूह से नंद घर निर्माण हेतु एमओयू

- तारीख: 20 जनवरी 2025।
- साझेदारी: राजस्थान सरकार एवं वेदांता समूह (अनिल अग्रवाल फाउंडेशन)।
- **उद्देश्य:**
    - राज्य में 25,000 नए नंद घर स्थापित करना।
    - कुपोषण उन्मूलन एवं प्रारंभिक बाल शिक्षा को बढ़ावा देना।
- **सुविधाएँ:**
    - स्मार्ट लर्निंग टूल्स, डिजिटल सुविधाएँ, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय।
    - घोषणा: राइजिंग राजस्थान समिट में अनिल अग्रवाल द्वारा।

## रूफटॉप सोलर हेतु डिस्कॉम्स एवं टाटा पावर रिन्युएबल एनर्जी एमओयू

- तारीख: 31 जनवरी 2025
- उद्देश्य: पीएम सूर्य घर नि:शुल्क बिजली योजना को प्रोत्साहन।
- साझेदार: राजस्थान के तीनों बिजली वितरण निगम (DISCOMs) एवं टाटा पावर रिन्युएबल एनर्जी।
- लक्ष्य: राज्य में 5 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाना।
- लाभ: रजिस्ट्रेशन से इंस्टालेशन तक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाना।

## राजस्थान सरकार और बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र एमओयू

- तारीख: 6 जनवरी 2025।
- **ऋण प्रावधान:**
    - बैंक ऑफ बड़ौदा: 2025-2030 (6 वर्षों तक) प्रतिवर्ष ₹ 20,000 करोड़।
    - बैंक ऑफ महाराष्ट्र: प्रतिवर्ष ₹ 10,000 करोड़।
    - कुल: हर साल ₹ 30,000 करोड़ का ऋण।
- **उपयोग:**
    - आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकास।
    - बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता क्षेत्र में निवेश।
- परियोजना: 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत 5 वर्षों की कार्य योजना।
- लक्ष्य:बुनियादी ढांचे का उन्नयन और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $350 बिलियन तक पहुँचाना।

## पैरा एशिया कप – 2025

- स्थान: बैंकॉक, थाईलैंड (2-11 फरवरी)।
- चयनित खिलाड़ी: बीकानेर के श्याम सुंदर स्वामी (कंपाउंड कैटेगरी) और धनाराम गोदारा (रिकर्व कैटेगरी)।
- श्याम सुंदर स्वामी पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भी भाग ले चुके हैं।

## जयपुर ओपन चेस टूर्नामेंट

- तिथि: 25-26 जनवरी, 2025।
- विजेता: पश्चिम बंगाल के ग्रैंड मास्टर मित्रभा गुहा।
- **राजस्थान खिलाड़ी:**
    - अंडर-9: अभिवादन भादुका (प्रथम)।
    - अंडर-7: वीथिका कौशल (प्रथम)।
    - बेस्ट राजस्थान खिलाड़ी: विक्रमादित्य मुखीजा (प्रथम), रिषेण जिलोवा (द्वितीय), प्रतीक चौधरी (तृतीय)।

## टेबल टेनिस – इंडियन मास्टर्स चैंपियनशिप

- स्थान: मुंबई।
- पदक: राजीव अग्रवाल और श्रीकिशन माहेश्वरी ने कांस्य पदक जीता।

## वेदांता हिंदुस्तान जिंक इनविटेशन कप

- बेस्ट CII गोल्फर: जसवंत सिंह मील।
- **अन्य पुरस्कार:**
    - बेस्ट वेटरन गोल्फर: अंशुमन गुप्ता।
    - बेस्ट लेडी गोल्फर: रितु ओबेरॉय।
    - हैंडीकैप (18-24): गौरव रूंगटा (विजेता)।

## वेलिंग्डन ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप

- राजस्थान की दिव्यांशी जैन (अंडर-13 गर्ल्स चैंपियन)।
- फाइनल: महाराष्ट्र की क्यारा गड़ा को 11-4, 11-6, 11-2 से हराया।

## ऑल इंडिया सीनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट

- स्थान: बेंगलुरु।
- स्वर्ण पदक विजेता: मोहम्मद अमान (टोंक) और डिंकू सिंह (मणिपुर) – पुरुष डबल्स कैटेगरी।
- फाइनल मुकाबला: दिल्ली के भव्य छाबड़ा और परम चौधरी को 21-13, 21-12 से हराया।

## 43वीं सीनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप

- स्थान: पुरी, ओडिशा (17-19 जनवरी 2025)।
- पदक: राजस्थान की पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता। (वर्ष 2024 – स्वर्ण पदक)
- महिला टीम प्रदर्शन: चौथा स्थान।

## सब जूनियर राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप

- स्थान: पुणे (18-20 जनवरी 2025)।
- राजस्थान के पदक: 1 स्वर्ण, 2 कांस्य।
- स्वर्ण पदक: राहुल खारोल (बालक वर्ग, 60 किग्रा)।
- कांस्य पदक:
    - दृष्टि (बालिका वर्ग, 44 किग्रा)।
    - कृष्णा मालाकार (बालिका वर्ग, 57 किग्रा से अधिक)।

## शतरंज – ओपन क्लासिकल फिडे रेटिंग रैपिड चैंपियनशिप

- स्थान: जयपुर (25-26 जनवरी 2025, पहली बार आयोजन)।
- आयोजक: JHW, जयपुर डिस्ट्रिक्ट चैस एसोसिएशन, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, नारायण हेल्थ।
- **प्रतिभागी:**
    - उम्र सीमा: 3 से 85 वर्ष।
    - संख्या: 500+ शतरंज खिलाड़ी।
    - विशेष खिलाड़ी: 20+ अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी।

## राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप

- स्थान: जयपुर (11-13 जनवरी 2025)।
- प्रतिभागी: देशभर से 250+ पैरा तीरंदाज।
- इवेंट: रिकर्व, कंपाउंड, इंडियन राउंड (महिला और पुरुष)।
- प्रमुख खिलाड़ी: पैरालिंपिक पदक विजेता शीतल देवी, 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी।
- उपस्थिति: पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया।

## नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता

- स्थान: गोवा।
- पदक विजेता: अमीश शिवदास – स्वर्ण और कांस्य पदक (राजस्थान के लिए)।

## 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप

- स्थान: नई दिल्ली।
- **पदक विजेता (राजस्थान के लिए):**
    - ट्रैप सीनियर मैन टीम: विवान कपूर, अली अमन ईलाही, आदित्य भारद्वाज – स्वर्ण पदक।
    - ट्रैप जूनियर मैन व्यक्तिगत: विनय प्रताप सिंह चंद्रावत – स्वर्ण पदक।
    - ट्रैप जूनियर मैन टीम: विनय प्रताप सिंह चंद्रावत, उद्धव सिंह, पृथ्वीराज सिंह राठौड़ – रजत पदक।
    - 10 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत जूनियर पुरुष: आकाश भारद्वाज, ओमप्रकाश मिठारवाल, योगेश कुमार – रजत पदक।
    - 10 मीटर पिस्टल जूनियर मैन सिविलियन चैम्पियनशिप: मयंक चौधरी, आर्यन कुमार, अंशुल – कांस्य पदक।
    - 10 मीटर पिस्टल जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप: अजीत शर्मा, संदीप बिश्नोई, उमेश चौधरी – कांस्य पदक।

## अनुष्का भाटी

- इवेंट: 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप।
- डबल ट्रैप सीनियर टीम इवेंट: गीतांजलि और रुद्राक्षी के साथ रजत पदक।
- व्यक्तिगत स्पर्धा: कांस्य पदक।

## हर्षवर्धन कविया

- इवेंट: डबल ट्रैप प्रतिस्पर्धा।
- पदक: 2 रजत पदक (व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा)।

## ख्वाइश शर्मा

- स्थान: भोपाल।
- इवेंट: 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप।
- पदक: 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक।

## 41वीं एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

- स्थान: जयपुर (राजस्थान)।
- **पदक विजेता (राजस्थान के लिए):**
    - व्यक्तिगत 30 मीटर स्पर्धा: प्रतिभा कंडारा – स्वर्ण पदक।
    - छात्र टीम इवेंट: शोभित जांगिड़, हिमेश युवराज, यतिन निनामा – रजत पदक।
    - मिक्स टीम इवेंट: शोभित जांगिड़ और प्रतिभा कंडारा – रजत पदक।
    - टीम इवेंट: सचिन चेजी, देवांश सिंह, प्रदुमन यादव – कांस्य पदक।

## दीवांश सिंह

- इवेंट: 41वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता।
- कंपाउंड इवेंट व्यक्तिगत: मानव यादव (महाराष्ट्र) को हराकर स्वर्ण पदक।
- कंपाउंड पुरुष वर्ग टीम: कांस्य पदक।
- रिकर्व कैटेगरी: 2 रजत पदक।

## सीनियर राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप

- आयोजन: 4-6 जनवरी, नई दिल्ली में।
- राजस्थान ने पहली बार ओवरऑल ट्रॉफी जीती (2 स्वर्ण, 1 रजत)।
- गुजरात उपविजेता (2 स्वर्ण, 2 कांस्य)।
- **पदक विजेता (राजस्थान)**
    - स्वर्ण: मोनिका चौधरी (48 किग्रा), आकाश (81 किग्रा)।
    - रजत: हिमांशु चौधरी (60 किग्रा)।

## 69वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप

- 7-13 जनवरी, जयपुर में।
- पुरुष वर्ग: केरल विजेता।
- महिला वर्ग: रेलवे विजेता।

## एशियाई रोल बॉल चैंपियनशिप (गोवा)

- गुंजन कुमावत (राजस्थान) ने स्वर्ण पदक जीता।
- भारतीय टीम ने फाइनल में ईरान को 3-2 से हराया।

## 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप (हरिद्वार)

- राजस्थान की पुरुष व महिला दोनों टीमों ने कांस्य पदक जीता।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप (बरेली)

- हर्ष चौधरी (राजस्थान) ने 85-90 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## अनिल जोशी

- बीकानेर(राजस्थान)से है।
- पैरा एशिया कप (2-11 फरवरी, बैंकॉक) हेतु भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम के कोच नियुक्त।

## भारतीय एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी महासंघ

- डॉ. आशुतोष पंत (19 जनवरी) को नए अध्यक्ष चुने गए।
- रमेश सिंह पुनः महासंघ के सचिव बने।
- 2025 नेशनल लीग जयपुर, ग्वालियर, पणजी में होगी।

## विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ

- निर्मला रावत (जयपुर) नई अध्यक्ष नियुक्त।

## राजस्थान राज्य कुश्ती संघ

- राजीव दत्ता अध्यक्ष, उम्मेद सिंह सचिव नियुक्त।
- राजीव दत्ता पूर्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी रहे हैं।

## लू-तापघात को "राज्य विशेष प्राकृतिक आपदा" घोषित

- 23 दिसंबर 2024 को राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी की।
- आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा घोषित।
- प्रभावित लोगों को SDRF मानकों के अनुसार राहत दी जाएगी।
- यह निर्णय समय पर और उचित सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## रैबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित

- "राजस्थान एपिडेमिक डिजीज (रैबीज) रेगुलेशन - 2024" के तहत अधिसूचित।
- सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए रैबीज की रिपोर्टिंग अनिवार्य।
- **रोकथाम और निगरानी के लिए प्रावधान:**
    - जिला स्तर पर जूनोटिक समिति और सिटी टास्क फोर्स का गठन।
    - स्टेट एक्शन प्लान फॉर रैबीज एलीमिनेशन 2030 लागू।
    - PHC और CHC में एंटी-रैबीज वैक्सीन और इम्यूनोग्लोबुलिन उपलब्धता सुनिश्चित।
    - स्टेट नोडल अधिकारी द्वारा निगरानी एवं निरीक्षण अधिकारियों की नियुक्ति।

## सीकर, अलवर और बाड़मेर में महिला बटालियन को मंजूरी

- 3 नई महिला पुलिस बटालियन स्थापित करने की स्वीकृति।

1. पद्मिनी बटालियन – सीकर
2. कालीबाई बटालियन – अलवर
3. अमृता देवी बटालियन – बाड़मेर

- 2024-25 बजट में इन बटालियनों की घोषणा की गई थी।
- प्रत्येक बटालियन में एक कमांडेंट नियुक्त होगा।
- वर्तमान में 18 बटालियन हैं, नई बटालियनों के बाद कुल संख्या 21 होगी।
- राजस्थान की पहली महिला बटालियन "हाड़ी रानी" 2008 में अजमेर में स्थापित हुई थी।
- नई बटालियनों के साथ राजस्थान में कुल 4 महिला बटालियन होंगी।

- राजस्थान आरएसी की 14 बटालियन समेत अन्य विशेष बटालियन भी कार्यरत हैं।

### औद्योगिक सुरक्षा बल (RISF) के गठन की योजना निरस्त

- राजस्थान सरकार ने CISF की तर्ज पर RISF गठित करने की पूर्व सरकार की योजना रद्द की।
- बजट 2022-23 में भिवाड़ी, बालोतरा और चित्तौड़गढ़ में RISF की स्थापना की घोषणा की गई थी।

### शाश्वत यौगिक खेती का मॉडल

- ब्रह्मकुमारीज संस्था के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग ने 28 जनवरी 2025 को जयपुर के जाहोता में इस मॉडल का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य: किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए प्रेरित करना।
- महिला सशक्तीकरण पहल के तहत राजऋषि दीदी की रसोई एवं पोषण वाटिका का भी उद्घाटन।
- इससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने और जैविक कृषि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### राजस्थान में स्टेट टेस्टिंग एजेंसी (STA) का गठन

- राज्य सरकार NTA की तर्ज पर स्टेट टेस्टिंग एजेंसी (STA) बनाएगी।
- नोडल डिपार्टमेंट: राज्य कार्मिक विभाग।
- STA के तहत पहले चरण में प्री D.El.Ed, PTET जैसी परीक्षाएं होंगी।
- दूसरे चरण में पीएचडी, पीजी और मैनेजमेंट कोर्स की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।
- सरकार STA के तहत प्रत्येक जिले में जिला परीक्षण एजेंसी की स्थापना करेगी।

### राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर युवा संसद

- आयोजन: 24-25 जनवरी 2025, राजस्थान विधानसभा।
- पहल: राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।
- आयोजक: राष्ट्र मंडल संसदीय संघ, राजस्थान शाखा।
- उद्देश्य: पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना।

### पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा

- 16 जनवरी 2025 कोटा में शुरू की गई।
- पहल: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के "स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम" के तहत।
- उद्देश्य: विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट आवेदन, बायोमैट्रिक और वेरीफिकेशन की सुविधा प्रदान करना।

### 5,000 मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन

- केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम कुसुम योजना (कम्पोनेंट-ए) के तहत राजस्थान को 5,000 मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन स्वीकृत किया।
- इससे राज्य में सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा।
- वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य में सहायता मिलेगी।

### शहरी निकायों के पुनर्गठन हेतु कैबिनेट सब कमेटी

- राजस्थान सरकार ने 16 जनवरी 2025 को शहरी वार्डों और निकायों के पुनर्गठन के लिए कैबिनेट सब कमेटी गठित की।
- संयोजक: यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा।
- सदस्य: जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन मंत्री संजय शर्मा, सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक।
- 2019 में जयपुर, जोधपुर और कोटा में एक की जगह दो नगर निगम बनाए गए थे, अब पुनर्गठन किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (IYC) - राज्य स्तरीय एपेक्स समिति

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में IYC राज्य एपेक्स समिति गठित।
- उद्देश्य: सहकारिता वर्ष 2025 के कार्यक्रमों की निगरानी, समर्थन और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- यह समिति राज्य में सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 8वीं आर्थिक गणना हेतु राज्य स्तरीय समिति

- केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा 8वीं आर्थिक गणना (2025-26) कराई जाएगी।
- मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित।
- आर्थिक गणना के तहत राज्य की औद्योगिक इकाइयों, उद्यमों की स्थिति, स्वामित्व, वित्तीय प्रबंधन, और रोजगार संबंधित जानकारी संकलित की जाएगी।

### प्रवासी राजस्थानियों के लिए राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर

- 5 नए घरेलू चैप्टर: भुवनेश्वर, दिल्ली, पुणे, रांची, गुवाहाटी।
- 9 नए अंतर्राष्ट्रीय चैप्टर: दुबई (यूएई), म्यूनिख (जर्मनी), रियाद (सऊदी अरब), टोक्यो (जापान), सिंगापुर, दोहा (कतर), मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), नैरोबी (केन्या), कंपाला (युगांडा)।
- उद्देश्य: प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध मजबूत करना।
- 12 मौजूदा चैप्टर भी पुनर्जीवित किए जाएंगे।
- नोट: 10 दिसंबर 2024 को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन आयोजित हुआ था।

### यमुना जल समझौते हेतु राजस्थान-हरियाणा संयुक्त टास्क फोर्स

- 7 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में हुई बैठक में निर्णय।

- टास्क फोर्स DPR तैयार करेगी, अपर यमुना रिवर बोर्ड तकनीकी सहयोग देगा।
- 17 फरवरी 2024 को राजस्थान, हरियाणा और केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौता।
- प्रथम चरण: चुरू, सीकर, झुंझुनूं सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति।
- **द्वितीय चरण:**
  - चुरू: 35,000 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र।
  - झुंझुनूं: 70,000 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र।

## राजस्थान में 150 बीज बैंक स्थापित होंगे

- दुर्लभ पौष्टिक घास और चारे के पेड़ों के बीज संग्रहण हेतु 150 बीज बैंक।
- सेवण, धामन घास और वन चारे के पौधों के बीज संकलन पर जोर।
- **संस्थानों द्वारा संचालन:**
  - वन विभाग: 32 बीज बैंक।
  - जलग्रहण विकास विभाग: 72 बीज बैंक।
  - NGO: 46 बीज बैंक।
- **प्रमुख जिले:**
  - उदयपुर (30), जयपुर (13), चित्तौड़गढ़ (10), भीलवाड़ा (11), राजसमंद (16), बीकानेर (2), जोधपुर (5) आदि।
- लाभ: बंजर चरागाहों व वन क्षेत्रों में घास और पेड़ों के बीजों का रोपण, चरवाहों को चारे की उपलब्धता।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025

- आयोजन अवधि: 1 से 31 जनवरी 2025
- थीम: 'परवाह'।
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह: 11-17 जनवरी 2025
- कार्यक्रम: यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान, कार्यशालाएँ, कार्यक्रम।

## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव

- उद्घाटन: 9 जनवरी 2025, जोधपुर
- उद्देश्य: प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहित करना

**हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की पहल**

- राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 और एक जिला, एक उत्पाद (ODOP) नीति लागू
- केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना में राज्य सरकार द्वारा 2% अतिरिक्त अनुदान
- जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल स्थापित होगा
- हस्तशिल्प, हैंडलूम और MSME के 50 नए क्लस्टर विकसित किए जाएंगे

## भारत सोलर एक्सपो 2025

- चौथा संस्करण: 17-19 जनवरी, सीतापुरा (जयपुर)
- आयोजक: ऊर्जा विभाग और राजस्थान सोलर एसोसिएशन (RSA)
- देशभर की सोलर कंपनियों ने 10,000 करोड़ रु. के 125 MoU किए

## स्टार्टअप का वैश्विक सम्मेलन (टाई ग्लोबल समिट)

- आयोजन: दिसंबर 2025, जयपुर
- राजस्थान में 5,000 रजिस्टर्ड स्टार्टअप
- **राज्य सरकार की स्टार्टअप फंडिंग:**
  - प्री-सीड ग्रांट: 2.40 लाख रु. (महिला स्टार्टअप के लिए 60 हजार रु. अतिरिक्त)
  - वायबिलिटी ग्रांट: 60 लाख रु.
  - स्केल-अप फंड: 2 करोड़ रु.
  - इक्विटी फंडिंग: 5 करोड़ रु. तक

## ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम (GSTF) 2025

- 10वां संस्करण: 9-10 जनवरी 2025, किशनगढ़
- औद्योगिक भूमि नीलामी प्रक्रिया समाप्त, RIICO द्वारा सीधा आवंटन
- **प्रमुख चर्चा विषय:**
  - स्टोन इंडस्ट्री अपशिष्ट प्रबंधन
  - स्टोन प्रोसेसिंग में उन्नत तकनीक
- देशभर के 500 उद्यमियों की भागीदारी

## राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास शिविर

- आयोजन: 10-12 जनवरी 2025, उदयपुर
- विषय: महिलाओं एवं बच्चों से जुड़ी योजनाओं, नवाचारों और क्रियान्वयन संबंधी चर्चा
- प्रतिभागी: सभी राज्यों के महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री, सचिव एवं अधिकारी

## जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025

- आयोजन: 17-21 जनवरी 2025, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर
- विशेषता: पहली बार भोजपुरी फिल्मों को शामिल किया गया
- **प्रमुख पुरस्कार:**
  - बेस्ट एक्टर: देवेश रंजन, प्रकाश झा
  - बेस्ट एक्ट्रेस: सीमा बिस्वास
  - बेस्ट चिल्ड्रंस फिल्म: कैकुट्टई रानी / रूमाल रानी
  - बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंटरी: मेड इन पैराडाइज
  - बेस्ट डायरेक्टर: पार्थसारथी महंत (अनसुनि चिंखे)

## अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 2025

- आयोजन: 10-12 जनवरी 2025, बीकानेर
- आयोजक: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, बीकानेर
- विशेष आयोजन: हेरिटेज वॉक, कबड्डी, सैंड आर्ट, खो-खो, घुड़दौड़, टग ऑफ वार आदि

## CSIR-CEERI की सेमीकंडक्टर चिप तकनीक

- संस्थान: CSIR-CEERI पिलानी (झुंझुनूं)
- **विशेषता:**
    - लाल, नीली, हरी और सफेद रोशनी उत्पन्न करने में सक्षम
    - बिजली की कम खपत वाली स्वदेशी एलईडी तकनीक
    - ऑटोमोबाइल, चिकित्सा, कृषि, संचार, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में उपयोगी
- निदेशक: डॉ. पी.सी. पंचारिया

## स्वदेशी एंडोस्कोप का विकास

- संस्थान: CSIR-CEERI, पिलानी
- **विशेषता:**
    - विदेशी एंडोस्कोप से 5 गुना बेहतर गुणवत्ता
    - पोर्टेबल और उन्नत छवि गुणवत्ता
    - शल्य चिकित्सा में सहायक

## भीमथड़ी घोड़ों की 8वीं नस्ल को मान्यता

- संस्थान: राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, बीकानेर
- **विशेषता:**
    - केंद्र सरकार द्वारा भीमथड़ी नस्ल को आधिकारिक मान्यता
    - राजपत्र में प्रकाशित, जिससे प्रजनकों के अधिकार सुनिश्चित होंगे

## देश के तेजी से उभरते शहरों में जयपुर दूसरे स्थान पर

- कोलियर्स रिपोर्ट 'भारत के टॉप 30 उभरते शहर' में नागपुर पहले और जयपुर दूसरे स्थान पर।
- आकलन के मापदंड: इन्फ्रास्ट्रक्चर, जनसंख्या और आर्थिक कारक।

**टॉप-5 शहर:**

1. नागपुर
2. जयपुर
3. लखनऊ
4. पटना
5. कोच्चि

## विधानसभा सत्र की अवधि में राजस्थान का स्थान

- 2017-2023 के विश्लेषण में राजस्थान 8वें स्थान पर।
- औसत विधानसभा सत्र: प्रतिवर्ष 29 दिन (नियमानुसार 60 दिन होना चाहिए)।
- टॉप राज्य: केरल (44 दिन प्रतिवर्ष)
- सबसे कम सत्र चलाने वाले राज्य: हरियाणा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड (10-15 दिन)।

## आभा आईडी निर्माण में राजस्थान

- लगभग 6 करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई गई।
- **देश में दूसरा स्थान।**
- 11,571 संस्थान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में क्रियाशील।

## राइजिंग राजस्थान समिट में एमओयू रैंकिंग

- 35 लाख करोड़ के निवेश एमओयू (10,640 कंपनियों के साथ)।
- ऊर्जा क्षेत्र में 26 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, अन्य उद्योगों में 9 लाख करोड़।
- मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 3.28 लाख करोड़ के प्रस्ताव।
- पर्यटन क्षेत्र निवेश में 5वें स्थान पर।

| क्षेत्र | निवेश प्रस्ताव (करोड़ रुपये में) | एमओयू |
|---|---|---|
| ऊर्जा | 26,07,804.45 | 531 |
| विनिर्माण | 3,28,151.8 | 3675 |
| खनन | 1,72,709.46 | 1034 |
| शहरी इंफ्रा | 1,21,617.08 | 637 |
| पर्यटन | 73,813.91 | 1156 |

## निरोगी राजस्थान दवा योजना

- राजस्थान के चिकित्सा विभाग द्वारा जारी मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान दवायोजना (MNNRDY) की दिसंबर 2024 की जारी रैंकिंग में बीकानेर पहले स्थान पर है।
- इसमें जयपुर 10वें स्थान पर है, जबकि जैसलमेर जिला 34वें स्थान पर है।

**टॉप-5 जिले**

1. बीकानेर
2. हनुमानगढ़
3. श्रीगंगानगर
4. डूंगरपुर
5. सीकर

## राजस्थान लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट (2025)

- प्रस्तुति: 1 जनवरी, 2025 को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को सौंपी गई।
- विषयवस्तु: लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई, जांच और निष्कर्ष।
- वर्तमान लोकायुक्त: न्यायमूर्ति प्रताप कृष्ण लोहरा।
- मुख्यालय: जयपुर।
- प्रक्रिया: राज्यपाल रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे।

## वर्क प्लेस रिपोर्ट 2024

- जारीकर्ता: वर्क प्लेस कल्चर कंसल्टिंग फर्म 'अवतार'।
- शीर्षक: Top Cities for Women in India-TCWI।
- महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित 5 शहर: बेंगलुरू, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, पुणे।

- दक्षिण भारत में महिलाओं को कार्यस्थल पर अधिक सुरक्षा का अनुभव।
- **राजस्थान के 5 शहर सूची**

1. जयपुर – 16वां स्थान
2. जोधपुर – 34वां स्थान
3. अजमेर – 39वां स्थान
4. कोटा – 42वां स्थान
5. उदयपुर – 84वां स्थान

### राजस्थान में पक्षियों की गणना (28 जनवरी - 2 फरवरी, 2025)

- आयोजनकर्ता: राजस्थान वन विभाग।
- **उद्देश्य:**
  - जलाशयों में प्रवासी (जलीय) और स्थानीय पक्षियों की गणना।
  - दुर्लभ प्रजातियों का रिकॉर्ड दर्ज।
  - क्षेत्रवार पक्षियों की संख्या का आकलन।

### ऑनलाइन इन्वेस्टर इंटरफेस (BIP द्वारा लॉन्च)

- संस्थान: ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (BIP), उद्योग विभाग।
- **उद्देश्य:**
  - निवेशकों को प्रोत्साहित करना और मार्गदर्शन प्रदान करना।
  - राइजिंग राजस्थान समिट में हुए एमओयू की मॉनिटरिंग।
  - निवेशकों को एमओयू की स्थिति जांचने, सुझाव देने, और सचिवों से अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा।
- महत्व: निवेशकों को अपडेटेड जानकारी और त्वरित समाधान मिलेगा।

## फरवरी (February)

### राजस्थान टैक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी-2025

- 5 फरवरी 2025 को राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित।
- **लक्ष्य** - राजस्थान को वैश्विक वस्त्र निर्माण केंद्र बनाना।
- इस नीति से सतत् विकास, रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार, उत्पादकता और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
- स्थानीय वस्त्र उत्पादकों की दक्षता और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी।
- राज्य में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना और नए रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद।

### राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025

- 5 फरवरी 2025 को राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित।
- राजस्थान को डेटा सेंटर उद्योग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लागू।
- निजी क्षेत्र में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दिए जाएंगे।
- नीति के तहत दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जाएगी।
- इसमें विभिन्न वित्तीय और नीतिगत छूट जैसे एसेट क्रिएशन इंसेंटिव, ब्याज अनुदान, स्टांप ड्यूटी और विद्युत शुल्क में राहत शामिल।
- आगामी पांच वर्षों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना।

### राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी

- राजस्थान सरकार ने 5 फरवरी 2025 को नीति को मंजूरी दी।
- उद्देश्य: औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना, कनेक्टिविटी बढ़ाना और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना।
- लॉजिस्टिक्स सुविधाओं की मैपिंग होगी।
- निजी निवेश को आकर्षित कर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।
- वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कंटेनर डिपो, एयर फ्रेट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल, ट्रकर पार्क और लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को कैपिटल सब्सिडी, ब्याज अनुदान और कर रियायतें मिलेंगी।
- रीको के आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए अधिकतम 10 एकड़ या 10% भूमि आरक्षित की जाएगी।

### राजस्थान युवा नीति-2025

- राजस्थान सरकार ने 5 फरवरी 2025 को नीति को मंजूरी दी।
- यह राजस्थान युवा नीति-2013 का स्थान लेगी।

**उद्देश्य:**

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्यमिता और बुनियादी अधिकारों तक युवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना।
- सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना।
- कला, खेल, संस्कृति और साहित्य में उभरती प्रतिभाओं को समर्थन देना।

### नई राजस्थान आबकारी एवं मद्य संयम नीति (2025-2029)

- नीति अवधि: 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2029 तक लागू।

**प्रमुख प्रावधान:**

- वार्षिक समीक्षा के माध्यम से नियमों में समयानुसार सुधार और संशोधन।
- मदिरा दुकानों की संख्या 7665 बनी रहेगी, जिलों में क्लस्टर मॉडल के तहत पुनर्गठन।
- अनुमति, लाइसेंस और परमिट की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन, ऑटोमेटेड अनुमोदन सुनिश्चित।

- लाइसेंस फीस: वार्षिक गारंटी राशि का 5% शुल्क लिया जाएगा।
- बार खोलने की अनुमति:
- एयरपोर्ट्स और 10+ कमरों वाले होटलों में स्वीकृति।
- पर्यटन क्षेत्रों (जैसलमेर, माउंट आबू, कुंभलगढ़, पुष्कर) में सीजनल बार लाइसेंस की सुविधा।

### महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना

- शुरुआत: 2015
- उद्देश्य: कृषि उपज मंडियों में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार।
- विवाह सहायता: श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह पर सहायता राशि ₹ 50,000 से बढ़ाकर ₹ 75,000 की गई।

### शिक्षा संजीवनी बीमा योजना

- शुभारंभ: 26 फरवरी 2025, उदयपुर से।
- लाभार्थी: उदयपुर संभाग के सरकारी स्कूलों के 1.3 लाख छात्र-छात्राएं।
- बीमा कवर: ₹1 लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा।
- नवाचार: राजस्थान में पहली बार स्कूली छात्रों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा शुरू।
- बीमा प्रदाता: वंडर सीमेंट, ज्यूरिख कोटक इंश्योरेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया।
- विस्तार योजना: भविष्य में 1 करोड़ स्कूली बच्चों को लाभ।

### कोटा केयर्स: छात्र कल्याण सुधार कार्यक्रम

- शुभारंभ: 24 फरवरी 2025, कोटा जिला प्रशासन द्वारा।
- उद्देश्य: प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में तनाव और आत्महत्या के मामलों को कम करना।

**विशेषताएँ:**

- जिला प्रशासन, कोचिंग संस्थान, छात्रावास संघ एवं स्थानीय समुदायों की संयुक्त पहल।
- छात्र कल्याण के लिए व्यापक सुधार लागू किए जाएंगे।

### राजस्थान में एग्रो क्लिनिक योजना

- प्रारंभिक चरण में 20 जिलों में एग्रो क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे।
- उद्देश्य: फसलों में कीट रोगों और संक्रमण की समय पर जांच।
- शामिल जिले: झुंझुनूं, चूरू, सीकर, जयपुर, अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, धौलपुर, दौसा, टोंक, बीकानेर, पाली, उदयपुर, हनुमानगढ़, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली, जोधपुर, कोटा और श्रीगंगानगर।
- लागत: ₹11 लाख प्रति क्लिनिक।
- प्रत्येक क्लिनिक पर पौध व्याधि व कृषि अनुसंधान अधिकारी नियुक्त होंगे।

### मुख्यमंत्री स्पोर्ट्सपर्सन बीमा योजना 2024

- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित।
- 60 वर्ष से कम उम्र के राजस्थान के मूल निवासी खिलाड़ी पात्र।
- ओलंपिक, पैरालंपिक, वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ, एशियन और साउथ एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाभ।

### "दवा आपके द्वार" योजना

- राजस्थान स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई योजना।
- 60 वर्ष से अधिक आयु के 64 लाख से अधिक लोगों को 1668 दवाएं घर पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी।
- ई-औषधि सॉफ्टवेयर से दवा की आपूर्ति व प्रबंधन किया जाएगा।
- पोर्टल या एप के माध्यम से दवा विक्रेता व डिलीवरी कर्मी दवाएं तैयार करेंगे।
- यह योजना विभिन्न बीमारियों से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी है।

### जिला कृषि-ग्रामीण रूपांतरण योजना (DARTP)

- नीति आयोग द्वारा संचालित योजना, जिसका उद्देश्य कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था का समग्र विकास है।
- आय वृद्धि, रोजगार सृजन और जीवन स्तर सुधार पर केंद्रित।
- सात राज्यों के सात जिलों में लागू, जिसमें राजस्थान का हनुमानगढ़ शामिल।

### एग्रीस्टैक योजना

- पायलट प्रोजेक्ट दिसंबर 2024 में सीकर से शुरू।
- 5 फरवरी 2025 से राज्य स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री अभियान प्रारंभ।
- किसानों को सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले इनपुट, बाजारों तक पहुंच और सरकारी योजनाओं के लाभ सुनिश्चित करना।
- ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन।

### "वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स"योजना

- राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा"वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स" योजना लागू की गई है।
- राजस्थान के 33 जिलों को खेल आवंटित किए गए हैं।
- राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष: नीरज के. पवन

| खेल | जिले |
|---|---|
| कबड्डी | अजमेर, चित्तौड़गढ़, नागौर, जयपुर |
| महिला कुश्ती | अलवर, भरतपुर |
| वॉलीबॉल | बाड़मेर |
| फुटबॉल | बारां, दौसा, सवाईमाधोपुर |
| बास्केटबॉल | भीलवाड़ा, झालावाड़, झुंझुनूं, पाली, सीकर |
| तीरंदाजी | बीकानेर, बांसवाड़ा, सिरोही |
| एथलेटिक्स | बूंदी, चूरू, जालौर, श्रीगंगानगर, टोंक, प्रतापगढ़ |
| हॉकी | डूंगरपुर, धौलपुर, हनुमानगढ़, राजसमंद |
| जिमनास्टिक | जोधपुर, जैसलमेर |
| कुश्ती | कोटा |
| तैराकी | उदयपुर |
| टेनिसबॉल क्रिकेट | करौली |

## राजस्थान के 10 शहरों में डिजिटल नक्शा प्रोजेक्ट

- 18 फरवरी 2025 को डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन कार्यक्रम के तहत शुरू।
- राजस्थान सरकार ने भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़, नवलगढ़ और नाथद्वारा को चुना।
- ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।
- इससे संपत्तियों का सीमांकन और स्वामित्व की जानकारी सटीक रूप से दर्ज होगी।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड

- 2 से 31 जनवरी तक राजस्थान में संचालित साइबर सुरक्षा अभियान।
- उद्देश्य: साइबर अपराध रोकथाम और नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना।
- ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान चोरी और अन्य साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।

## ऑपरेशन वज्र

- 23 फरवरी 2025 को जयपुर में शुरू किया गया।
- आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस द्वारा अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान।

## 'नींव - लड़कियां भागे सबसे आगे' कार्यक्रम

- बारां जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पहल, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत।
- उद्देश्य: बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना।
- 'हमारी लाडो फाउंडेशन' द्वारा संचालित।
- कक्षा 6, 7, 8 की छात्राओं को 10 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान

- राज्य क्षय अनुभाग, राजस्थान द्वारा संचालित, 24 मार्च 2025 तक चलेगा।
- उद्देश्य: टीबी उन्मूलन, समय पर पहचान, उपचार और रोकथाम को सुदृढ़ बनाना।

## 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4 फरवरी 2025 को राजस्थान में शुरू।
- 5 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविरों में पॉलिसी वितरण।
- किसान पाठशाला के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## संशोधित पीकेसी (रामजल सेतु) प्रोजेक्ट

- 5 दिसंबर 2024 को राजस्थान, मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार के बीच समझौता।
- राजस्थान के 17 जिलों को पेयजल, सिंचाई और उद्योग हेतु 4102.6 एमसीएम पानी मिलेगा, जिसमें से 522.60 एमसीएम पुनर्चक्रित होगा।
- राजस्थान को 3580 एमसीएम पानी मिलेगा, जिसमें से 3310 एमसीएम उपयोग होगा और 270 एमसीएम डूंगरी बांध में संग्रहीत रहेगा।
- मध्यप्रदेश को 3120.09 एमसीएम पानी मिलेगा।
- चंबल की सहायक नदियों से अधिशेष जल को अन्य नदियों में भेजा जाएगा।

## मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान (MSRA)

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राजस्थान को एक आदर्श राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य।
- सरकारी विद्यालयों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर।
- नीति के 202 कार्यों में से 185 कार्य इस अभियान में शामिल।
- चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित कार्यों के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में सुधार।

## स्वच्छता हल्ला बोल अभियान

- नगर निगम जयपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जन भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित।
- कचरे के उचित प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान।
- नगर निगम और फिनीलूप टीम ने मिलकर 7 टीमों का गठन किया।
- सूखे और गीले कचरे के प्रबंधन एवं सही निपटान पर जागरूकता कार्यक्रम।

## आईफा ग्रीन चैलेंज अभियान

- आईफा 2025 जयपुर में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर वृक्षारोपण।
- उद्देश्य: पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना।
- 15,000+ पेड़ लगाए जाएंगे, जिनमें अर्जुन, बादाम, गुलमोहर, सागौन, नीम, कचनार आदि शामिल।
- प्रत्येक पेड़ से संबंधित व्यक्ति का नाम जोड़ा जाएगा।
- वृक्षारोपण की निगरानी के लिए समर्पित पोर्टल विकसित किया जाएगा।
- स्थानीय प्रशासन और संस्थाएँ देखभाल में सहयोग करेंगी।

## 'बाबुल की बिटिया' अभियान

- प्रतापगढ़ कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया द्वारा प्रारंभ।
- लक्ष्य: एकल महिलाओं को प्रशासनिक सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाना।
- ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष सर्वे टीमों का गठन।
- पेंशन प्राप्त करने वाली और वंचित पात्र महिलाओं की पहचान कर सहायता प्रदान की जाएगी।

### संकल्प प्रोजेक्ट

- राजस्थान के डूंगरपुर जिले में प्रारंभ।
- उद्देश्य: नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी और सुरक्षित प्रसव सेवाएँ सुनिश्चित करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM), राजस्थान द्वारा संचालित।
- ICMR, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और अन्य विकास एजेंसियों का सहयोग।

### राहुल शर्मा

- नई दिल्ली में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन (19-24 फरवरी 2025) में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- 16 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया और सिफारिश समिति के अध्यक्ष रहे।

### मदन राठौड़

- भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित।
- राजस्थान से राज्यसभा सदस्य।
- जुलाई 2024 में भाजपा अध्यक्ष पद पर नियुक्त, कार्यकाल तीन वर्ष।

### राजीव सिंह ठाकुर

- राजस्थान कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव सिंह ठाकुर को नीति आयोग का सलाहकार नियुक्त किया गया।
- कैबिनेट नियुक्ति समिति ने इस पद को अस्थायी रूप से एडिश्नल सेक्रेटरी के पद में अपग्रेड किया।
- इससे पहले, दिसंबर 2024 में आईएएस संजय मल्होत्रा को आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया था।

### न्यायाधीश मनीष शर्मा

- 17 फरवरी 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मानिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने मनीष शर्मा को न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।
- अधिवक्ता कोटे से न्यायाधीश बने, केंद्र सरकार ने 14 फरवरी 2025 को नियुक्ति नोटिफिकेशन जारी किया।
- राष्ट्रपति की मंजूरी से कॉलेजियम की सिफारिश पर नियुक्त।
- राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या अब 34

### संजय अग्रवाल

- CII राजस्थान के अध्यक्ष चुने गए।
- रजनीश भंडारी उपाध्यक्ष नियुक्त, कार्यकाल 2025-26

### सी.पी. जोशी

- चित्तौड़गढ़ से सांसद।
- लोकसभा की याचिका समिति के सभापति नियुक्त।
- सार्वजनिक उपक्रम समिति व ऊर्जा समिति के सदस्य।

### वैद्य ताराचंद शर्मा

- आयुर्वेद के सर्वोच्च धन्वंतरि पुरस्कार से सम्मानित।
- 20 फरवरी 2025, मुंबई में धन्वंतरि पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मान प्राप्त।
- पुरस्कार में 5 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र, शॉल व श्रीफल प्रदान किए गए।

### कपिल देव

- भारतीय मौसम विभाग के लेखा नियंत्रक एवं निदेशक कपिल देव मीणा को अंटार्कटिका अभियान-2025 में शामिल किया गया।
- अभियान का संचालन केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) से अंटार्कटिका तक।

**उद्देश्य:**

- जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान के प्रभावों का अध्ययन।
- अंटार्कटिका के पर्यावरणीय और वैज्ञानिक पहलुओं का विश्लेषण।
- मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान में सुधार।

### सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम में राजस्थान के दो पायलट

- भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम में राजस्थान के दो पायलट शामिल:

1. अखिल चरक्रीक (जयपुर)
2. राजेश प्रजापत (सीकर)

- टीम के 14 पायलटों ने भारतीय वायुसेना के कई प्रतिष्ठित शो में भाग लिया।
- 750 से अधिक एरोबैटिक्स शो में हिस्सा लेकर वैश्विक पहचान बनाई।

### राजेश शर्मा

- सेवानिवृत्त आईएएस राजेश शर्मा को राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (RERC) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।
- वे वर्तमान में आयोग के सदस्य हैं।

### आईपीएस पंकज कुमार चौधरी

- राजस्थान में पहली बार किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी का डिमोशन।
- 2009 बैच के आईपीएस पंकज चौधरी का डिमोशन पारिवारिक मामले की जांच के बाद।
- 3 वर्षों के लिए वेतन लेवल 11 से लेवल 10 पर।
- लेवल 10 की श्रृंखला फ्रेशर आईपीएस अधिकारियों को मिलती है।

### इमरान खान

- अलवर निवासी इमरान खान वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट में ग्लोबल टीचर प्राइज के टॉप 10 फाइनलिस्ट।
- वे भारत से एकमात्र शिक्षक थे, हालांकि पुरस्कार नहीं जीत सके।
- उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान विकसित किए गए एप के अनुभव साझा किए।

### लक्ष्या

- 10 साल की लक्ष्या (पाँचवीं कक्षा की छात्रा) ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया।
- 50,000 से अधिक लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई।
- राज्यपाल द्वारा सम्मानित।
- श्रीगंगानगर जिला प्रशासन ने उन्हें ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

### सुशील शर्मा

- राजस्थान के सुशील शर्मा (मारवाड़ी कैटेलिस्ट्स के फाउंडर और सीईओ) को बिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्टार्टअप विंग का उपाध्यक्ष नियुक्त।
- विंग का उद्देश्य: संभावित स्टार्टअप्स को वित्तीय और रणनीतिक सहयोग देना।
- निवेशकों और स्टार्टअप्स के बीच समन्वय को बढ़ावा।

### कमला भील

- 12 फरवरी 2025 को निधन।
- 1980 से 1992 तक सागवाड़ा से 3 बार विधायक।
- 1981 से 1989 तक विभिन्न विभागों में राज्य मंत्री और उप मंत्री रहीं।

### डॉ. महेन्द्र भानावत (निधन)

- प्रख्यात लोक कला विशेषज्ञ, भारतीय लोक कला मंडल (उदयपुर) के पूर्व निदेशक।
- रचनाएँ: 'राजस्थान स्वर लहरी', "निर्भय मीरा"।

**सम्मान:**

- राजस्थान साहित्य अकादमी का विशिष्ट साहित्यकार सम्मान।
- जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह द्वारा मारवाड़ रत्न कोमल कोठारी पुरस्कार।
- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा डॉ. कोमल कोठारी लोककला पुरस्कार।

### राजस्थान की पहली फिल्म सिटी

- पाली जिले के सुमेरपुर के निकट जवाई बांध क्षेत्र में स्थापित होगी।
- कुल लागत 500 करोड़, क्षेत्रफल 152 एकड़।
- देश की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म सिटी (हैदराबाद की रामोजी और मुंबई के बाद)।
- तीन वर्षों में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य।
- मारवाड़ और मेवाड़ (जोधपुर-उदयपुर) के मध्य स्थित।
- स्टूडियो, एकेडमी, स्पोर्ट्स सेंटर, शहरी एवं ग्रामीण लोकेशन उपलब्ध होंगी।

### राजस्थान के 7 जिले चीता कॉरिडोर में शामिल

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत योजना।
- राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा पर 17,000 वर्ग किमी का कॉरिडोर, जिसमें 6,500 वर्ग किमी राजस्थान में।
- राजस्थान के बारां, सवाई माधोपुर, करौली, बूंदी, कोटा, झालावाड़ और चित्तौड़गढ़ शामिल।

### देश का पहला 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक

- राजस्थान प्रत्येक जिला अस्पताल में लिवर क्लीनिक खोलने वाला पहला राज्य बनेगा।
- नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर के लिए सभी जिला अस्पतालों में 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक स्थापित होंगे।
- FIB-4 स्कोर, CBC, LFT जांच के साथ लिवर फाइब्रोसिस और बीमारी की गंभीरता का पता लगाया जाएगा।
- पहले चरण में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, अलवर सहित 10 जिलों में ट्रायल।
- ICMR रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में लिवर सिरोसिस मृत्यु का प्रमुख कारण है।

### देश का सबसे बड़ा पंचकर्म सेंटर – जोधपुर

- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का पंचकर्म सेंटर बनाया जा रहा है।
- 2.80 हेक्टेयर क्षेत्र में ₹43 करोड़ की लागत से निर्माण।
- 100 पंचकर्म हट्स (सुपर डीलक्स, डीलक्स और जनरल) और कृत्रिम झील का निर्माण।
- अनिद्रा, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग व लकवे जैसी बीमारियों का पंचकर्म चिकित्सा से इलाज होगा।

### पुष्कर में बायोलॉजिकल पार्क को मंजूरी

- केंद्र सरकार ने पुष्कर (अजमेर) में बायोलॉजिकल पार्क को मंजूरी दी।
- सेंट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 12 एनक्लोजर स्वीकृत किए।
- हिरण की 4 प्रजातियां – चिंकारा, ब्लैक बक, चीतल, सांभर और बंगाल टाइगर, लायन, पैंथर, डेजर्ट फॉक्स, इंडियन वुल्फ को रखा जाएगा।

### टाटा पावर का सोलर प्रोजेक्ट

- टाटा पावर रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड द्वारा भानीपुरा (बीकानेर) में स्थापित।
- कुल क्षमता 300 मेगावाट एसी, दो इकाइयां (100 मेगावाट एसी + 200 मेगावाट एसी)।
- ग्लास-टू-ग्लास सौर मॉड्यूल से दक्षता व उत्पादन में वृद्धि।

### नागौर में 1.89 मेगावाट सोलर पावर प्लांट

- मूवाना (नागौर) में स्थापित, राइजिंग राजस्थान एमओयू के तहत।
- सोलर 91 क्लीनटेक लिमिटेड द्वारा विकसित।
- आधुनिक तकनीक से सौर ऊर्जा उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन में कमी।

### राजस्थान में पहला कार्बन जीरो होटल

- 'द इको सत्व' होटल कोटा में शुरू।
- नेट कार्बन जीरो होटल, कुल 63 कमरे।
- इको होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड द्वारा संचालित।

## वीर तेजाजी महाराज का पैनोरमा

- सुरसुरा (किशनगढ़, अजमेर) में भव्य पैनोरमा निर्माण प्रस्तावित।
- वीर तेजाजी महाराज की निर्वाण स्थली।
- भाद्रपद शुक्ल दशमी को विशाल मेला आयोजित होता है।

## अचरोल में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना

- राजस्थान बजट 2024-25 में ₹250 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की घोषणा।
- जयपुर के अचरोल में स्थापित होगी, खेल कोच और विशेषज्ञ तैयार करने पर केंद्रित।
- संभागीय स्तर पर ₹50-50 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉलेज अस्थायी भवनों में शुरू होंगे।
- जयपुर में 'अल्ट्रा फिटनेस सेंटर' के लिए भी बजट आवंटित।

## राजस्थान का पहला जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट

- जयपुर डेयरी में ₹20 करोड़ की लागत से जल संरक्षण के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD) प्लांट स्थापित।
- हर दिन 6.5 लाख लीटर और सालाना 24 करोड़ लीटर पानी की बचत।
- राजस्थान में पहली बार नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) के माध्यम से स्थापित किया गया।

## राष्ट्रीय आपराधिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) – जयपुर

- जयपुर में राष्ट्रीय आपराधिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) का नया कैंपस स्थापित होगा।
- मुख्य कैंपस गांधीनगर, गुजरात में स्थित है।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राजस्थान सहित 9 राज्यों में NFSU कैंपस खोले जाएंगे।

## पाली में ऑक्सीजन जोन का निर्माण

- पाली जिले के गिरादड़ा गांव में 30 बीघा भूमि पर ऑक्सीजन जोन विकसित किया जाएगा।
- 100 प्रजातियों के एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जो 2 फीट की दूरी पर होंगे।
- मियां बाकी तकनीक से पौधे तीन वर्षों में 40 फीट तक बढ़ेंगे।
- इससे तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक कमी संभव होगी और स्थानीय लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी।

## प्रकृति परीक्षण अभियान में NIA जयपुर को प्रथम पुरस्कार

- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA) जयपुर को केंद्र सरकार के "प्रकृति परीक्षण अभियान" के प्रथम चरण में पहला पुरस्कार मिला।
- आयुष मंत्रालय और NCISM द्वारा आयोजित अभियान में कुलपति डॉ. संजीव शर्मा को तीन प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार मिले।
- पीजी कॉलेजों की श्रेणी में NIA जयपुर देश में प्रथम स्थान पर रहा, जबकि संख्यात्मक दृष्टि से चौथा स्थान प्राप्त किया।

## श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार

- डॉ. कमलेश शर्मा को "पीपल एंड नेचर" सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड प्रदान किया गया।
- टाइगर वॉच संस्था (रणथंभौर) द्वारा सम्मानित।
- वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरणीय विषयों पर लेखन और फोटोग्राफी के माध्यम से जागरूकता के लिए पुरस्कार।

## 'बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवार्ड'

- आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट (OTM) 2025 का आयोजन 30 जनवरी - 1 फरवरी 2025 तक मुंबई में हुआ।
- राजस्थान पर्यटन को 'बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- पुरस्कार विजेता फिल्म 'रोमांस ऑफ राजस्थान' राज्य की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन को दर्शाती है।

## राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2025 – सर्वश्रेष्ठ झाँकी पुरस्कार

- उदयपुर में आयोजित समारोह में जिला वर्ग में बांसवाड़ा जिले की झाँकी प्रथम स्थान पर रही।
- झाँकी का विषय "आदिवासी धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल" था।
- विभाग वर्ग में पर्यटन विभाग की झाँकी को प्रथम स्थान मिला, जिसका विषय "भारत की शान राजस्थान" था।

## सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार

- भीलवाड़ा कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) को यह पुरस्कार दिया गया।
  - यह केंद्र MPUAT, उदयपुर और ICAR-ATARI, जोधपुर के तहत कार्यरत है।
- कृषि में नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-2025 में 20-21 फरवरी को संगरूर, पंजाब में यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

## रामचंद्र चौधरी को IDA अवार्ड

- इंडियन डेयरी एसोसिएशन (IDA) ने अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को आईडीए फेलोशिप अवार्ड देने की घोषणा की।
- डेयरी उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया जाएगा।

## राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) 2025

- 1-5 फरवरी 2025 तक जोधपुर के मेहरानगढ़ में आयोजित हुआ।
- थीम: "सिनेमा स्थान - राजस्थान में सिनेमा का पैनोरमा"।
- राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म – 'प्लॉट नम्बर 302'।
- श्रेष्ठ निर्देशक – धर्मेंद्र उपाध्याय ('म्हारी बींदनी')।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – अल्ताफ हुसैन।

## राजस्थान में नगर निगमों के पुनर्गठन हेतु नवीन मानक

- राजस्थान में शहरी निकायों के वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- पुनर्गठन के लिए सर्वेक्षण और वार्ड परिसीमन का कार्य होगा।
- पुनर्गठन का उद्देश्य नगर प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाना और प्रशासनिक सुधार करना है।

## वार्ड पुनर्गठन के नए मानक:

| जनसंख्या | वार्ड |
|---|---|
| 15,000 | 20 वार्ड |
| 25,000 | 25 वार्ड |
| 80,000 | 45 वार्ड |
| 1 लाख | 55 वार्ड |
| 2 लाख | 60 वार्ड |
| 3.5 लाख | 65 वार्ड |
| 5 लाख | 70 वार्ड |
| 10 लाख | 80 वार्ड |
| 13 लाख | 100 वार्ड |
| 15 लाख | 110 वार्ड |
| 25 लाख | 130 वार्ड |
| 35 लाख | 150 वार्ड |

## पंचायतों के पुनर्गठन और नवसृजन के नए दिशा निर्देश

- ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के पुनर्गठन और नवसृजन को सरल बनाने के लिए कलेक्टरों को नए निर्देश जारी किए गए।
- ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन में आबादी के आधार पर 15% की छूट दी जाएगी।
- पंचायत समिति का मानक 2 लाख आबादी रखा गया, जिसमें 15% का प्रावधान रहेगा।
- ग्राम पंचायत के लिए न्यूनतम आबादी 3,000 और अधिकतम 5,500 तय की गई।
- रेगिस्तानी क्षेत्र (बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बारां के कुछ भाग) में पंचायत समिति का पैमाना 1.50 लाख आबादी निर्धारित, जिसमें 15% छूट दी जाएगी।
- 2011 की जनगणना के आधार पर कलेक्टरों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## पंचायतों के पुनर्गठन हेतु नई गाइडलाइन

- पंचायती राज विभाग ने पुनर्गठन, नवसृजन और पुनर्सीमांकन हेतु कलेक्टरों को नई गाइडलाइन जारी की।
- जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, चूरू, बालोतरा और फलौदी में पंचायत गठन में 20% तक जनसंख्या छूट।
- अन्य जिलों में कलेक्टर 15% तक आबादी में परिवर्तन कर सकते हैं।
- 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषदों के प्रस्ताव तैयार करने की गाइडलाइन निर्धारित।

## केंद्रीय बजट में राजस्थान को आवंटन

- राजस्थान को इस वर्ष केंद्रीय करों से 85,716 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो पिछले वर्ष से 10,000 करोड़ रुपये अधिक है।
- राज्य को कुल केंद्रीय करों में 6.26% हिस्सेदारी प्राप्त हुई।
- रेलवे अवसंरचना विकास के लिए 9,960 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।
- यह राशि 2009-2014 के औसत वार्षिक आवंटन (682 करोड़ रुपये) से 14.5 गुना अधिक है।

## राजस्थान सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय

- राजस्थान लैंड रेवेन्यू (अमेण्डमेंट वेलिडेशन) बिल को मंजूरी, जिससे रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में भू आवंटन से जुड़े मामलों का निस्तारण होगा।
- राजस्थान कर बोर्ड का राजस्व मंडल में विलय किया जाएगा, जिससे जीएसटी लागू होने के बाद राजस्व और कर अपीलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित हो सके।
- विधानसभा सचिवालय में मुख्य संपादक का पद सृजित किया गया।

## कुलपतियों के पदनाम में बदलाव

- राजस्थान यूनिवर्सिटीज लॉज (अमेण्डमेंट) बिल-2024 को मंजूरी।
- राजकीय विश्वविद्यालयों में "कुलपति" का पदनाम "कुलगुरू" और "प्रति कुलपति" का पदनाम "प्रति कुलगुरू" होगा।
- अंग्रेजी संस्करण में Vice-Chancellor और Pro Vice-Chancellor के पदनाम पूर्ववत रहेंगे।

## मंत्रिपरिषद के प्रमुख निर्णय (8 फरवरी 2025)

- देवस्थान विभाग के 593 मंदिरों में भोग राशि 3,000 रुपए तय की गई।
- अंशकालीन पुजारियों का मानदेय 5,000 से बढ़ाकर 7,500 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा।

## बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज और अश्व अनुसंधान केंद्र के बीच एमओयू

- बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज और अश्व अनुसंधान केंद्र के बीच साझेदारी समझौता (एमओयू) हुआ।
- उद्देश्य: गधों और घोड़ों की डाइट नियंत्रित करने के लिए एक डिवाइस विकसित करना।
- तकनीकी आधार: इलेक्ट्रॉनिक, एंबेडेड और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) तकनीकों का उपयोग।

## 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 में राजस्थान

- **आयोजन**: 28 जनवरी - 14 फरवरी, उत्तराखंड।
- **आदर्श वाक्य**: "संकल्प से शिखर तक"।
- **शुभंकर:** मौली (हिमालयी मोनाल पक्षी)।
- मशाल: तेजस्विनी।
- **प्रतिस्पर्धाएं:** 32 खेल और 4 प्रदर्शन कार्यक्रम (मल्लखंब, कलारीपयट्टू, राफ्टिंग, योगासन)।
- **प्रतिभागी:** कुल 11,354 खिलाड़ी।
- **राजस्थान से:** 421 खिलाड़ी और 110 अधिकारी।
- **पदक** tally: 9 स्वर्ण, 11 रजत, 23 कांस्य (कुल 43 पदक)।
- राजस्थान इस प्रतियोगिता में 15वें स्थान पर रहा।

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **1. वुशु (सर्वाधिक पदक जीते)** | **4** | **1** | **7** | **12** |
| 2. शूटिंग | 1 | 2 | 0 | 3 |
| 3. कबड्डी | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 4. तीरंदाजी | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 5. भारोत्तोलन | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6. कैनोइंग और कयाकिंग | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 7. साइकिलिंग | 0 | 3 | 1 | 4 |
| 8. ताइक्वांडो | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 9. मुक्केबाजी | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 10. नेटबॉल | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 11. एथलेटिक्स | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 12. कुश्ती | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 13. मल्लखंब | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 14. योगासन | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 15. जूडो | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 16. स्क्वैश | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 17. वॉलीबॉल | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 18. हैंडबॉल | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 19. बैडमिंटन | 0 | 0 | 1 | 1 |

- **वुशु:** राजस्थान ने सर्वाधिक 4 स्वर्ण पदक जीते, शुभम गौरा ने रिकॉर्ड स्वर्ण पदक हासिल किया।
- वेटलिफ्टिंग: हरचरण सिंह (109 किलो वर्ग) ने 347 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।
- केनाइंग और कयाकिंग: प्रद्युमन सिंह राठौड़ ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- **तीरंदाजी**: रजत चौहान ने कंपाउंड स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।
- **बीच कबड्डी:**
  - राजस्थान पुरुष टीम ने पहली बार भाग लेकर स्वर्ण पदक जीता।
  - फाइनल में हरियाणा को 44-42 से हराया।
- निशानेबाजी: अनंतजीत नरुका ने स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## कलारीपयट्टु में कांस्य पदक

- गुरुनिधान सिंह राणावत और हर्षवर्धन सिंह राठौड़ ने कलारीपयट्टु में राजस्थान का पहला कांस्य पदक जीता।
- यह खेल प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल था, इसलिए कुल पदकों में नहीं जोड़ा गया।

## पैरा एशिया कप आर्चरी (बैंकॉक, थाईलैंड)

- धनाराम गोदारा और हरविंदर सिंह ने रिकर्व टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।
- श्याम सुंदर स्वामी (बीकानेर) ने कुल 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता:
  - व्यक्तिगत स्पर्धा – स्वर्ण पदक।
  - मिक्स टीम स्पर्धा (सरिता कुमारी के साथ) – स्वर्ण पदक।
  - कंपाउंड टीम स्पर्धा (राकेश कुमार के साथ) – रजत पदक।
- श्याम सुंदर स्वामी ने कंपाउंड स्पर्धा में 689 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- धनाराम गोदारा ने रिकर्व स्पर्धा में 634 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सॉफ्ट हॉकी नेशनल सीनियर और सब जूनियर चैंपियनशिप

- चतुर्थ राष्ट्रीय सॉफ्ट हॉकी चैंपियनशिप: 21-23 फरवरी 2025, फरीदाबाद।
- राजस्थान ने सीनियर पुरुष वर्ग और सब जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।
- सीनियर पुरुष वर्ग: राजस्थान ने हरियाणा को 3-0 से हराया।
- सब जूनियर बालक वर्ग: राजस्थान ने हरियाणा को 3-2 से हराया।
- जूनियर बालक वर्ग: राजस्थान को पंजाब से 2-1 की हार, रजत पदक।

## जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता

- आयोजन: भोलपुर, पश्चिम बंगाल।
- राजस्थान का प्रदर्शन:
  - पुरुष टीम: हरियाणा को हराकर कांस्य पदक।
  - महिला टीम: आंध्र प्रदेश को हराकर कांस्य पदक।

## 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता

- आयोजन: मोरमाजरा, करनाल (हरियाणा)।
- राजस्थान महिला टीम ने कांस्य पदक जीता, यह उनका चौथा कांस्य पदक था।
- राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष: तेजस्वी सिंह गहलोत।

## नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

- आयोजन: 18-20 फरवरी, चेन्नई।
- राजस्थान ने कुल 63 पदक जीते:
  - 14 स्वर्ण, 23 रजत, 26 कांस्य।

### द्वितीय राष्ट्रीय सीनियर लेक्रोज प्रतियोगिता

- आयोजन: उदयपुर।
- राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता।

**एशियन यूथ लेक्रोज चैंपियनशिप**

- आयोजन: 20-23 फरवरी, ओकीनावा, जापान।
- राजस्थान के चयनित खिलाड़ी: मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती, प्रणय त्रिपाठी।

### जूनियर एशियन ट्रैक साइकिलिंग

- आयोजन: निलेई, मलेशिया।
- हर्षिता ने 4 पदक जीते: 2 रजत, 2 कांस्य।

### 11वीं राष्ट्रीय आइस स्टॉक चैंपियनशिप (1-2 फरवरी, गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर)

- राजस्थान ने कुल 4 पदक जीते।
- जयपुर की ट्रांसजेंडर खिलाड़ी नंदिनी सिंधी ने 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीता।
- टोंक के मालपुरा की ट्रांसजेंडर खिलाड़ी रितिका सिंह ने 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक (टीम स्पर्धा में नंदिनी सिंधी के साथ) जीता।

**रितिका सिंह की उपलब्धियाँ**

- राष्ट्रीय आइस स्टॉक चैंपियनशिप में 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) जीते।
- अंडर-23 एकल स्पर्धा (डिस्टेंस इवेंट) में स्वर्ण पदक।
- टीम इवेंट में राजस्थान के लिए रजत पदक।
- व्यक्तिगत टारगेट इवेंट और टीम इवेंट में कांस्य पदक।
- रितिका देश की पहली ट्रांसजेंडर खिलाड़ी हैं।

### दूसरी राष्ट्रीय सब जूनियर व सीनियर लेक्रोज प्रतियोगिता (उदयपुर, राजस्थान)

- राजस्थान ने सीनियर वर्ग (महिला और पुरुष) में खिताब जीता।
- महिला वर्ग: फाइनल में राजस्थान ने हरियाणा को 16-3 से हराया।
- सुनीता मीणा और जुला कुमारी गुर्जर (17-17 गोल) संयुक्त सर्वश्रेष्ठ स्कोरर।
- **पुरुष वर्ग:** फाइनल में राजस्थान ने ओडिशा को 14-3 से हराया।
- राजस्थान के कप्तान मोहनलाल गमेती (21 गोल) सर्वश्रेष्ठ स्कोरर।
- **सब-जूनियर वर्ग:** हरियाणा विजेता, राजस्थान उपविजेता।
- राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष: अशोक परनामी।

### 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) (29 जनवरी - 3 फरवरी, उदयपुर)

- महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 16 रन से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- फाइनल में प्राजंलि को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- उत्तर प्रदेश उपविजेता, राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।

### जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता

- राजस्थान की पुरुष और महिला टीमों ने कांस्य पदक जीते।
- पुरुष टीम: हरियाणा को हराकर पदक जीता।
- महिला टीम: आंध्र प्रदेश को हराकर पदक जीता।

### नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

- आरना साहनी ने अंडर-11 गर्ल्स श्रेणी में रजत पदक जीता।
- चैंपियनशिप (UTT 86वीं जूनियर व कैडेट) इंदौर में आयोजित हुई।
- फाइनल में महाराष्ट्र की केशिका पुरकर ने 3-1 से हराया।

### कराटे स्टेट चैंपियनशिप

- जुही शर्मा ने लगातार 7वीं बार स्टेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया।
- कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता (58 किग्रा वर्ग) में भी स्वर्ण पदक जीता।

### ओम प्रकाश चौधरी

- ओम प्रकाश चौधरी को भारतीय एयर पिस्टल टीम का कोच बनाया गया।
- लगातार 10 वर्षों तक राष्ट्रीय चैंपियन रहे।
- 2024 एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (जकार्ता) में स्वर्ण पदक जीता।
- 2010 में 'बेस्ट साउथ एशियन निशानेबाज' अवॉर्ड मिला।

### राष्ट्रीय सीनियर योगासन प्रतियोगिता

- डॉ. सतीश चौधरी (उदयपुर) को रेफरी नियुक्त किया गया।
- प्रतियोगिता तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हुई।
- 49वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष एवं महिला योगासन प्रतियोगिता (13-16 फरवरी 2025)।

### राजस्थान राज्य जूडो संघ के चुनाव

- 25 फरवरी 2025 को हरीश चंद्र शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए।
- उपाध्यक्ष: अगरा राम चौधरी, गौरी चौधरी।
- महासचिव: महिपाल ग्रेवाल।

### साईराज बहुतुले

- साईराज बहुतुले राजस्थान रॉयल्स के नए स्पिन कोच बने।
- पहले भी (2018-21) राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़े रहे।
- भारत के लिए 2 टेस्ट और 8 वनडे खेले।
- घरेलू क्रिकेट में 600+ विकेट और 6000+ रन बनाए।
- IPL में KKR और गुजरात लायंस के लिए कोचिंग दी।
- राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच: राहुल द्रविड़।

### मीडिया मॉनिटरिंग के लिए विशेष समिति

- निर्वाचन विभाग ने राज्य स्तर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति गठित की।

- समिति भ्रामक जानकारी और गलत तथ्यों पर जिला स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई में समन्वय करेगी।
- सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति (डीएमसीएमसी) कार्यरत।
- राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी: नवीन महाजन।

## राजस्थान में कैंसर वैक्सीन निर्माण

- ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) ने जयपुर के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को डेंड्रिटिक सेल वैक्सीन बनाने की अनुमति दी।
- यह देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा जहाँ कैंसर वैक्सीन का निर्माण होगा।
- भारत सरकार ने इस परियोजना के लिए ₹3 करोड़ की ग्रांट दी।

## राजस्थान में जलग्रहण यात्रा

- 5 फरवरी 2025 से जलग्रहण यात्रा की शुरुआत हुई।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत बारां में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित।
- राज्य में 2021-22 से 2026 तक 149 परियोजनाएं (7.50 लाख हेक्टेयर) स्वीकृत।
- यात्रा 27 जिलों की 107 परियोजनाओं और 214 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी।
- लक्ष्य: जलग्रहण गतिविधियों की जागरूकता और जनसहभागिता बढ़ाना।

## रामजल सेतु परियोजना में हाइब्रिड बैराज

- चित्तौड़गढ़ के श्रीपुरा में "रामजल सेतु परियोजना" के तहत हाइब्रिड बैराज बनाया जाएगा।
- ERCP कॉरपोरेशन ने ₹ 693.64 करोड़ की निविदा जारी की।
- **उद्देश्य**: ब्राह्मणी नदी के व्यर्थ बहने वाले पानी का संरक्षण और बनास नदी से जोड़ना।
- राणा प्रताप सागर से नहर द्वारा ब्राह्मणी नदी को जल आपूर्ति होगी।
- टनल के माध्यम से श्रीपुरा ब्राह्मणी बैराज से 140 किमी दूर बीसलपुर तक पानी पहुंचाया जाएगा।

## ई-व्हीकल प्रमोशन फंड

- राजस्थान सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022 के तहत ₹200 करोड़ का ई-व्हीकल प्रमोशन फंड स्थापित किया।
- यह फंड FAME-II दिशा-निर्देशों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को स्टेट GST राशि के पुनर्भरण और अनुदान देने हेतु बनाया गया।
- 1 सितंबर 2022 के बाद खरीदे गए और राजस्थान में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू।
- सब्सिडी प्राप्त करने के लिए वाहन की खरीद राजस्थान राज्य से ही अनिवार्य।

## वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत

- 8 मार्च 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर में आयोजित होगी।
- उद्देश्य: लम्बित मामलों का निपटारा आपसी सहमति से करवाना।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम

- राजस्थान और पंजाब से सटे बॉर्डर पर पाकिस्तान से ड्रोन घुसपैठ रोकने हेतु एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए जाएंगे।
- ये सिस्टम बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में स्थापित होंगे।
- श्रीगंगानगर व बीकानेर में ड्रोन से सबसे अधिक ड्रग्स और हथियार तस्करी होती है।
- राजस्थान में 1096 किमी सड़क का निर्माण भी होगा।

## राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह

- 12-18 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस मनाया गया।
- उद्देश्य: संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर गुणवत्ता, दक्षता व प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना।
- आयोजनकर्ता: राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) एवं राजस्थान राज्य उत्पादकता परिषद, जयपुर।
- थीम: "प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप के लिए बौद्धिक सम्पदा की रक्षा, विचार से प्रभाव तक।"

## संपर्क पोर्टल 2.0

- लॉन्च: राजस्थान में संपर्क पोर्टल 2.0 की शुरुआत होगी।
- नवीन तकनीकों से शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।
- ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम अधिक पारदर्शी होगा।
- शिकायतकर्ता को समाधान प्रक्रिया की हर अपडेट मिलेगी।

## राजस्थान में पाँचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस

- बीकानेर से दिल्ली के बीच फरवरी 2025 से संचालन शुरू हुई।
- पहली: अप्रैल 2023, अजमेर-दिल्ली।
- दूसरी: जुलाई 2023, जोधपुर-अहमदाबाद।
- तीसरी: सितंबर 2023, जयपुर-उदयपुर।
- चौथी: सितंबर 2024, उदयपुर-कोटा-आगरा।

## 12वां क्षेत्रीय 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम

- आयोजन: 3-5 मार्च 2025, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।

- विषय: "सर्कुलर सोसाइटीज की ओर: एशिया-प्रशांत में SDG और कार्बन न्यूट्रलिटी प्राप्त करना"।
- उद्देश्य: 3R (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल) और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना, नीतिगत जानकारी साझा करना।
- संयोजन: UNCRD द्वारा 2009 में शुरू किया गया।

### ट्रांसजेंडर्स का पहला अखिल भारतीय सम्मेलन

- स्थान: अजमेर, राजस्थान।
- आयोजन अवधि: 17-26 फरवरी 2025।
- आयोजक: गद्दीपति सलोनी नायक (गुरु अनिता बाई की स्मृति में)।
- उद्देश्य: ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों, परंपराओं व आध्यात्मिकता पर चर्चा।
- महत्व: सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करना।

### बांध सुरक्षा व पुनर्वास पर राज्य स्तरीय सम्मेलन

- आयोजन: 17 फरवरी 2025, उदयपुर, राजस्थान।
- विषय: "बांध सुरक्षा, पुनर्वास और बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021"।
- कार्यक्रम: विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्रों में बांध विकास पर विस्तृत चर्चा।

### ऋतु वसंत उत्सव

- स्थान: शिल्पग्राम, उदयपुर।
- आयोजन तिथि: 28 फरवरी - 2 मार्च 2025
- आयोजक: पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर।
- मुख्य आकर्षण: बसंत ऋतु के स्वागत में शास्त्रीय संगीत व नृत्य प्रस्तुतियां।

### ESDM स्किल कॉन्क्लेव—2025

- ESDM: इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग।
- स्थान: सीएसआईआर-सीरी, पिलानी, झुंझुनू।
- आयोजक: विज्ञान भारती-राजस्थान।

### 'वाटर विजन 2047' राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

- आयोजन: 18-19 फरवरी 2025, उदयपुर।
- आयोजक: केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय।
- उद्देश्य: जल स्रोतों के अधिकतम उपयोग और नदियों को जोड़ने पर चर्चा।
- प्रतिभागी: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री व अन्य अधिकारी।

### संयुक्त राजभाषा सम्मेलन (उत्तर, मध्य, पश्चिम क्षेत्र)

- उद्घाटन: 17 फरवरी 2025, जयपुर (मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा)।
- विशिष्ट अतिथि: केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय।
- आयोजक: केंद्रीय राजभाषा विभाग।
- उद्देश्य: हिंदी को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देना।
- मुख्य गतिविधियाँ: हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान, 110 पुरस्कार वितरण, राजभाषा प्रदर्शनी।

### संरक्षण क्षमता महोत्सव "सक्षम" 2025

- आयोजन: जयपुर।
- आयोजक: पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा तेल एवं गैस कंपनियाँ।
- उद्घाटन: 14 फरवरी 2025 (राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा)।
- मुख्य बिंदु: स्थायी ईंधन स्रोतों (जैसे एथेनॉल मिश्रण) को बढ़ावा देने पर जोर।

### जालोर महोत्सव 2025

- शुभारंभ: 15 फरवरी 2025, जालोर।
- आयोजक: पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और जालोर विकास समिति।
- उद्देश्य: लोक नृत्य, लोक संगीत, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन।

### मरु महोत्सव 2025

- आयोजन: 10-12 फरवरी 2025, जैसलमेर।
- आयोजक: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, जैसलमेर।
- उद्देश्य: पारंपरिक लोक कलाओं को बढ़ावा देना, कलाकारों व संगीतकारों को मंच प्रदान करना।
- सम्मान: धीरज पुरोहित (जैसलमेर) – मरुश्री, कोमल सिद्ध (बीकानेर) – मिस मूमल।

### बेणेश्वर मेला 2025

- आयोजन: 8-12 फरवरी 2025, डूंगरपुर।
- आयोजक: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, डूंगरपुर।
- महत्व: "आदिवासियों का कुंभ मेला" कहा जाता है, भीलों की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करता है।
- मुख्य कार्यक्रम: सांस्कृतिक एवं खेलकूद आयोजन (पर्यटन व जनजाति विकास विभाग द्वारा)।

### आईफा अवार्ड्स 2025

- स्थान: पहली बार जयपुर, राजस्थान।
- तारीख: 8-9 मार्च 2025
- थीम: "सिल्वर इज द न्यू गोल्ड"।
- विशेष पहल: राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट करने हेतु फिल्म टूरिज्म पॉलिसी लॉन्च।

### कृषि महोत्सव

- स्थान: हनुमानगढ़।
- आयोजन तिथि: 8-10 मार्च 2025
- थीम: समृद्ध किसान, विकसित राजस्थान।
- उद्देश्य: किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, प्रबंधन व कृषक कल्याण योजनाओं की जानकारी देना।

### कृषि दक्षता-पशु कल्याण पर 31वां राष्ट्रीय सम्मेलन

- स्थान: उदयपुर।
- आयोजन तिथि: 26-28 फरवरी 2025।
- विषय: कृषि दक्षता और पशु कल्याण हेतु सटीक पशुधन प्रबंधन तकनीक।
- प्रतिभागी: 400 वैज्ञानिक व पशुधन विशेषज्ञ।

### इंडियन कॉन्फ्रेंस ऑन मेडटेक इनोवेशन 2025

- आयोजन: AIIMS और IIT जोधपुर।
- विजेता: डॉ. दीपक कुमार मीना (AIIMS जोधपुर, न्यूरोसर्जरी विभाग)।
- योगदान: श्वसन तंत्र की जटिलताओं की पहचान हेतु नवीन डिवाइस का विचार प्रस्तुत किया।

### राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 समारोह

- स्थान: एपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर।
- आयोजन तिथि: 27-28 फरवरी 2025।
- संयोजन: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान भारती राजस्थान और अन्य संस्थान।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस: 28 फरवरी (सी.वी. रमन की "रमन प्रभाव" खोज की स्मृति में)।
- थीम: "एम्पॉवरिंग यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत"।

### भारत स्काउट व गाइड की 75वीं डायमंड राष्ट्रीय जंबूरी

- आयोजन: 28 जनवरी - 3 फरवरी 2025, त्रिचि, तमिलनाडु।
- राजस्थान की उपलब्धियाँ:
- वॉचिंग टावर (51 फीट): परबतसर, नागौर के शैलेश कुमार पलोड के नेतृत्व में प्रथम स्थान।
- प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता: डॉ. पूजा शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान।
- कलर पार्टी नेतृत्व: जय प्रताप सिंह।
- मार्च पास्ट: अर्णव सिन्हा (राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान)।

### देश का पहला पेशेंट मॉनिटर सिस्टम

- विकासकर्ता: केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी, झुंझुनू।
- विशेषता: स्वदेशी उपकरणों से युक्त, विदेशी सिस्टम की तुलना में किफायती।
- प्रयोग: अस्पतालों में मरीजों की स्थिति का आंकलन।
- **महत्व:** कार्डियक अरेस्ट जैसे गंभीर मामलों में पूर्वानुमान में सहायक।

### भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास "साइक्लोन-III"

- आयोजन: 10-23 फरवरी 2025, महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर।
- प्रारूप: वार्षिक सैन्य अभ्यास, स्थान बारी-बारी से बदलता है।
- पिछला संस्करण: जनवरी 2024, अंशास, मिस्र।
- उद्देश्य: रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियानों की रणनीति का अभ्यास।

### PPR टीकाकरण में राजस्थान प्रथम

- उपलब्धि: PPR (पेस्टी डेस पेटिट्ज रूमिनेंट) उन्मूलन और निगरानी कार्यक्रम में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर।
- टीकाकरण प्रतिशत: राज्य में लगभग 78% पशुओं का टीकाकरण पूरा।
- **पशु संख्या में स्थान:**
  - बकरियों की संख्या में देश में प्रथम।
  - भेड़ वंश में देश में तीसरा स्थान।

### संपर्क पोर्टल पर जिला स्तरीय रैंकिंग (2024)

- राजस्थान में शिकायत निस्तारण व संतुष्टि दर: 62%।
- शीर्ष जिला: बांसवाड़ा (71.66% उपलब्धि) के साथ प्रथम स्थान पर।
- प्रक्रिया: शिकायत दर्ज होने पर संबंधित विभाग को आवंटित की जाती है।

### अजमेर रेल मंडल 'रेल मदद' पोर्टल में शीर्ष स्थान पर

- उपलब्धि: रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान।
- अवधि: वित्त वर्ष 2024-25 में जनवरी 2025 तक।
- संतोषजनक फीडबैक: 76.01%।

### राजस्थान हवाई यात्री संख्या में 11वें स्थान पर

- कुल हवाई यात्री (2024-25): 64.33 लाख।
- शीर्ष हवाई यात्री भार वाले राज्य: दिल्ली (5.86 करोड़)।
- जयपुर एयरपोर्ट यात्री संख्या: 43.93 लाख।

### जयपुर एयरपोर्ट की राष्ट्रीय रैंकिंग

- 2024 में: 13वां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट।
- दिसंबर 2024 में: 11वां स्थान, यात्री संख्या 5.90 लाख।
- 2024 में यात्री वृद्धि: 9% (58.73 लाख यात्री)।

### जल जीवन मिशन में राजस्थान की प्रगति

- लक्ष्य: 2028 तक सभी घरों में नल जल पहुंचाना।
- अब तक उपलब्धि: 46% ग्रामीण घरों तक नल कनेक्शन।
- शेष कार्य: अगले 3 वर्षों में 47 लाख घरों को जोड़ना।

| जेजेएम टॉप पांच सर्किल (प्रतिशत में) | जेजेएम में निम्न 5 सर्किल (प्रतिशत में) |
|---|---|
| 1. दूदू: 96.49 | 1. बाड़मेर: 18.18 |
| 2. शाहपुरा: 95.73 | 2. डीग : 24.57 |
| 3. गंगानगर: 90.86 | 3. चितौडगढ़: 28.68 |
| 4. हनुमानगढ़: 84.60 | 4. डूंगरपुर: 28.77 |
| 5. डीडवाना - कुचामन : 83.96 | 5. प्रतापगढ़: 31.61 |

### राजस्थान में भूजल दोहन की स्थिति

- राजस्थान में 150 प्रतिशत भूजल दोहन हो रहा है।
- राज्य के भू-जल संसाधनों की नवीनतम आकलन रिपोर्ट वर्ष 2024 में 295 पंचायत समितियों (ब्लॉक) तथा 7 शहरी क्षेत्रों सहित कुल 302 इकाइयों का आंकलन किया गया।
- इसमें **214 ब्लॉक अतिदोहित,** 27 ब्लॉक संवेदनशील, 21 ब्लॉक अर्द्धसंवेदनशील, 37 ब्लॉक सुरक्षित तथा 3 ब्लॉक लवणीय श्रेणी में है।
- **नोट:** राजस्थान में अटल भू-जल योजना एक अप्रेल 2020 से लागू की गई है।

### एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ASER) 2024

- इस रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के सरकारी स्कूलों में गणित के मूलभूत कौशलों में बच्चों की स्थिति कमजोर है।
- राजस्थान के बच्चों की गणितीय क्षमता कम पाई गई। कक्षा 3 के केवल 20% छात्र ही संख्या घटाव कर सकते हैं कक्षा 5 के केवल 22% छात्र ही भाग देने में सक्षम है।
- राजस्थान में सरकारी स्कूलों में छात्र- शिक्षक अनुपात में सुधार हुआ है।
    - वर्ष 2022 में 68.5 फीसदी स्कूलों में यह अनुपात मानकों के अनुरूप था, जो अब 2024 में बढ़कर 81.6 प्रतिशत हो गया है।
- कक्षा शिक्षक अनुपात में कमी आई है।
    - यह अनुपात वर्ष 2022 में यहअनुपात 77.3 प्रतिशत स्कूलों में मानकों के अनुरूप था, लेकिन 2024 में घटकर 70.6 फीसदी पर आ गया।
- राजस्थान के सरकारी स्कूलों में खेल मैदानों की संख्या में कमी आई है।
    - वर्ष 2022 में 77.3 फीसदी स्कूलों में खेल मैदान उपलब्ध थे, जो 2024 में घटकर 76.1 प्रतिशत रह गए हैं।

**नोट: राजस्थान बजट 2024-25 आर्थिक समीक्षा के साथ संलग्न है।**

## बजट :26-2025चर्चा के दौरान प्रमुख घोषणाएँ

### प्रशासन एवं नवाचार

- हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना एआई, एमएल, वीएफएक्स, गेमिंग, एडवांस एनालिटिक्स और इमेज प्रोसेसिंग के लिए।
- 'राजधरा 2.0': संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु 35 करोड़ रुपये की लागत से रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस प्लेटफॉर्म को एआई से जोड़ा जाएगा।
- इंटीग्रेटेड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम: सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की पदस्थापन, पदोन्नति और सेवा नियमों से संबंधित कार्यों को ऑनलाइन करने हेतु 15 करोड़ रुपये का प्रावधान।

### युवाओं एवं नवाचार को बढ़ावा

- अटल इनोवेशन अवार्ड्स: समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार को प्रोत्साहन।
- भारत यंग लीडर्स डायलॉग और यूथ फेस्टिवल का आयोजन।
- राजस्थान डिजी फेस्ट का आयोजन, टीआईई ग्लोबल से सहयोग।

### औद्योगिक एवं सांस्कृतिक विकास

- औद्योगिक पार्क (शाहपुरा-भीलवाड़ा) और वुड पार्क (लालसोट-दौसा) की स्थापना।
- सौंध माटी धरोहर प्रलेखन योजना: जनजातीय कलाकारों की कला, पाक कला, ऐतिहासिक स्थलों और चित्रकारी को संरक्षित करने की पहल।

### स्वास्थ्य सेवाएँ

- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एवं कार्डियोथोरेसिक सर्जरी जैसी उच्च तकनीक प्रक्रियाएँ शामिल।
- राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के अगले चरण में आईपीडी मरीजों के लिए सिंगल विंडो रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किया जाएगा।
- IHMS (इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत मा योजना और आरजीएचएस पोर्टल को जोड़ा जाएगा।

### खेल एवं युवा विकास

- राष्ट्रीय जम्बूरी (छत्तीसगढ़) में भाग लेने वाले 2,500 प्रतिभागियों की तैयारी हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन।
- हॉकी अकादमी (जैतारण-ब्यावर) और मल्टीपर्पज स्टेडियम (अजमेर) का निर्माण।
- खेल स्टेडियम (औसियां-जोधपुर, मारवाड़ जंक्शन-पाली, प्रतापनगर-जयपुर एवं डीडवाना) की स्थापना।

**विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए सुविधाएँ**

- शैक्षणिक भवनों को एक्सेसिबल बनाया जाएगा।
- पोर्टेबल रैंप्स, दिव्यांग-अनुकूल टॉयलेट्स एवं सिनेजेस का निर्माण।

**पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि विकास**

- ग्रीन ग्रोथ: जैव विविधता वाले क्षेत्रों में 40 प्लांट माइक्रो रिजर्व्स स्थापित कर रेयर, थ्रेटन्ड एवं एंडेंजर्ड प्रजातियों का संरक्षण।
- गोविंद गुरु जनजातीय योजना: 18 जिलों में वनाधिकार प्रकोष्ठ की स्थापना।
- कीट प्रबंधन: 10 प्रयोगशालाओं की उत्पादन क्षमता 100 मीट्रिक टन तक बढ़ाई जाएगी।
- बायो-इनफॉर्मेटिक्स डाटाबेस: एग्रो-क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप उपयुक्त प्रजातियों के सुधार हेतु।

**कृषि एवं पशुपालन**

- 3,236 छोटे बांधों को जल संसाधन विभाग को पुनः हस्तांतरित किया जाएगा।
- कोटा में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव।
- कृषि मंडियों की स्थापना: रियाबड़ी (नागौर), माखूपुरा (अजमेर), बर (ब्यावर) में फल-सब्जी मंडी।

**जनजातीय विकास योजनाएँ**

- 26जनजातीय उपयोजना कोष: बजट 1500 करोड़ से बढ़ाकर 1750 करोड़।
- पीएम जनमन योजना: बारां जिले के सहरिया क्षेत्र में 17 मल्टी-परपज केंद्र स्वीकृत।

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य

## January (जनवरी)

### संपत्ति का अधिकार संवैधानिक व मानवाधिकार है – सुप्रीम कोर्ट

- निर्णय: संपत्ति का अधिकार अब मूल अधिकार नहीं, लेकिन संवैधानिक अधिकार और मानवाधिकार है।
- संशोधन: 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के बाद यह मूल अधिकार नहीं रहा।
- वर्तमान स्थिति: अनुच्छेद 300A के तहत संवैधानिक अधिकार और कल्याणकारी राज्य में मानवाधिकार के रूप में मान्यता प्राप्त।

### उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू

- लागू: 27 जनवरी 2025 से उत्तराखंड पहला राज्य जिसने UCC लागू किया।
- उद्देश्य: सभी नागरिकों को समान अधिकार सुनिश्चित करना।
- प्रभावित वर्ग: अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी नागरिक।
- **प्रावधान:**
    - विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत पर समान कानून।
    - सभी विवाहों व लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य।

### वायनाड भूस्खलन: केंद्र सरकार ने घोषित की 'गंभीर प्रकृति' की आपदा

- घोषणा: केंद्र सरकार ने इसे 'गंभीर प्रकृति' की आपदा घोषित किया।
- **प्रभाव:**
    - राज्य को पुनर्वास हेतु वित्तीय सहायता मिलेगी।
    - सांसद निधि सहित अन्य फंड से धनराशि जुटाने में सुविधा।
    - राज्य आपदा मोचन कोष (SDRF) से वित्तीय सहायता उपलब्ध।

## February (फरवरी)

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

- मणिपुर में 21 महीनों से जारी हिंसा के कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन 13 फरवरी 2025 से लागू हुआ।
- 2027 तक कार्यकाल वाली विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है।
- यह कदम अनुच्छेद 356 के तहत उठाया गया।
- **प्रभाव:**सभी सरकारी विभाग और शक्तियाँ राष्ट्रपति के अधीन है।

### देश में राष्ट्रीय हरित वित्तपोषण संस्थान स्थापित होगा

- यह संस्थान 2070 तक शुद्ध-शून्य लक्ष्य प्राप्त करने में भारत का समर्थन करेगा।
- नीति आयोग संभावित राष्ट्रीय हरित वित्तपोषण संस्थान के संचालन के लिए संरचना तंत्र का विश्लेषण कर रहा है।
- भारत का लक्ष्य 2005 के स्तर की तुलना में 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत कम करना है।
- भारत ने 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी स्थापित विद्युत ऊर्जा क्षमता का 50 प्रतिशत हासिल करने का भी लक्ष्य रखा है।

### यूनानी चिकित्सा में नवाचारों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- विषय: "एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार – आगे की राह"।
- आयोजन: केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (CCRM)।
- उद्घाटन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।

# 3. आर्थिक परिदृश्य

## January (जनवरी)

### 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

- मंजूरी: 16 जनवरी 2025, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा।
- संरचना: चेयरमैन और दो सदस्य नियुक्त किए जाएंगे।
- भूमिका: केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और मुआवज़े का निर्धारण।
- प्रभावी तिथि: 1 जनवरी 2026 से लागू होगा।
- पिछला वेतन आयोग: 7वां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ, 2026 तक वैध।

### एकीकृत पेंशन योजना (UPS) का कार्यान्वयन

- घोषणा: सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से लागू।
- प्रभावी तिथि: 1 अप्रैल 2025 से।
- लागू: राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारी।
- **विकल्प:**
  - कर्मचारी NPS को जारी रख सकते हैं या
  - NPS के तहत UPS का विकल्प चुन सकते हैं।

### WPI आधार वर्ष संशोधनहेतु कार्य समूह का गठन

- निर्णय: WPI का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने हेतु कार्य समूह का गठन।
- नेतृत्व: नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद।
- भूमिका: आधार वर्ष 2022-23 के लिए WPI और उत्पादक मूल्य सूचकांक (PPI) की कमोडिटी बास्केट पर सुझाव देना।
- **मौजूदा** WPI:
  - शुरुआत: मई 2017 (2011-12 आधार वर्ष)
  - आइटम: 697 (प्राथमिक वस्तुएं - 117, ईंधन व बिजली - 16, विनिर्मित उत्पाद - 564)।

**उत्पादक मूल्य सूचकांक** (PPI)

- परिभाषा: घरेलू उत्पादकों को मिली कीमतों में समय के साथ परिवर्तन मापने वाला संकेतक।
- प्रकाशन: यू.एस. ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स द्वारा मासिक।

### "एक राष्ट्र, एक सदस्यता" योजना

- प्रारंभ: 1 जनवरी 2025 से सरकार द्वारा लागू।
- उद्देश्य: शोध पत्रों, पत्रिकाओं और शैक्षणिक सामग्री तक एकल सदस्यता के माध्यम से निर्बाध डिजिटल पहुंच।
- लाभार्थी: देशभर के छात्र, शोधकर्ता और उच्च शिक्षा संस्थान।
- **कवरेज:**
  - 1.8 करोड़ से अधिक छात्र शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्रों तक पहुंच प्राप्त करेंगे।
  - पहले चरण में 13,400+ अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएँ उपलब्ध।
- **वित्तीय प्रावधान:**
  - 3 वर्षों हेतु 6,000 करोड़ रुपये का बजट।
  - अच्छी गुणवत्ता वाली ओपन एक्सेस पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए 150 करोड़ रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता।

### ट्रेड इनेबलमेंट एंड मार्केटिंग (TEAM) पहल

- शुरुआत: MSME मंत्रालय द्वारा।
- उद्देश्य: MSME को डिजिटल कॉमर्स अपनाने में सहायता।
- बजट: 277.35 करोड़ रुपये (3 वर्षों के लिए)।
- **लक्ष्य:**
  - 5 लाख MSME को ONDC प्लेटफॉर्म से जोड़ना
  - टियर 2 और टियर 3 शहरों की महिला उद्यमियों को समर्थन देना।
- संबंध: RAMP कार्यक्रम के तहत एक उप-योजना।

### राष्ट्रीय हरित हाईड्रोजन मिशन के अंतर्गत पहला हरित हाईड्रोजन केंद्र

- परियोजना स्थल: पुदिमदका, विशाखापत्तनम।
- शिलान्यास: 8 जनवरी 2025, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- महत्व: राष्ट्रीय हरित हाईड्रोजन मिशन के तहत स्थापित पहला केंद्र।
- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा विकसित।

### "कैशलेस उपचार" योजना

- शुरुआत: केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा।
- उद्देश्य: सड़क दुर्घटना पीड़ितों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- **लाभ:**
  - 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, बशर्ते दुर्घटना की सूचना 24 घंटे के भीतर पुलिस को दी जाए।
  - हिट एंड रन मामलों में मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि।
- प्रबंधन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) द्वारा आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यान्वयन।

## डायमंड इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन (DIA) योजना

- लागू: 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी।
- उद्देश्य: प्राकृतिक कट और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ावा देना।
- **प्रावधान:**
    - ¼ कैरेट (25 सेंट) से कम के हीरों का शुल्क-मुक्त आयात।
    - निर्यात दायित्व: 10% मूल्य संवर्धन अनिवार्य।
    - पात्रता: दो सितारा निर्यात गृह या वार्षिक $15 मिलियन से अधिक निर्यात करने वाले हीरा निर्यातक।
- महत्व: भारतीय हीरा निर्यातकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में समान अवसर प्रदान करना।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का विस्तार (2025-26 तक)

- विस्तार: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक बढ़ाया गया।
- बजट: 69,515 करोड़ रुपये।

## राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM)

- मंजूरी: केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा।
- घोषणा: 23 जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में।
- **वित्तीय प्रावधान:**
    - ₹16,300 करोड़ का व्यय।
    - PSU द्वारा ₹18,000 करोड़ का संभावित निवेश।
- **उद्देश्य:**
    - खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारीकरण, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों की वसूली को कवर करना।
    - खनन परियोजनाओं के लिए फास्ट-ट्रैक विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया बनाना।

## MSME म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना

- **लाभ:**
    - ₹100 करोड़ तक की क्रेडिट सुविधाएँ।
    - 60% गारंटी कवरेज (नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी - NCGTC द्वारा)।
- **मुख्य प्रावधान:**
    - ऋण का 75% मशीनरी व उपकरणों पर खर्च करना अनिवार्य।
    - ₹50 करोड़ तक के ऋण के लिए अधिकतम भुगतान अवधि 8 वर्ष (2 वर्ष की मूलधन स्थगन अवधि सहित)।
    - ₹50 करोड़ से अधिक के ऋण पर लचीली पुनर्भुगतान योजना।
- पात्रता: एमएसएमई को उद्यम पंजीकरण संख्या आवश्यक।
- **सदस्य ऋण संस्थान:**CGTC के साथ पंजीकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, NBFC और AIFI।

## पंचायत से संसद 2.0 कार्यक्रम

- शुरुआत: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 6 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में।
- **उद्देश्य:**500+ महिला पंचायती राज प्रतिनिधियों को संविधान और संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना।
- **विशेषताएँ:**
    - आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित।
    - 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 502 अनुसूचित जनजाति की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- **आयोजक:**
    - लोकसभा सचिवालय का संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (PRIDE)।
    - राष्ट्रीय महिला आयोग और जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से।

## भारत वस्त्र और परिधान निर्यात में छठे स्थान पर

- वैश्विक व्यापार में योगदान: 3.9% बाजार हिस्सेदारी।
- भारत के कुल निर्यात में भागीदारी: 8.21%।
- मुख्य निर्यात गंतव्य: अमेरिका और यूरोपीय संघ (47%)।
- आयात (2023-24): 8,946 मिलियन अमरीकी डॉलर के वस्त्र और परिधान।

## मिशन मौसम

- शुरुआत: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा, 14 जनवरी 2025।
- उद्देश्य: भारत को मौसम और जलवायु के प्रति तैयार राष्ट्र बनाना।
- **तकनीकी पहल:**
    - हाई-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन।
    - अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रह।
    - उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटर।
- मुख्य लाभ: कृषि, आपदा प्रबंधन, रक्षा, पर्यावरण, विमानन, जल संसाधन, बिजली, पर्यटन और शिपिंग क्षेत्रों के लिए उपयोगी।
- **कार्यान्वयन एजेंसियाँ:**
    - भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)।
    - भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM)।
    - राष्ट्रीय मध्यम-अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF)।

## PLI योजना 1.1 (स्पेशलिटी स्टील के लिए)

- शुरुआत: 6 जनवरी 2025, केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री द्वारा।

- उद्देश्य: घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और आयात निर्भरता कम करना।
- निवेश और क्षमता आवश्यकताओं की सीमा को कम किया गया।
- CRGO (Cold-Rolled Grain-Oriented Steel) जैसे उच्च मूल्य उत्पाद शामिल।
- अवधि: वित्त वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक लागू।
- **शामिल उत्पाद श्रेणियाँ:**
    - कोटेड/प्लेटेड स्टील उत्पाद।
    - उच्च शक्ति/पहनने के लिए प्रतिरोधी स्टील।
    - विशेष रेल।
    - मिश्र धातु स्टील उत्पाद और स्टील तार।
    - विद्युत स्टील।

## EmpowHER Biz – सपनों की उड़ान

- शुरुआत: नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (WEP) द्वारा, Award to Reward (ATR) कार्यक्रम के तहत।
- साझेदार: न्यू शॉप – भारत की सबसे बड़ी 24/7 कन्वीनियंस रिटेल चेन।
- उद्देश्य: महिला उद्यमियों को संगठित रिटेल सेक्टर में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और संसाधन प्रदान करना।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - रिटेल प्रबंधन, डिजिटल उपकरण, वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय विकास पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण।
    - महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों के लिए व्यापक समर्थन।
- महिला उद्यमिता मंच (WEP): 2018 में नीति आयोग में एक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित।

## राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का शुभारंभ

- शुरुआत: 14 जनवरी 2025, नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा।
- अध्यक्ष: पल्ले गंगा रेड्डी।
- मुख्यालय: निजामाबाद, तेलंगाना।
- हल्दी की विशेषता:'गोल्डन स्पाइस' के नाम से प्रसिद्ध।
- भारत हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक (वैश्विक व्यापार में 62% हिस्सेदारी)।
- कार्य:हल्दी किसानों के कल्याण पर ध्यान (महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित 20 राज्यों में) और नए हल्दी उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा।
- हल्दी उत्पादों की गुणवत्ता संवर्धन और अंतरराष्ट्रीय विपणन को मजबूत बनाना।
- 2023-24 **उत्पादन आँकड़े:**
    - हल्दी की खेती का कुल क्षेत्रफल: 3.05 लाख हेक्टेयर।
    - उत्पादन: 10.74 लाख टन।

# February (फरवरी)

## 'वन नेशन-वन पोर्ट' का शुभारंभ

- शुभारंभ: 27 फरवरी 2025 को।
- यह पहल बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) द्वारा भारत के प्रमुख बंदरगाहों में परिचालन को मानकीकृत और सुव्यवस्थित करने के लिए शुरू की गई है।
- **उद्देश्य:** भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना और इसकी वैश्विक व्यापार उपस्थिति को मजबूत करना।
- यह दस्तावेज़ीकरण और प्रक्रियाओं में विसंगतियों को दूर करेगा।
- इसके अलावा भारत के समुद्री क्षेत्र में दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए **लॉजिस्टिक्स पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPPI) - सागर अंकलन** भी लॉन्च किया गया।
    - LPPI थोक (सूखा और तरल) और कंटेनर श्रेणियों में सभी प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों का मूल्यांकन करता है।
- **भारत ग्लोबल पोर्ट्स कंसोर्टियम का शुभारंभ**
    - **उद्देश्य:** वैश्विक व्यापार को मजबूत करना।
- इसके अलावा **MAITRI (मैत्री) लोगो** (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और विनियामक इंटरफ़ेस के लिए मास्टर एप्लिकेशन) भी लॉन्च किया गया।
- यह व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही की अतिरेक को कम करने और मंजूरी में तेजी लाएगा।
- केंद्रीय मंत्री ने मुंबई में 27 से 31 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होने वाले भारत समुद्री सप्ताह की भी घोषणा की।

## लघु खनिजों का प्रमुख खनिजों की सूची में पुनर्वर्गीकरण

- केन्द्रीय खनन मंत्रालय ने निम्नलिखित को लघु खनिजों (Minor Minerals) की सूची से निकालकर प्रमुख खनिजों (Major Minerals) की सूची में पुनर्वर्गीकरण कर दिया गया-

1. बैराइट
2. फेल्सपर
3. अभ्रक
4. क्वार्ट्ज

- यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दिए जाने के बाद लिया गया है।
- इन खनिजों की विभिन्न नई प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा संक्रमण, अंतरिक्ष यान उद्योगों, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण भूमिका है।
- प्रमुख खनिजों के रूप में वर्गीकृत होने के बाद इन खनिजों की खोज एवं वैज्ञानिक खनन में वृद्धि होगी।

## नक्शा (NAKSHA) कार्यक्रम

- केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 18 फरवरी को मध्य प्रदेश के रायसेन (सांची) में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित शहरी पर्यावास भू-सर्वेक्षण (National geospatial Knowledge-based land Survey of urban Habitations)-'नक्शा' (NAKSHA) कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- 'नक्शा' कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।
- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि सर्वेक्षण प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है।
- इसका मुख्य उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना, भूमि स्वामित्व का सटीक दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित करना, शहरी नियोजन में सुधार करना और भूमि संबंधी विवादों को कम करना है।
- 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया।
- ड्रोन सर्वेक्षण द्वारा भूमि का डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा।
- नागरिकों को उनकी संपत्ति का व्यवस्थित डिजिटल रिकॉर्ड मिलेगा।

## 'MSMEs के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना (MCGS)'

- **लॉन्च:** 17 फरवरी 2025 को मुंबई से।
- MCGS-MSME एक ऐसी योजना है, जिसके तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को पात्र ऋण संस्थानों से 100 करोड़ रुपये तक के सावधि ऋण प्रदान किए जाएंगे।

### MCGS-MSME की अन्य मुख्य विशेषताएं

- **ट्रस्ट / फंड:** इस योजना के प्रबंधन के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी फंड - MSME (MCGF-MSME) बनाया गया है।
- इसका गठन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) ने किया है।
- नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (NCGTC) इस योजना का प्रबंधन करेगी। यह DFS की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।
- **गारंटी कवरेज:**MCGS - MSME के तहत स्वीकृत ऋणों के लिए सदस्य ऋण संस्थानों (MLIs) को NCGTC द्वारा 60% गारंटी कवरेज प्रदान किया जाएगा।
- **सदस्य ऋण संस्थान (MLI):**ये योजना के तहत NCGTC के साथ पंजीकृत वाणिज्यिक बैंक, NBFC जैसे वित्तीय संस्थान होंगे।
- **पात्र उधारकर्ता:**
  - वैध उद्यम पंजीकरण वाले MSMEs;
- किसी भी ऋणदाता के साथ गैर-निष्पादित परिसंपत्ति नहीं होनी चाहिए;
- उपकरण / मशीनरी के लिए परियोजना लागत का न्यूनतम 75% होना चाहिए।
- योजना की अवधि: 4 वर्षों के लिए या 7 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक (जो भी पहले हो) उपलब्ध है।

## केंद्र सरकार ने एकीकृत "प्रधान मंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM-AASHA)" योजना को 2025-26 तक बढ़ाने को मंजूरी दी

- एकीकृत PM-AASHA योजना 2018 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य फसल खरीद संचालन को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है।
- क्रियान्वयन मंत्रालय: केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय।

**उद्देश्यः**

- किसानों को उनकी फसल उपज के लिए मूल्य आश्वासन प्रदान करना,
- आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव को कम करना।
- **फसल कवरेजः** दलहन, तिलहन और खोपरा।
- बजट 2025 में, सरकार ने घोषणा की है कि राज्य के उत्पादन का 100 प्रतिशत तक तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की खरीद अगले चार वर्षों तक जारी रखी जाएगी।

## 'उद्यमिता के लिए एआई' माइक्रो-लर्निंग मॉड्यूल

- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और इंटेल इंडिया द्वारा लॉन्च किया गया है।
- कार्यक्रम का उद्देश्य युवा भारतीय उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की सोच को प्रोत्साहित करना और एआई अवधारणाओं को स्पष्ट करना है।
- 2025 तक, इसका लक्ष्य एक लाख युवाओं को तकनीकी रूप से उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है।
- इसमें रचनात्मक समस्या-समाधान, उद्यमशीलता की रणनीति और व्यवसाय विकास के लिए एआई शामिल हैं।

## भारत की पहली समर्पित जीसीसी नीति मध्य प्रदेश द्वारा जारी की गई है।

- मध्य प्रदेश समर्पित वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया।
- इसके कार्यान्वयन के लिए एक नामित नोडल एजेंसी जिम्मेदार होगी।
- यह नीति आईटी, वित्त, इंजीनियरिंग, मानव संसाधन और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों को लक्षित करती है।
- इस नीति का लक्ष्य 50 से अधिक जीसीसी को आकर्षित करना और 37,000 से अधिक नौकरियां पैदा करना है।
- यह नीति टियर-2 शहरों में जीसीसी विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत की पहली समर्पित रूपरेखा है।

## RBI ने रेपो रेट में 0.25% कमी की

- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने रेपो रेट को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया है।
- इससे सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और EMI भी घटेगी।
- RBI जिस इंटरेस्ट रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं और बैंक इसी कर्ज से अपने कस्टमर्स को लोन देते हैं।
- बैंकों की ओर से जमा राशि पर RBI जिस रेट पर ब्याज देता है, उसे रिवर्स रेपो रेट कहा जाता है।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय समिति गठित होगी

- देश में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को आंदोलन का रूप देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समिति बनाई जाएगी।
- यह समिति किसानों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें प्राकृतिक खेती के तरीके अपनाने के संबंध में प्रशिक्षण देने की दिशा में काम करेगी।

## राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF)

- इसे नवंबर 2024 में केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई।
- NMNF का लक्ष्य 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती शुरू करना और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 15,000 क्लस्टरों में 10,000 जरूरत-आधारित जैव-इनपुट संसाधन केंद्र (BRC) स्थापित करना है।
- के तहत, कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके), कृषि विश्वविद्यालयों (एयू) और किसानों के खेतों में लगभग 2000 एनएफ मॉडल प्रदर्शन फार्म स्थापित किए जाएंगे और इन्हें अनुभवी और प्रशिक्षित किसान मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।
- यह मिशन 18.75 लाख किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देगा और वही किसान एक करोड़ किसानों को प्रशिक्षित करेंगे।

## केरल में फार्मास्युटिकल कचरे का वैज्ञानिक निपटान

- केरल ड्रग्स कंट्रोल विभागद्वारा nPROUD' (New Programme for Removal of Unused Drugs) पहल शुरू की जाएगी।
- केरल भारत का पहला ऐसा राज्य होगा जो वैज्ञानिक रूप से घरेलू स्तर पर Expired और अनुपयोगी दवाओं के संग्रह और निपटान की व्यवस्था करेगा।

**nPROUD पहल**

- 'एनप्राउड': अप्रयुक्त दवाओं को हटाने के लिए नया कार्यक्रम (New Programme for Removal of Unused Drugs)
- इस कार्यक्रम को 22 फरवरी को कोझिकोड कॉर्पोरेशनऔर उल्लियरी पंचायत (जिला कोझिकोड) में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा और फिर इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।
    - **चरण 1:** घरेलू संग्रहण
    - **चरण 2:** स्थायी संग्रहण केंद्र
    - **चरण 3:** स्थानीय निकायों के साथ समन्वय
- संग्रहित दवाओं को केरल एनवायरो इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (KEIL) भेजा जाएगा, जो राज्य और केंद्रीय पर्यावरण प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित एक कचरा उपचार सुविधा है।

## सिडबी और A.F.D. (फ्रांस) ने क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए

- उद्देश्य: भारतीय एमएसएमई के लिए हरित वित्त समाधान को बढ़ावा देना।
- इसके तहत A.F.D (Agence Française de Développement) द्वारा सिडबी को 100 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन प्रदान की जाएगी।
- यह एमएसएमई के लिए किफायती वित्तपोषण तक पहुंच का विस्तार करने के लिए उपयोग किया जाएगा।
- **A.F.D.:** एक फ्रांसीसी सार्वजनिक वित्तीय संस्थान है, जो फ्रांस की विकास और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता नीतियों को लागू करता है।

## केन्द्रीय बजट 2025-26

- केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2025 को संसद में केन्द्रीय बजट 2025-26पेश किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्णकालिक बजट है।
- यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वाँ बजट है।
    - सीतारमण से पहले सर्वाधिक बजट पटल पर रखने वालों में पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम औरप्रणब मुखर्जी का नाम शामिल है।
    - मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री रहते हुए 10 बार बजट पेश किया था। उन्होंने वर्ष 1959-1964 के बीच लगातार 5 पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। इसके बाद उन्होंने1967-1969 के बीच चार बजट पेश किए थे।
    - पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने 9 बार केन्द्रीय बजट पेश किया था। जबकि प्रणब मुखर्जी ने 8 बार बजट पेश किया था।
- केन्द्रीय बजट 2025-26 में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। वित्त मंत्री ने विकसित भारत के निम्न व्यापक सिद्धांतों का उल्लेख इस बजट में किया है-
- **गरीबी से मुक्ति;** शत प्रतिशत अच्छे स्तर की स्कूली शिक्षा; बेहतरीन, सस्ती और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच; शत-प्रतिशत कुशल कामगार के साथ सार्थक रोजगार; आर्थिक गतिविधियों में सत्तर प्रतिशत महिलाएँ; और हमारे देश को 'फूड बास्केट ऑफ द वर्ल्ड' बनाने वाले किसान।
- इस बजट में, प्रस्तावित विकास निम्न 10 व्यापक क्षेत्रों में फैला हुआ है-

i. कृषि के विकास और उत्पादकता को गति प्रदान करना;
ii. ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण;
iii. समावेशी प्रगति के पथ पर सबको साथ लेकर
iv. भारत में विनिर्माण बढ़ाना और मेक इन इंडिया को और आगे ले जाना;
v. एमएसएमई को सहायता देना;
vi. रोजगार द्वारा विकास को समर्थ बनाना;
vii. जनता, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना;
viii. ऊर्जा आपूर्तियाँ सुनिश्चित करना;
ix. निर्यात को बढ़ावा देना; और
x. नवाचार को पोषित करना।

### बजट अनुमान 2025-26

- उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियाँ: ₹ 34.96 लाख करोड़
- कुल व्यय: ₹ 50.65 लाख करोड़
- निवल कर प्राप्तियाँ: ₹ 28.37 लाख करोड़
- राजकोषीय घाटा: जीडीपी का 4.4 प्रतिशत
- सकल बाजार उधारियाँ: ₹ 14.82 लाख करोड़
- कैपेक्स व्यय: ₹11.21 लाख करोड़ (जीडीपी का 3.1%)




| ₹ करोड़ में | 2023-24 (वास्तविक) | 2024-25 (बजट अनुमान) | 2024-25 (संशोधित अनुमान) | 2025-26 (बजट अनुमान) |
|---|---|---|---|---|
| राजस्व प्राप्तियां | 27,29,036 | 31,29,200 | 30,87,960 | 34,20,409 |
| पूंजी प्राप्तियां | 17,14,411 | 16,91,312 | 16,28,527 | 16,44,936 |
| कुल प्राप्तियां | 44,43,447 | 48,20,512 | 47,16,487 | 50,65,345 |
| कुल व्यय | 44,43,447 | 48,20,512 | 47,16,487 | 50,65,345 |
| प्रभावी पूंजीगत व्यय | 12,53,111 | 15,01,889 | 13,18,320 | 15,48,282 |
| राजस्व घाटा | 7,65,216 | 5,80,201 | 6,10,098 | 5,23,846 |
| प्रभावी राजस्व घाटा | 4,61,300 | 1,89,423 | 3,10,207 | 96,654 |
| राजकोषीय घाटा | 16,54,643 | 16,13,312 | 15,69,527 | 15,68,936 |
| प्राथमिक घाटा | 5,90,771 | 4,50,372 | 4,31,587 | 2,92,598 |




इस बजट का उद्देश्य निम्न 6 क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधार करना है।

(1) कराधान;

(2) विद्युत क्षेत्र;


(3) शहरी विकास;

(4) खनन;

(5) वित्तीय क्षेत्र; और

(6) विनियामक सुधार।

- केन्द्रीय बजट में कृषि, एसएसएमई, निवेश और निर्यात को विकसित भारत की यात्रा के ईंजन के रूप में रेखांकित किया गया है।




**विकास के प्रथम इंजन के रूप में कृषि**

- **प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना:** विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम: यह योजना राज्यों की भागीदारी के साथ शुरू की जाएगी।
- इसमें मौजूदा योजनाओं और विशिष्ट उपायों के अभिसरण के माध्यम से कम उत्पादकता, कम उपज और औसत से कम ऋण मानदण्डों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा।

- **ग्रामीण सम्पन्नता और अनुकूलन निर्माण:** यह व्यापक बहु- क्षेत्रीय कार्यक्रम राज्यों की भागीदारी से प्रारम्भ किया जाएगा।
- इसमें पहले चरण में100 विकासशील कृषि जिलों कोशामिल किया जाएगा।
- इससे कौशल, निवेश, प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि में कम रोजगार का समाधान होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आएगी।
- **दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन:** यह 6 वर्षीय मिशन तूर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रारम्भ किया जाएगा।
- इसके तहत् केन्द्रीय एजेंसियाँ (नेफेड और एनसीसीएफ) अगले 4 वर्षों के दौरान किसानों से ये दालें खरीदेंगी।
- बजट में सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम हेतु उपायों की भी अवधारणा तैयार की गई है।
- **मखाना बोर्ड:** मखानों का उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार लाने के लिए बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित किया जाएगा।
- **राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन:** यह मिशन अनुसंधान इकोसिस्टम को मजबूत करने, लक्षित विकास और उच्च पैदावार वाले बीजों का प्रसार करने और बीजों की 100 से अधिक किस्मों को वाणिज्यिक स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा।
- **मत्स्य उद्योग:** बजट में अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप जैसे द्वीपों पर विशेष ध्यान देते हुए भारतीय विशिष्ट आर्थिकक्षेत्र और गहरे समुद्रों से निरंतर मछली पकड़ने को बढ़ावा देने हेतु एक फ्रेमवर्क लाने की घोषणा की गई है।
- **किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण:**वित्तमंत्री ने संशोधित ब्याज योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिटों के माध्यम से मिलने वाले ऋण की सीमा को ₹3 लाख से बढ़ाकर ₹ 5 लाख करने की घोषणा की है।
- **असम में यूरिया संयन्त्र:** असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- **कपास उत्पादकता मिशन:** कपास की खेती की उत्पादकता और बहनीयता में पर्याप्त सुधार लाने के लिए 5 वर्षीय मिशन की घोषणा की गई है। इसमें कपास की अधिक लंबे रेशे वाली किस्मों को बढ़ावा दिया जाएगा।

**विकास के दूसरे इंजन के रूप में एमएसएमई**

- सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और कारोबार की सीमा बढ़ाकर क्रमशः 2.5 और 2 गुना कर दी जाएगी।
- उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पहले वर्ष में ₹ 5 लाख तक की सीमा वाले 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएँगे।
- **ऋण गारंटी कवर:** ऋण तक पहुँच में सुधार के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाया जाएगा। इसके तहत्-
    - सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए यह सीमा ₹5 करोड़ से बढ़ाकर ₹10 करोड़, स्टार्ट-अप के लिए ₹10 करोड़ से बढ़ाकर ₹20 करोड़ की गई है।
    - निर्यातक एमएसएमई के लिए ₹20 करोड़ तक के सावधि ऋण दिए जाएँगे।
- बजट में 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित 'जनजातियों के पहली बार के उद्यमियों के लिए अगले 5 वर्षों के दौरान ₹2 करोड़ तक का सावधि ऋण उपलब्ध कराने की एक नई योजना की घोषणा की गई है।
- भारत को 'वैश्विक खिलौना केन्द्र' बनाते हुए उच्च गुणवत्ता वाले अनूठे नवीन और पर्यावरण अनुकूल खिलौने बनाने की योजना।
- **राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता और प्रबंधन संस्थान:** इस संस्थान की स्थापना बिहार में की जाएगी।
- **राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन:** इस मिशन की स्थापना 'मेक इन इंडिया' को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को शामिल करते हुए की जाएगी।

**विकास के तीसरे इंजन के रूप में निवेश**

**I. लोगों में निवेश**

- **सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण 2.0** के तहत् पोषण संबंधी) सहायता के लिए लागत मानदण्डों को समुचित रूप से बढ़ाया जाएगा।
- **अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएँ:** आगामी 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएँ स्थापित की, जाएँगी।
- **ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी:** भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी।
- **भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम:** बजट में इस योजना की घोषणा स्कूल और उच्चतर शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं में डिजिटल रूप में पुस्तकें प्रदान करने के लिए की गई है।

- **राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केन्द्र:** 'मेक फॉर इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड' विनिर्माण के लिए हमारे युवाओं को आवश्यक कौशलों से सुसज्जित करने हेतु वैश्विक विशेषज्ञता और भागीदारी के साथ 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किए जाएँगे।
- ₹ 500 करोड़ के कुल परिव्यय से शिक्षा हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्बन्धी एक उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
- आगामी 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केन्द्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। वर्ष 2025- 26 में 200 केन्द्र स्थापित किए जाएँगे।
- **पीएम स्वनिधि:** इस स्कीम को बैंकों से संवर्धित ऋण ₹ 30,000 की सीमा के साथ यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्डों और क्षमता विकास सहायता के साथ नवीकृत किया जाएगा।
- **ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कामगारों के कल्याण के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना:** इसके तहत् सरकार गिग कामगारों के लिए पहचान पत्र और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की व्यवस्था तथा पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करेगी।

**II. अर्थव्यवस्था में निवेश**

- सरकारी निजी भागीदारी में 3 वर्षीय पाइपलाइन परियोजनाओं के लिए अवसंरचना सम्बन्धी मंत्रालय बनाए जाएँगे।
- बजट में सुधारों के लिए पूँजी व्यय और प्रोत्साहन के लिए राज्यों को 50 वर्ष के ब्याजमुक्त ऋण के लिए ₹1.5 लाख करोड़ के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है।
- **परिसंपत्ति मौद्रीकरण योजना 2025-30:** वर्ष 2021 में घोषित प्रथम परिसंपत्ति मौद्रीकरण योजना की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, नई परियोजनाओं में ₹ 10 लाख करोड़ की पूँजी निवेश के लिए वर्ष 2025-30 हेतु द्वितीय परिसंपत्ति मौद्रीकरण योजना को शुरू किया जाएगा।
- **जल जीवन मिशन:** वर्ष 2019 से शुरू हुए इस मिशन को वढ़े हुए कुल परिव्यय के साथ वर्ष 2028 तक विस्तार करने की घोषणा की गई है।
- **शहरी चुनौती कोष (Urban Challenge Fund):** 'विकास केन्द्रों के रूप में शहर', 'शहरों का सृजनात्मक पुनर्विकास', और 'जल एवं स्वच्छता' के लिए प्रस्तावों को कार्यान्वित करने हेतु सरकार ₹ 1 लाख करोड़ की शहरी चुनौती निधि स्थापित करेगी।
- **विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन:** परमाणु ऊर्जा अधिनियम और नागरिक दायित्व परमाणु क्षति अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव।
  - ₹20 हजार करोड़ के आवंटन के साथ लघु मॉड्यूलर रियक्टर्स (SMR) के अनुसंधान व विकास के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन स्थापित किया जाएगा।
  - बजट में वर्ष 2033 तक 5 स्वदेश विकसित एसएमआर संचालित करने का प्रस्ताव।
- पोत निर्माण वित्तीय सहायता नीति को नया रूप दिया जाएगा, जिसमें निर्दिष्ट आकार से अधिक विशालकाय पोतों को अवसंरचना सुसंगत मास्टर लिस्ट (एचएमएल) में शामिल किया जाएगा।
- **समुद्री विकास कोष (Maritime Development Fund):** बजट में ₹ 25 हजार करोड़ के आवंटन के साथ समुद्री विकास कोष की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है।
  - इसमें सरकार का योगदान 49 प्रतिशत होगा, शेष योगदान बंदरगाहों और निजी क्षेत्र को करना होगा।
- **उड़ान क्षेत्रीय संपर्क स्कीम:** क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की संशोधित उड़ान स्कीम की घोषणा की गई है, जिसमें पर्वतीय आकांक्षी और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों को भी समर्थन दिया जाएगा।
- **बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट:** वित्तमंत्री ने बिहार में ग्रीन पटना एयरपोर्ट और बिहटा में ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट की क्षमता के विस्तार के अलावा बिहार में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा।
- **मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना:** बिहार में पश्चिमी कोशी नहर ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई है। इससे मिथिलांचल क्षेत्र में 50,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करने वाले किसानों को लाभ होगा।
- **स्वामिह निधि 2 (SWAMIH Fund 2 ):**वित्तमंत्री ने बैंकों और निजी निवेशकों के योगदान के साथ 1 लाख और आवासीय इकाईयों को पूरा करने के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से ₹ 15 हजार करोड़ के इस कोष को बनाने की घोषणा की है।
- **रोजगार प्रेरित विकास के लिए पर्यटनः** देश में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों की भागीदारी से चैलेंज मोड माध्यम से विकसित किया जाएगा।
  - होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण प्रदान किया जाएगा।

**III. नवाचार में निवेश**

- जुलाई 2024 के बजट में घोषित निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान, विकास और नवाचार पहल को लागू करने के लिए ₹20 हजार करोड़ आवंटित किए जाएँगे।
- डीपटेक फंड ऑफ फंड्स (Deep Tech Fund of Funds ) अगली पीढ़ी के स्टार्टअप को प्रोत्साहन के लिए डीप टेक फंड ऑफ फंड्स की संभावना तलाशी जाएगी।
- **प्रधानमंत्री अनुसंधान फैलोशिप:** बढ़ी हुई वित्तीय सहायता के साथ आईआईटी और आईआईएस में प्रौद्योगिकीय अनुसंधान के लिए 10 हजार फैलोशिप प्रदान की जाएगी।
- **फसल जर्मप्लाज्म के लिए जीन बैंक (Gene Bank for Crops Germplasm ):**भविष्य में खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए 10 लाख जर्मप्लाज्म लाइनों के साथ दूसरे जीन बैंक की स्थापना की जाएंगी।
- **राष्ट्रीय भू-स्थानिक मिशन (National Geospatial Mission) :** बुनियादी भू-स्थानिक अवसंरचना और डाटा विकसित करने के लिए नेशनल जियो स्पेटियल मिशन शुरूकिया जाएगा।
- **ज्ञान भारतम मिशन:** यह मिशन शैक्षिक संस्थानों, संग्रहालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के साथ पांडुलिपी विरासत के सर्वेक्षण, प्रलेखन और संरक्षण के लिए शुरू किया जाएगा।
- इसमें 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियाँ शामिल की जाएँगी।

**विकास के चतुर्थ इंजन के रूप में निर्यात**


- **निर्यात संवर्धन मिशन (Export Promotion Mission):**वाणिज्य मंत्रालय, एमएसएमई और वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित निर्यात संवर्द्धन मिशन स्थापित करने का प्रस्ताव बजट में किया गया है।
    - इसके तहत अलग-अलग क्षेत्रों और मंत्रालयों के लिए लक्ष्य तय किए जाएँगे।
- **भारत ट्रेडनेट (Bharat TradeNet) :**व्यापार प्रलेखन और वित्त पोषण समाधानों के लिए संयुक्त मंच के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए भारत ट्रेडनेट (बीटीएन) स्थापित किया जाएगा।
- ऊभरते टियर-2 शहरों में वैश्विक क्षमता केन्द्रों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्यों के मार्गदर्शक के रूप में राष्ट्रीय रूपरेखा तैयार की जाएगी।
- भारत में सम्पूर्ण प्रीमियम का निवेश करने वाली कंपनियों के लिए बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की घोषणा की गई है।
- **ग्रामीण क्रेडिट स्कोर:** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसएचजी सदस्यों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'ग्रामीण क्रेडिट स्कोर' फ्रेमवर्क विकसित किया जाएगा।
- बजट में सभी गैर वित्तीय क्षेत्र सम्बन्धी नियमों, प्रमाण लाइसेंस और अनुमति की समीक्षा करने के लिए विनियामक सुधार हेतु उच्च स्तरीय समिति के गठन का प्रस्ताव किया गया है।
- **राज्यों का निवेश अनुकूल सूचकांक:** यह सूचकांक प्रतिस्पर्धी समन्वित संघवाद की भावना को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2025 में शुरू किया जाएगा।
- **जन विश्वास विधेयक 2.0:**जन विश्वास विधेयक 2.0 में 100 से अधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक बनाने के लिए प्रस्ताव किया गया है।

**रक्षा बजट**

- 'आत्मनिर्भर' सशस्त्र बलों के निर्माण को ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्रालय को ₹ 6,81,210.27 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 9.53% अधिक और केन्द्रीय बजट का 13.45%है, जो सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है।
- चीन, अमेरिका और रूस के बाद चौथा सबसे बड़ा रक्षा बजट भारत का ही है।

**रेल बजट**

- बजट में रेल मंत्रालय के लिए ₹2,55,445 करोड़ का प्रावधान! जिसमें राजस्व व्यव में ₹3,445 करोड़ एवं पूँजीगत व्यय में 2,52,000 करोड़ व्यय होंगे।
- 100 अमृत भारत, 50 नमो भारत, 200 वंदे भारत ट्रेन साथ17,500 जनरल कोच का निर्माण होगा।





**कर सुधार**

- नई कर व्यवस्था के अन्तर्गत ₹ 12 लाख तक की आय (अर्थात विशिष्ट दर जैसे पूँजीगत लाभ को छोड़कर ₹ 1 लाख प्रतिमाह की औसत आय) पर कोई आयकर देय नहीं होगा।
    - वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह यह सीमा 75 हजार रुपये की मानक कटौती के कारण ₹ 12.75 लाख होगी।
- वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज से आय पर छूट ₹ 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी है।
- आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत् विदेश भेजी जाने वाली रकम पर टीसीएस की सीमा ₹ 7 लाख से ₹ 10 लाख की गई।
- किराए से आय के लिए टीडीएस कटौती की सीमा ₹ 2.40 लाख से बढ़ाकर ₹ 6 लाख किया गया।
- किसी भी आकलन वर्ष के लिए अपडेटेड आयकर रिटर्न (ITR) दाखिल करने वाले व्यक्तियों के लिए समय सीमा को भी बढ़ाकर चार वर्ष की गई।
- बीमा क्षेत्र के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया जाएगा।
- बजट में 36 जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई है।
- इलेक्ट्रिक वाहनों के बैट्री के विनिर्माण के लिए 35 अतिरिक्त पूँजीगत वस्तुओं और मोबाइल फोन बैट्री विनिर्माण हेतु 28 अतिरिक्त पूँजीगत वस्तुओं पर छूट दी गई है।
- पोत निर्माण में कच्चे माल, घटकों, उपभोज्यों अथवा पुर्जों पर अगले 10 वर्षों तक बुनियादी सीमा शुल्क में छूट दी गई है।

## आर्थिक समीक्षा 2024-25

- केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आर्थिक समीक्षा 2024-25 संसद में 31 जनवरी, 2025 प्रस्तुत की, जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नवत हैं-
- भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2025 में 6.4% रहने की उम्मीद (राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमानानुसार) है।
- वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 3.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।
- केन्द्र सरकार का मुख्य आधारभूत क्षेत्रों में पूँजीगत व्यय 2019-20 से 2023-24 तक बढ़कर 38.8 प्रतिशत हुआ।
- वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (Current Account Deficit - CAD) जीडीपी का 1.2% रहा।
- वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (Gross Value Added- GVA ) के वित्त वर्ष 2025 में 6.4% रहने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ेगी।
- खुदरा मुद्रा स्फीति (हेडलाइन) वित्त वर्ष 2024 के 5.4% से घटकर अप्रैल-दिसम्बर, 2024 में 4.9% रह गई।
- अप्रैल-दिसम्बर, 2024 में गैर- पेट्रिलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात 9.1% रहा।
- भारत के बीमा बाजार में (कुल बीमा प्रीमियम में ) वित्त वर्ष 2024 में 7.7% की दर से वृद्धि हुई, यह ₹ 11.2 लाख करोड़ तक पहुँच गई।
- वित्त वर्ष 2025 के पहले 9 महीनों में कुल निर्यात में (व्यापार + सेवा ) 6 प्रतिशत (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि दर्ज की।
- दूरसंचार, कम्प्यूटर और सूचना सेवा क्षेत्र के वैश्विक निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी 10.2% है। (अंकटाड के अनुसार इस क्षेत्र में भारत का पूरी दुनिया में दूसरा स्थान है।)
- **सकल एफडीआई (Gross Foreign Direct Investment):** यह वित्त वर्ष 2024 के पहले 8 माह के 47.2 बिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की समान अवधि में 55.6 बिलियन डॉलर हो गया है, (17.9% की वर्ष दर  वर्ष वृद्धि )।
- **भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (दिसम्बर, 2024 में) :** 640.3 बिलियन डॉलर (यह 10.9 महीनों के आयात तथा देश के बाहरी ऋण के 90 फीसदी के लिए पर्याप्त) है।
- यह 3 जनवरी 2025 तक 634.6 बिलियन डॉलर पर स्थिर है।



- **भारत में खुदरा मुद्रा स्फीति:** वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल-दिसम्बर, 2024 ) में 4.9% रही।
- यह वित्त वर्ष 2024 के 5.4% थी। भारत की उपभोक्ता मूल्य स्फीति वित्त वर्ष 2026 में 4% रहेगी।
- स्थिर मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोक्ता खर्च के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- **उपभोक्ताखाद्य मूल्य सूचकांक (Consumer Food Price Index-CFPI)**से निर्धारित खाद्य महंगाई वित्त वर्ष 2024 में 7.5% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल-दिसम्बर) में 8.4% हो गई।
- आरबीआई और आईएमएफ के अनुसार उपभोक्ता मूल्य महँगाई वित्त वर्ष 2026 में लगभग 4 प्रतिशत रहेगी।
- कुल कर राजस्व (GTR) में अप्रैल-नवम्बर, 2024 के दौरान साल-दर-साल आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है
- राज्यों का राजस्व व्यय अप्रैल-नवम्बर 2024 के दौरान 12 प्रतिशत (YoY) बढ़ा है।
- इसमें सब्सिडी और जिम्मेदारियों के निर्वहन में वृद्धि क्रमशः 25.7 प्रतिशत और 10.4 प्रतिशत रही।
- बैंकिंग प्रणाली में सकल गैर-निष्पादित सम्पत्तियाँ (NPAs) घटकर 12 वर्षों में सबसे कम सकल ऋण और एडवांस का 2.6 प्रतिशत रह गईं हैं।

**निवेश और अवसंरचना**


- प्रमुख अवसंरचना क्षेत्रों पर केन्द्र सरकार के पूँजीगत परिव्यय में वित्त वर्ष 2020-2024 में 38.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।
- वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल-दिसम्बर) में 5853 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हुआ।
- ऊर्जा क्षेत्र का नेटवर्क नवम्बर 2024 तक वर्ष दर वर्ष 7.2 प्रतिशत बढ़कर 456.7 गीगावाट हो गया है।
- भारत की कुल स्थापित क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत हो गई है।
- **सौर और पवन ऊर्जा की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में वर्ष दर वर्ष वृद्धि (दिसम्बर, 2024 तक) :** 15.8 प्रतिशत हुई। जल जीवन मिशन की शुरुआत से अब तक 12 करोड़ परिवारों को नल से पेय जल आपूर्ति की सुविधा मिली है। **स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण ( चरण-2 ):** ओडीएफ + गाँवों की कुल संख्या 3.64 लाख हो गई हैI
- मॉडल श्रेणी में अप्रैल-नवम्बर, 2024 तक 1.92 लाख गाँव ओडीएफ + घोषित किए गए।
- देश के 29 शहरों के 1000 किमी. से अधिक के लिए मेट्रो व त्वरित रेल प्रणाली परिचालनगत अथवा निर्माणाधीन है।

**उद्योग**

- औद्योगिक क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025 (पहला अग्रिम अनुमान ) में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।
- वित्त वर्ष 2024 में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में घरेलू बिक्री में 12. 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2024 तक इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के घरेलू उत्पादन में 17.5% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर रही।
- 99% स्मार्टफोन अब घरेलू स्तर पर देश में निर्मित हो रहे हैं।
- WIPO Report 2022 अनुसार भारत विश्व में 10 पेटेंट फाइल करने वाले देशों में शामिल है।
- एमएसएमई क्षेत्र में समान धन सहायता के लिए सरकार ने ₹ 50 हजार करोड़ के कोष से ' आत्मनिर्भर - भारत कोष' स्थापित किया गया है।

**सेवा क्षेत्र**

- वित्त वर्ष 2025 में सेवा क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद जताई गई है।
- सकल मूल्य वर्धन (GVA) में सेवा क्षेत्र का योगदान: यह वित्त वर्ष 2025 में ( प्रथम अग्रिम अनुमानों) में 55.3% पहुँच गया है। (वित्त वर्ष 2014 के 50.6% था )
- वर्ष 2023 में वैश्विक सेवा निर्यात में भारत 4.3% साझेदारी के साथ विश्व में 7वें स्थान पर रहा।
- सेवा क्षेत्र में औसत विकास दरः यह महामारी पूर्व (वित्त वर्ष 2013-2020 ) तक 8% रहा। महामारी उपरांत (वित्त वर्ष 2023-2025) यह 8.3% रहा है।



- **सेवा निर्यात:** भारत के सेवा निर्यात में वित्त वर्ष 2025 ( अप्रैल-नवम्बर) में 12.8% की वृद्धि का अनुमान है।
    - वित्त वर्ष 2024 में यह 5.7 प्रतिशत रहा।
- **कम्प्यूटर आधारित सेवा:** वित्त वर्ष 2013-2023 के दशक में इस क्षेत्र में 12.8% की वृद्धि हुई।
    - इससे सकल मूल्य वर्धन- जीवीए में उसकी हिस्सेदारी 6.3% से बढ़कर 10.9% हो गई है।
- **भारतीय रेलवे:** भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024 से यातायात में 8% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है।
- वित्त वर्ष 2024 में माल भाड़े ढुलाई में 5.2% का राजस्व अर्जित किया है।
- रेलवे संपर्क के क्षेत्र में वर्ष 2024 अप्रैल से नवम्बर 2024 के बीच 2031 किलोमीटर रेलवे नेटवर्क बढ़ाया गया।
- भारतीय रेल में 17 नए वंदे भारत को शामिल किया गया है। पर्यटन क्षेत्र इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान वित्तीय वर्ष 2023 में महामारी पूर्व की स्थिति में 5% पहुँच गया है।

**कृषि और खाद्य प्रबंधन**

- वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र में 3.8% की वृद्धि का अनुमान है। योगदान कृषि और इससे सम्बन्धित क्षेत्रों का वित्त वर्ष 2024 के (प्रारंभिक अनुमानों) में मौजूदा आधार पर सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत का योगदान रहा है।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) में 95.58 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया, जो प्री- पीडीएमसी अवधि की तुलना में लगभग 104.67 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ष 2024 में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1647.05 लाख मीट्रिक टन (LMT) तक पहुँचने की उम्मीद है (पिछले वर्ष की तुलनामें 89.37 एलएमटी की वृद्धि )।
- यह वर्ष 2023-24 की तुलना में 5.7 % अधिक है और पिछले 5 वर्षों के दौरान औसत खाद्यान उत्पादन से 8.2% अधिक है।

# 4. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## January (जनवरी)

### इंडोनेशिया बना BRICS समूह का पूर्ण सदस्य

- घोषणा: 6 जनवरी 2024 को ब्राज़ील द्वारा, जो 2024 में BRICS का अध्यक्ष देश है।
- अनुमोदन: अगस्त 2023 में BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान।
- नवीनतम भागीदार: नाइजीरिया, बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान।
- BRICS गठन: 2009 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन द्वारा; 2010 में दक्षिण अफ्रीका शामिल हुआ।
- वर्तमान सदस्य: ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्र, इथियोपिया, यूएई, इंडोनेशिया।
- लंबित आवेदन: सऊदी अरब (आमंत्रित)।

### भारत-इंडोनेशिया द्विपक्षीय सहयोग

- शिखर बैठक: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के बीच चर्चा।
- समझौते: स्वास्थ्य, डिजिटल बुनियादी ढांचा और रक्षा सहयोग पर।
- तकनीकी सहयोग: फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर।
- 2025 को भारत-आसियान पर्यटन वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा।
- **भारत की वर्ष 2025 का गणतंत्र दिवस समारोह:**
  - 2025 में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो होंगे मुख्य अतिथि।
  - 1950 में इंडोनेशिया पहला मुख्य अतिथि था।

### पुनात्सांगछू जलविद्युत परियोजना (भूटान)

- परियोजना: 6×170 मेगावाट की पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजना।
- कंपनी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)।
- साझेदारी: भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत।
- स्थान: भूटान के वांगडू जिले में।

### भारत 28वें CSPOC सम्मेलन की मेजबानी (2026)करेगा

- घोषणा: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यूनाइटेड किंगडम के ग्वेर्नसे में की।
- विषय: संसदीय प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया का उपयोग।
- पूर्व मेजबानी: 1970-71, 1986, 2010।

### चीन ने CR450 हाई-स्पीड ट्रेन का अनावरण किया

- गति: 450 किमी/घंटा (CR400 की तुलना में 100 किमी/घंटा अधिक)।
- विशेषताएँ: वाटर-कूल्ड स्थायी चुंबक कर्षण, उच्च-स्थिरता बोगी प्रणाली।
- उद्देश्य: चीन की हाई-स्पीड रेल क्षमताओं को बढ़ाना।

### भारत UN-CEBD में शामिल हुआ

- भारत संयुक्त राष्ट्र की बिग डेटा और डेटा विज्ञान विशेषज्ञ समिति (UN-CEBD) का हिस्सा बना।
- भूमिका: बड़े डेटा और सांख्यिकी के वैश्विक मानकों को आकार देने में योगदान।
- UN-CEBD गठन: 2014, UNSC के तत्वावधान में।
- पहला अध्यक्ष: ऑस्ट्रेलिया।
- सदस्य: 31 देश, 16 अंतर्राष्ट्रीय संगठन।

### अमेरिका ने भारतीय परमाणु संस्थानों से प्रतिबंध हटाए

- संस्थान: आईआरईएल, बीएआरसी, आईजीसीएआर।
- कारण: भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को मजबूत करना।
- परिणाम: परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान में लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं का सरलीकरण।

### भारत यूरोड्रोन कार्यक्रम का पर्यवेक्षक बना

- घोषणा: OCCAR द्वारा 21 जनवरी 2025 को।
- लाभ: भारतीय रक्षा उद्योगों को तकनीकी लाभ मिलेगा।
- **यूरोड्रोन विशेषताएँ:**
  - मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्यूरेंस (MALE) रिमोटली पायलटेड एयर सिस्टम (RPAS)।
  - €7 बिलियन की चार-देशीय पहल (जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन)।
  - भारत, जापान के बाद दूसरा एशिया-प्रशांत पर्यवेक्षक देश।
  - OCCAR के तहत अन्य रक्षा परियोजनाएँ: A400M एटलस एयरलिफ्टर, टाइगर अटैक हेलीकॉप्टर, FREMM फ्रिगेट।

### रोमानिया और बुल्गारिया शेंगेन क्षेत्र के पूर्ण सदस्य बने

- परिवर्तन: भूमि सीमा नियंत्रण समाप्त, पूर्ण सदस्यता प्राप्त।
- प्रतीकात्मक कदम: डेन्यूब ब्रिज पर अवरोध हटाया गया।
- वर्तमान स्थिति: शेंगेन क्षेत्र में अब 25 यूरोपीय संघ (EU) सदस्य देश (साइप्रस और आयरलैंड को छोड़कर)।

- प्रभाव: 425 मिलियन EU नागरिकों की मुक्त आवाजाही संभव।
- विशेष: दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त आवाजाही क्षेत्र।
- पिछली स्थिति: मार्च 2024 में आंशिक सदस्यता (केवल हवाई और समुद्री मार्ग तक सीमित)।

### इज़राइल-हमास गाजा युद्धविराम समझौता

- 19 जनवरी 2025 को।
- अवधि: 42 दिन।
- **प्रभाव:**इज़रायली बंदियों एवं फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई, गाजा में युद्धविराम लागू, मानवीय सहायता में वृद्धि।

### ग्लोबल प्लास्टिक एक्शन पार्टनरशिप (GPAP) का विस्तार

- संस्थापक: विश्व आर्थिक मंच (WEF), सितंबर 2018।
- नई उपलब्धि: अब 25 देश शामिल, कुल 1.5 अरब जनसंख्या कवर।
- नए सदस्य: अंगोला, बांग्लादेश, गैबॉन, ग्वाटेमाला, केन्या, सेनेगल, तंजानिया।
- उद्देश्य: सर्कुलर प्लास्टिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना (पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग)।

### विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 55वीं वार्षिक बैठक

- आयोजन: 20-24 जनवरी 2025, दावोस, स्विट्ज़रलैंड।
- उद्देश्य: वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श।

**भारत की भागीदारी**

- प्रतिनिधित्व: पांच केंद्रीय मंत्री (अश्विनी वैष्णव, सीआर पाटिल, के राममोहन नायडू, चिराग पासवान, जयंत चौधरी)।
- राज्य प्रतिनिधि: आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, केरल।
- उद्देश्य: वैश्विक साझेदारी मजबूत करना, निवेश आकर्षित करना, सतत विकास और तकनीकी नवाचार में भारत की स्थिति मजबूत करना।

### जॉर्जिया को डब्ल्यूएचओ द्वारा मलेरिया मुक्त घोषित किया गया

- डब्ल्यूएचओ प्रमाणन: तीन वर्षों तक स्वदेशी मलेरिया संचरण बाधित होना अनिवार्य।
- स्थिति: अब तुर्की एकमात्र यूरोपीय देश जहां मलेरिया मौजूद है।
- इतिहास: 20वीं सदी में जॉर्जिया में तीन परजीवी प्रजातियां सक्रिय थीं।
- परिणाम: जॉर्जिया 45 अन्य देशों और एक क्षेत्र में शामिल।

### संयुक्त राज्य अमेरिका WHO से अलग हुआ

- **कारण:**
  - कोविड-19 प्रबंधन में कथित खामियां।
  - राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता की कमी।
  - ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिकी विदेशी सहायता पर 90 दिन की रोक।

### डीपसीक-आर 1 (चीन का एआई स्टार्टअप)

- विकासकर्ता: डीपसीक, चीन।
- प्रतिस्पर्धा: ओपनएआई के ओ1 मॉडल के साथ।
- **विशेषताएँ:**
  - रसायन विज्ञान, गणित, कोडिंग में जटिल समस्याओं का समाधान।
  - "ओपन-वेट" सिस्टम - शोधकर्ताओं को एल्गोरिदम विश्लेषण और सुधार की अनुमति।
  - लागत: $6 मिलियन में विकसित, जबकि मेटा के लामा 3.1 405B मॉडल को $60 मिलियन और 11 गुना अधिक कम्प्यूटेशनल शक्ति की आवश्यकता।

## February (फरवरी)

### जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UN-CBD) का 16वां सत्र (COP16)

- **आयोजन:** 25 से 27 फरवरी, 2025 तक।
- **स्थान:** रोम (इटली) में।
- यह सम्मेलन वर्ष 2024 में कैली (कोलंबिया) में आयोजित प्रारंभिक COP16 बैठक का ही भाग था।
- **उद्देश्य:** कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा (GBF) को लागू करने के लिए वित्तीय तंत्र से संबंधित लंबित मुद्दों को हल करना है।
- इस सम्मेलन में **'कैली फंड (Cali Fund)'**लॉन्च किया गया।
- 'कैली फंड उन निजी कंपनियों से वित्तीय सहयोग लेगा, जो अपने उद्योगों में आनुवंशिक डेटा (Genetic Data) का उपयोग करती हैं।
- कैली फंड, से वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण प्रयासों में तेजी आएगी।

### ग्रीन ट्रांजिशन अलायंस इंडिया (GTAI) पहल

- यह पहल डेनमार्क द्वारा भारत के साथ सतत ऊर्जा समाधानों पर सहयोग को मजबूत करने के लिए शुरू की गई है।
- यह वैश्विक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता में मदद करेगा।
- यह दोनों देशों के व्यवसायों, सरकारी निकायों, अनुसंधान संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाएगा।
- ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC), इंडो-डेनिश चैंबर ऑफ कॉमर्स (IDCC), कन्फेडरेशन ऑफ डेनिश इंडस्ट्री (DI), और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) मद्रास एनर्जी कंसोर्टियम इस गठबंधन के भागीदार हैं।

## भारत और कतर अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

- कतर राज्य के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने 17-18 फरवरी 2025 तक भारत की राजकीय यात्रा की।
- यह महामहिम अमीर की भारत की दूसरी राजकीय यात्रा थी।
- दोनों पक्षों के बीच 'द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी स्थापना समझौते' पर हस्ताक्षर किए गए।
- कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और पाँच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।


| | |
|---|---|
| 1. | द्विपक्षीय रणनीतिक भागीदारी की स्थापना पर समझौता |
| 2. | आय पर टैक्स और उसके प्रोटोकॉल के संबंध में दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए संशोधित समझौता |
| 3. | वित्तीय और आर्थिक सहयोग पर भारत के वित्त मंत्रालय और कतर के वित्त मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन |
| 4. | युवा और खेल के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन |
| 5. | दस्तावेजों और अभिलेखागार के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन |
| 6. | इन्वेस्ट इंडिया और इन्वेस्ट कतर के बीच समझौता ज्ञापन |
| 7. | भारतीय उद्योग परिसंघ और कतर व्यवसायी संघ के बीच समझौता ज्ञापन |

## गोल्ड कार्ड निवेशक वीज़ा कार्यक्रम

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने धनी अप्रवासियों के लिए एक नए कार्यक्रम की घोषणा की है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 25 फरवरी, 2025 को 'गोल्ड कार्ड' नामक नए वीजा प्रोग्राम की घोषणा की।
- इस नए 'गोल्ड कार्ड' वीजा को 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) में खरीदा जा सकता है।
- यह कार्यक्रम मौजूदा इबी-5 वीज़ा की जगह लेगा।
- इबी-5 800,000 डॉलर और 1.05 मिलियन डॉलर के बीच निवेश करने वाले लोगों को इमिग्रेशन विशेषाधिकार प्रदान करता है।

## जर्मनी में चुनाव परिणाम 2025

- जर्मनी में कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्त्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (CDU) पार्टी के गठबंधन ने 208 सीटों पर जीत दर्ज की है। (28.5% वोट)
- इसके अलावा कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी (AFD) को 151 सीटों पर जीत मिली है। (20.8% वोट)
- जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज की सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी (SDP) 630 सीटों में से सिर्फ 121 सीटें जीतकर तीसरे स्थान पर रही। (16.5% वोट)
- दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जर्मनी में किसी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी पार्टी ने इतनी सीटें जीती हैं।
- जर्मनी में बहुमत के लिए 315 सीटें आवश्यक है। इसलिए गठबंधन सरकार बनने की संभावना है।




- जर्मनी में भारत की तरह लोकतांत्रिक और संसदीय व्यवस्था है।
- जर्मनी की लोकसभा को बुंडेस्टाग कहा जाता है, जिसमें 630 सीटें हैं।
- भारत में सरकार का प्रमुख प्रधानमंत्री होता है, जबकि जर्मनी में चांसलर होता है।

## मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।
- मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस समारोह 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा।
- मॉरीशस हर साल 12 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है, जो 1968 में ब्रिटिश शासन से उसकी स्वतंत्रता का प्रतीक है।
- मॉरीशस पश्चिमी हिंद महासागर में एक द्वीप राष्ट्र है।

## बंगाल की खाड़ी अंतर सरकारी संगठन ( BOBP-IGO)

- आयोजन: 20 से 22 फरवरी 2025 तक लंकाफिनोल्हू, मालदीव में।
- भारत ने 21 फरवरी 2025 को BOBP-IGO की अध्यक्षता संभाली।

**BOBP-IGO**

- उत्पत्ति: 2003
- उद्देश्यः यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जो बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में संधारणीय तटीय मत्स्य पालन के लिए सहयोग को बढ़ावा देता है और तकनीकी सलाह प्रदान करता है।
- सदस्य: बांग्लादेश, भारत, मालदीव और श्रीलंका
- इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार और थाईलैंड नॉन-कॉन्ट्रैक्टिंग सहयोगी पक्षकार हैं।

## ऑपरेशन हस्कानाइट

- यह चाड देश द्वारा बोको हराम के खिलाफ एक सैन्य अभियान है।
- इस अभियान के तहत लेक चाड क्षेत्र में बोको हराम के गढ़ों पर कार्यवाही की गई
- **बोको हराम:** यह नाइजीरिया स्थित एक आतंकवादी समूह है,

जिसका लक्ष्य देश में इस्लामी कानून लागू करना है। इसके नाम का अर्थ है "पश्चिमी शिक्षा वर्जित है।"

- **लेक चाड:** उत्तर-पश्चिम अफ्रीका में स्थित, लेक चाड क्षेत्र नाइजीरिया, कैमरून, नाइजर और चाड तक विस्तृत है।

## ब्राजील द्वारा जुलाई 2025 में रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी की जाएगी।

- ब्राजील सरकार ने घोषणा की है कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6-7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और अन्य सदस्य देश शामिल होंगे।
- इस शिखर सम्मेलन में 20 सदस्य और भागीदार देशों के नेता भाग लेंगे।
- ब्रिक्स का उद्देश्य विकासशील देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना और ब्राजील के नेतृत्व में वैश्विक संस्थानों में सुधार करना है।
- ब्रिक्स समूह की स्थापना 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा की गई थी, जिसमें दक्षिण अफ्रीका को 2010 में शामिल किया गया था, जो कि सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह के प्रति संतुलन के रूप में था।
- 2024 में, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को जोड़ने के लिए समूह का विस्तार किया गया है।

## विश्व आर्थिक मंच (WEF) की वार्षिक बैठक 2025

- WEF 2025 की बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने "कोलेबोरेशन फॉर द इंटेलिजेंट एज" विषय पर प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

**WEF 2025 में भारत की भागीदारी:**

- भारत ने 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश प्रतिबद्धताएँ प्राप्त कीं।
- **राज्यों का योगदान:**
  - महाराष्ट्र को कुल निवेश का लगभग 80% प्राप्त हुआ।
  - तेलंगाना ने 1.79 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया।
  - केरल ने अपने औद्योगिक परिवर्तन को प्राथमिकता दी।
  - उत्तर प्रदेश ने 2029 तक निर्धनता मुक्त (Zero Poverty) बनने और 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को रेखांकित किया।

**विश्व आर्थिक मंच (WEF):**

- स्थापना: 1971 में क्लाउस श्वाब (जर्मन इंजीनियर और अर्थशास्त्री) द्वारा यूरोपीय प्रबंधन फोरम के रूप में हुई, जिसे 1987 में WEF का नाम दिया गया।
- मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड।

## 8वां हिंद महासागर सम्मेलन

- **आयोजन:** 16-17 फरवरी को मस्कट, ओमान में हुआ।
- भारत फाउंडेशन ने ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से इसका आयोजन किया।
- सम्मेलन का विषय "समुद्री साझेदारी के नए क्षितिज की यात्रा" था।
- इस वर्ष के अंत में, बैंकॉक, थाईलैंड 2-4 अप्रैल को बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- बांग्लादेश बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की अगली अध्यक्षता करेगा।

## चौथा भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम

- 13 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित
- चौथे भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम के तहत संधारणीय शहरी विकास की दिशा में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम:**

- यह स्मार्ट और संधारणीय शहरीकरण पर भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच समन्वय एवं सहयोग हेतु एक उच्च स्तरीय फोरम है।
- इसे स्मार्ट तथा संधारणीय शहरीकरण हेतु साझेदारी पर वर्ष 2017 की संयुक्त घोषणा के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया।
- **उद्देश्य:** स्थायी शहरी विकास के लिये सर्वोत्तम प्रथाओं, नीतियों और नवीन समाधानों के आदान-प्रदान के क्रम में अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा हितधारकों के बीच चर्चा की सुविधा प्रदान करना।
- **लक्षित क्षेत्र:** शहरी अलायंस और एकीकृत दृष्टिकोण, नवाचार और समावेशी शहरी गतिशीलता।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नौवहन सहायता संगठन

- 18 से 21 फरवरी 2025 के बीच सिंगापुर में IALA की पहली आम सभा आयोजित की गई।
- इसमें भारत को सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नौवहन सहायता संगठन (IALA) का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इस सभा में पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के सचिव श्री टी.के. रामचंद्रन भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- भारत दिसंबर 2025 में IALA परिषद की बैठक और सितंबर 2027 में मुंबई में IALA सम्मेलन और आम सभा की मेज़बानी करेगा।

**अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नौवहन सहायता संगठन (IALA):**

- इसकी स्थापना वर्ष 1957 में एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) के रूप में हुई थी।
- यह एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो समुद्री नेविगेशन में सहायता प्रदान करने वाले साधनों के समन्वय और मानकीकरण के लिए समर्पित है।

## 9वीं एशिया आर्थिक वार्ता

- आयोजन: महाराष्ट्र के पुणे में।
- इस वार्ता का थीम "विखंडन के युग में आर्थिक लचीलापन और पुनरुत्थान" था।
- इसमें समकालीन विषयों- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा की आर्थिक अनिवार्यताएं आदि पर चर्चा की गई।
- इसका उद्देश्य आर्थिक विखंडन के मुद्दों को हल करना और लचीलापन और पुनरुत्थान के लिए कार्रवाई योग्य मार्गों की पहचान करना है।

## सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण

- आयोजन: 21-22 फरवरी को दिल्ली में।
- उद्घाटन: प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 21 फरवरी को।
- मुख्य अतिथि: भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे
- इसका उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना है।
- इसके तहत राजनीति में उन लोगों को शामिल करना है जो केवल वंशानुगत राजनीति से नहीं बल्कि सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से आगे बढ़ते हैं।

## लिथियम खनन और अन्वेषण में हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भारतऔर अर्जेंटीनाके बीच।
- बैठक: नई दिल्ली में हुआ।
- उद्देश्य: खनन उद्योग, खास तौर पर निवेश के अवसरों और लिथियम अन्वेषण के क्षेत्रों में, सहयोग बढ़ाना।

## ट्राइनेशन बौद्ध मोटरसाइकिल अभियान

- यह फरवरी 2025 में लुंबिनी (भगवान बुद्ध की जन्मस्थली), नेपाल में शुरू हुआ।
- यह नेपाल, भारत और श्रीलंका को उनकी साझा बौद्ध विरासत के माध्यम से एकजुट करने वाली एक ऐतिहासिक पहल है।
- इस यात्रा के मार्ग में निम्नवत प्रमुख भारतीय बौद्ध स्थल शामिल हैं:
  - **सारनाथ** - बुद्ध का प्रथम उपदेश स्थल
  - **बोधगया** - बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति स्थल
  - **नालन्दा**- प्राचीन विश्वविद्यालय
  - **नागार्जुन सागर** - बौद्ध शिक्षण केंद्र
  - **उदयगिरि** - बौद्ध मठ स्थल
  - **कर्नाटक** - विभिन्न बोद्ध स्थल
- **आयोजक:** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC), भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (गृह मंत्रालय) और नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर के सहयोग से।

## सामाजिक न्याय पर पहली क्षेत्रीय वार्ता

- **उद्घाटन :** 24-25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में।
- यह सामाजिक न्याय के लिये वैश्विक गठबंधन के तहत आयोजित हुआ।

**सामाजिक न्याय के लिये वैश्विक गठबंधन**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा वर्ष 2023 में स्थापित।
- **उद्देश्य:** सामाजिक न्याय की कमियों से निपटना तथा सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को बढ़ावा देना है।
- इसकी सदस्यता स्वैच्छिक है और भारत इसका सदस्य है।
- यह सरकारों, संगठनों, व्यवसायों और शिक्षाविदों के लिये है।

## 4th नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने 13 फरवरी 2025 को जर्मनी में चौथे नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस (NMFT) में भाग लिया।
- भारत ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक एकता पर बल दिया तथा नई दिल्ली में NMFT के स्थायी सचिवालय के लिये अपना प्रस्ताव दोहराया।
- **नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस:**
  - **शुरुआत**: इसे वर्ष 2018 में फ्राँस द्वारा शुरू किया गया था।
  - पिछले सम्मेलन: फ्राँस (पेरिस, 2018), ऑस्ट्रेलिया (2019) और भारत (2022)।
    - **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

## 61वां म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (Munich Security Conference)

- 14 से 16 फरवरी, 2025 तक म्यूनिख (जर्मनी) में आयोजित किया गया। भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

**म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के बारे में**

- परिचय : यह अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा नीति एवं महत्वपूर्ण सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा करने के लिए दुनिया का अग्रणी कूटनीतिक मंच है।
  - यह आधिकारिक एवं गैर-आधिकारिक दोनों प्रकार की राजनयिक पहलों व विचारों के लिए एक स्थान प्रदान करता है।
- आदर्श वाक्य : संवाद के माध्यम से शांति की स्थापना
- स्थापना : वर्ष 1963 में
- उद्देश्य : अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समुदाय के भीतर निरंतर, सुव्यवस्थित एवं अनौपचारिक संवाद को बनाए रखते हुए संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान में योगदान देना।

## PRAKRITI 2025 - कार्बन मार्केट पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

- **'PRAKRITI' Full Form:** Promoting Resilience,

Awareness, Knowledge, and Resources for Integrating Transformational Initiatives

- **'प्रकृति'पूरा नाम:** परिवर्तनकारी पहलों को एकीकृत करने के लिए सशक्तता, जागरूकता, ज्ञान और संसाधनों को बढ़ावा देना।
- **आयोजन:** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा।
- वैश्विक कार्बन बाजार के रुझानों, चुनौतियों और भविष्य के रास्तों पर गहन चर्चा के लिए एक प्रमुख मंच है।
- **उद्देश्य:** कार्बन बाजारों की भूमिका को समझना और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करना है।
- इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज, अनुसंधानकर्ता और व्यवसायी एक साथ उपस्थित हुए।

**कार्बन मार्केट:**

- यह एक व्यवस्था है, जहां ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को नियंत्रित करने और कम करने के लिए कार्बन क्रेडिट खरीदे और बेचे जाते हैं।

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE):**

- **स्थापना:** 1 मार्च, 2002 को।
- **गठन:** भारत सरकार ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत।

## महिला शांति सैनिक सम्मेलन

- 24 और 25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र की महिला शांति सैनिकों के लिए पहला सम्मेलन आयोजित किया गया
- इस सम्मेलन में 35 देशों ने भाग लिया।
- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता देश है।
- **आयोजक:**विदेश मंत्रालय, केंद्रीय रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना के संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (CUNPK)(सहायक)
- विषय:"शांतिरक्षा में महिलाएं: एक वैश्विक दक्षिण परिप्रेक्ष्य"
- उद्देश्य: संयुक्त राष्ट्र की शांति स्थापना अभियानों में महिलाओं की उभरती भूमिका का पता लगाना।

## 14वां एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि फोरम (AFAF)

- **उद्घाटन:** केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री ने **नई दिल्ली में।**
- भारत ने दूसरी बार इस फोरम की मेजबानी की।
- इससे पहले 2007 में कोच्चि (केरल) में 8वें AFAF का आयोजन हुआ था।
- **आयोजन और भागीदारी:**एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी (AFS) ने ICAR, मत्स्य पालन विभाग (भारत सरकार), और एशियाई मत्स्य सोसायटी भारतीय शाखा (AFSIB), मैंगलोर के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।
- **14वें AFAF का विषय:**"ग्रीनिंग द ब्लू ग्रोथ इन एशिया-पैसिफिक" (Asia-Pacific में नीली वृद्धि को हरित बनाना)
- AFAF एक वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि सम्मेलन है, जिसे एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी (AFS) द्वारा प्रत्येक 3 वर्ष में आयोजित किया जाता है।

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## January (जनवरी)

### सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां प्रक्षेपण

- **लॉन्च:** 29 जनवरी 2025
- मिशन: जीएसएलवी-एफ15 एनवीएस-02
- **विशेषताएँ:**
    - स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में उपग्रह स्थापित।
    - प्रक्षेपण अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से।
- **एनवीएस-02 उपग्रह:**
    - नाविक (NavIC) प्रणाली का हिस्सा।
    - यूआर सैटेलाइट सेंटर (URSC) में डिजाइन, विकसित व एकीकृत।
    - भारत और 1,500 किमी के दायरे में सटीक नेविगेशन सेवाएँ प्रदान करता है।
- **पृष्ठभूमि**: पहला दूसरी पीढ़ी का उपग्रह एनवीएस-01, 29 मई 2023 को जीएसएलवी-एफ12 से लॉन्च हुआ था।

### ISRO के SpaDeX मिशन की ऐतिहासिक डॉकिंग सफलता

- मिशन: स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (SpaDeX)।
- लॉन्च: 30 दिसंबर 2024, PSLV-C60 रॉकेट, श्रीहरिकोटा।
- **प्रमुख उपलब्धि:**
    - डॉकिंग के बाद दो उपग्रहों का सफल नियंत्रण।
    - भारत चौथा देश बना (अमेरिका, रूस, चीन के बाद)।
- SpaDeX **डॉकिंग प्रक्रिया:**
    - PSLV-C60 से दो छोटे अंतरिक्ष यान - 'चेजर' (SDX01) और 'टारगेट' (SDX02) प्रक्षेपित (220 किग्रा प्रति यान)।
    - 470 किमी की कक्षा में स्थापित, डॉकिंग-अनडॉकिंग में सक्षम।
- महत्व: भविष्य के ऑन-ऑर्बिट सर्विसिंग और अंतरिक्ष स्टेशनों के लिए आधारभूत तकनीक विकसित होगी।

### श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड (TLP) की स्थापना को मंजूरी

- 16 जनवरी 2025 को।
- स्थान: सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC), श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश।
- **लॉन्च पैड की विशेषताएँ:**
    - नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल्स (NGLVs) के लिए डिज़ाइन किया गया।
    - दूसरे लॉन्च पैड (SLP) के लिए स्टैंडबाय के रूप में कार्य करेगा।
    - गगनयान और डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए सहायक।
    - सेमी-क्रायोजेनिक चरणों और LVM3 के बड़े कॉन्फ़िगरेशन को संभालने में सक्षम।
    - अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ मौजूदा लॉन्च पैड बुनियादी ढांचे का उपयोग।

### श्रीहरिकोटा में मौजूदा लॉन्च अवसंरचना:

- **पहला लॉन्च पैड** (FLP):
    - 30 वर्षों से संचालन में।
    - मुख्य रूप से PSLV और SSLV मिशनों के लिए उपयोग।
- **दूसरा लॉन्च पैड** (SLP)
    - 20 वर्षों से सक्रिय।
    - GSLV और LVM3 मिशनों का समर्थन करता है।
    - PSLV के लिए बैकअप के रूप में कार्य करता है।

### भारत के पहले निजी उपग्रह समूह 'फायरफ्लाई' का प्रक्षेपण

- कंपनी: बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष-तकनीक कंपनी पिक्सल।
- लॉन्च स्थान: वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस, कैलिफोर्निया (यूएसए)।
- मिशन: स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-12 राइडशेयर मिशन पर प्रक्षेपण।
- **विशेषताएँ:**
    - फायरफ्लाई दुनिया के सबसे हाई-रिज़ॉल्यूशन वाले वाणिज्यिक-ग्रेड हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह हैं।
    - 5-मीटर रिज़ॉल्यूशन, मौजूदा 30-मीटर रिज़ॉल्यूशन उपग्रहों से 6 गुना अधिक स्पष्ट।
    - भारत का पहला वाणिज्यिक हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह कॉन्स्टलेशन।

### विश्व का सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन फ्यूल ट्रेन इंजन (भारतीय रेलवे)

- विशेषता: भारतीय रेलवे द्वारा विकसित 1,200 हॉर्सपावर का हाइड्रोजन ट्रेन इंजन, जो दुनिया में सबसे शक्तिशाली है।
- ट्रायल मार्ग: हरियाणा के जींद-सोनीपत मार्ग पर जल्द परीक्षण।
- तुलना: अन्य देशों (जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, चीन) के हाइड्रोजन इंजन 500-600 HP के हैं।

### हरित हाइड्रोजन (ग्रीन हाइड्रोजन)

- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न हाइड्रोजन, जिसे भविष्य का ईंधन माना जाता है।
- उत्पादन विधि: जल इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया द्वारा, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता।
- राष्ट्रीय पहल: भारत सरकार का 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' (शुरुआत – 4 जनवरी 2023)

## ISRO का CROPS परीक्षण (अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि का अध्ययन)

- परीक्षण उद्देश्य: अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने के लिए लोबिया के बीजों का अंकुरण।
- पेलोड: CROPS (Compact Research Module for Orbital Plant Studies)।
- प्रक्षेपण: PSLV-C60 POEM-4 के माध्यम से।
- विकासकर्ता: विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)

## भारत की पहली अंतरिक्ष रोबोटिक शाखा (ISRO)

- तकनीक: रिलोकेटेबल रोबोटिक मैनिपुलेटर-टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर (RRM-TD)।
- विशेषता: 7 डिग्री ऑफ फ्रीडम (DoF) वाला रोबोटिक आर्म।
- विकासकर्ता: IISU (ISRO के तहत)।

## SCOT मिशन (भारतीय स्टार्टअप दिगंतरा द्वारा)

- कंपनी: भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप दिगंतरा।
- लॉन्च: SpaceX के Transporter-12 मिशन के तहत।
- **उद्देश्य:**
    - पृथ्वी की निम्न कक्षा (LEO) की अधिक दक्षता से निगरानी।
    - 5 सेंटीमीटर तक के छोटे ऑब्जेक्ट्स की पहचान।
    - अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता (SSA) बढ़ाने में सहायक।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## भारतीय सेना की पहली 'भार्गवस्त्र' ड्रोन - रोधी माइक्रो-मिसाइल

- प्रोजेक्ट: भार्गवस्त्र काउंटर-ड्रोन सिस्टम का पहला माइक्रो-मिसाइल सिस्टम विकसित।
- उद्देश्य: स्वार्म ड्रोन (सामूहिक ड्रोन हमले) से सुरक्षा।
- सफल परीक्षण: ओडिशा के गोपालपुर सीवर्ड फायरिंग रेंज (GSFR) में दो परीक्षण।
- निर्माता: इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का भाग)।
- **तकनीकी विशेषता:**
    - 2.5 किमी से अधिक दूरी तक लक्ष्य भेदने की क्षमता।
    - 6 किमी से अधिक दूरी तक छोटे हवाई वाहनों की पहचान और बेअसर करने की क्षमता।
    - एक साथ 64+ सूक्ष्म मिसाइलें लॉन्च करने की क्षमता।
    - बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के विरुद्ध लागत-प्रभावी समाधान।

## INS नीलगिरी, INS वाघशीर और INS सूरत

- कमीशनिंग तिथि: 15 जनवरी 2025, मुंबई नेवल डॉकयार्ड।
- प्रधानमंत्री: श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में।

**INS सूरत**

- श्रेणी: P15B गाइडेड मिसाइल विध्वंसक।
- **विशेषता:**
    - P15B प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम विध्वंसक जहाज।
    - दुनिया के सबसे बड़े और उन्नत विध्वंसकों में से एक।
    - उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं और अत्याधुनिक हथियारों से लैस।
    - वायु, सतह और पानी के नीचे से होने वाले खतरों का सामना करने में सक्षम।

**INS नीलगिरी**

- श्रेणी: P17A स्टील्थ फ्रिगेट।
- **विशेषता:**
    - P17A प्रोजेक्ट का पहला जहाज।
    - भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया।
    - उन्नत स्टील्थ, समुद्री स्थिरता और जीवटता (survivability) विशेषताओं से युक्त।
    - पनडुब्बी-रोधी, सतह युद्ध और अन्य समुद्री मिशनों में दक्ष।

**INS वाघशीर**

- श्रेणी: P75 स्कॉर्पीन पनडुब्बी।
- **विशेषता:**
    - P75 प्रोजेक्ट के तहत छठी और अंतिम पनडुब्बी।
    - फ्रांस के नेवल ग्रुप के सहयोग से निर्मित।
    - उन्नत स्टील्थ और अंडरवाटर युद्ध क्षमताओं से लैस।
    - जहाज-रोधी, पनडुब्बी-रोधी, खुफिया और निगरानी मिशनों के लिए उपयुक्त।

## अमूल्य और अक्षय फास्ट पेट्रोल वेसल (FPV) लॉन्च

- लॉन्च तिथि: 05 जनवरी 2025, गोवा।
- निर्माता: गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)
- प्रयोग: भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित।
- **विशेषताएँ:**
    - GSL द्वारा निर्मित आठ FPV के बेड़े में तीसरे और चौथे पोत।
    - इसी श्रृंखला के पहले दो पोत (अदम्य और अक्षर) अक्टूबर 2024 में लॉन्च।

## उत्कर्ष बहुउद्देशीय जहाज

- लॉन्च तिथि: 13 जनवरी 2025, एलएंडटी, कट्टुपल्ली, चेन्नई।
- निर्माता: एलएंडटी शिपयार्ड (L&T Shipyard)
- रक्षा मंत्रालय का समझौता: 25 मार्च 2022।
- **विशेषताएँ:**
    - भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए दो बहुउद्देशीय जहाजों में से दूसरा।
    - अधिकतम 15 समुद्री मील की गति।

- जहाज खींचने, विभिन्न लक्ष्यों को लॉन्च और पुनर्प्राप्त करने की क्षमता।
- मानव रहित स्वायत्त वाहनों को संचालित करने और स्वदेशी हथियारों के परीक्षण मंच के रूप में उपयोग।

## भारत-अमेरिका इंटरऑपरेबल सोनोबॉय विकास

- उद्देश्य: भारतीय नौसेना के लिए अंडरसी डोमेन अवेयरनेस (UDA) को मजबूत करना।
- तकनीक: गहरे समुद्र और महासागरों में पनडुब्बियों की ट्रैकिंग के लिए।
- **सहयोग:**
  - अल्ट्रा मैरीटाइम (यूएम) और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा।
  - यूएस-भारत आईसीईटी पहल (मई 2022) के तहत हिंद महासागर के लिए अनुकूलित उन्नत सोनोबॉय विकसित होंगे।

## त्राजन 155 मिमी टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम

- सह-विकासकर्ता: भारत (L&T) और फ्रांस (KNDS फ्रांस)।
- भारतीय सेना द्वारा परीक्षण।
- **निर्यात:**
  - आर्मेनिया ने इसे अपनी सेना में शामिल करने का निर्णय लिया।
  - आर्मेनिया ने भारत से पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और अन्य रक्षा उपकरण भी खरीदे।

## संजय – युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली (SANJAY-BSS)

- लॉन्च तिथि: 24 जनवरी 2025, नई दिल्ली।
- परिचय: एक स्वचालित प्रणाली जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र सेंसर से इनपुट को एकीकृत करती है।
- **विशेषताएँ:**
  - इनपुट की सत्यता की पुष्टि कर दोहराव को रोकती है।
  - सुरक्षित सैन्य डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार के माध्यम से कॉमन निगरानी तस्वीर बनाती है।
  - युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता बढ़ाने और रणनीति निर्माण में सहायक।
  - कमांड और सेना मुख्यालय को निर्णय समर्थन प्रणाली प्रदान करेगी।
  - अत्याधुनिक सेंसर और एनालिटिक्स से लैस।

## तीसरी पीढ़ी की एंटी टैंक मिसाइल 'नाग एमके-2' का सफल परीक्षण

- तिथि: 14 जनवरी 2025।
- निर्माता: रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)।
- परीक्षण स्थल: पोखरण फील्ड रेंज।
- **विशेषताएँ:**
  - तीसरी पीढ़ी की 'एंटी टैंक फायर एंड फॉरगेट गाइडेड मिसाइल'।
  - आधुनिक बख्तरबंद खतरों से निपटने के लिए डिज़ाइन की गई।
  - फायर-एंड-फॉरगेट तकनीक: ऑपरेटर लॉन्च से पहले लक्ष्य लॉक कर सकता है।
  - जटिल युद्धक्षेत्रों में सटीक हमले की क्षमता।

## SSI Mantra – भारत की स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली

- उपलब्धि: 286 किमी की दूरी पर टेलीसर्जरी के माध्यम से दो रोबोटिक हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।
- सर्जरी स्थान: जयपुर के मणिपाल अस्पताल में, गुरुग्राम से नियंत्रित।
- विकासकर्ता: SS इनोवेशन।
- **विशेषताएँ:**
  - SSI Mantra 3 दुनिया का एकमात्र रोबोटिक सिस्टम जिसे टेलीसर्जरी और टेली-प्रॉक्टरिंग के लिए विनियामक मंजूरी मिली।

## हिमकवच – डीआरडीओ द्वारा विकसित बहु-परत वस्त्र प्रणाली

- परिचय: सेना के लिए ठंडे मौसम में उपयोग हेतु डिज़ाइन की गई।
- **विशेषताएँ:**
  - +20°C से -60°C के तापमान में प्रभावी।
  - हिमालयी क्षेत्रों में सैन्य अभियानों के लिए उपयुक्त।
  - वास्तविक संचालन में सभी उपयोगकर्ता परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण।

## CAR T-सेल थेरेपी क्वार्टेमी (Qartem) को मंजूरी

- विकासकर्ता: इम्यूनील थेरेप्यूटिक्स (Immuneel Therapeutics)।
- उद्देश्य: वयस्क B-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा (B-NHL) के उपचार के लिए।
- मंजूरी: केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO)।
- **भारत की पहली CAR-T थेरेपी:**
  - NexCAR19, टाटा मेमोरियल सेंटर और ImmunoACTद्वारा विकसित।
  - लॉन्च: 4 अप्रैल 2024, IIT बॉम्बे में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।

**CAR-T सेल थेरेपी**

- T-कोशिकाएं इम्यून रिस्पांस को मैनेज करती हैं और रोगजनकों से संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करती हैं।
- श्वेत रक्त कोशिकाएं पूरे शरीर में बीमारी और संक्रमण का पता लगाती हैं।

## भारत की पहली एयर टैक्सी 'शून्य' का प्रोटोटाइप लॉन्च

- विकासकर्ता: बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप सरला एविएशन।
- लक्ष्य: 2028 तक बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी लॉन्च।
- **विशेषताएँ:**
  - 20-30 किमी उड़ान रेंज, अधिकतम गति 250 किमी/घंटा।

  - अधिकतम 6 यात्रियों की क्षमता, 680 किग्रा भार वहन क्षमता।
  - ईवीटीओएल (इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग) तकनीक पर आधारित।

### ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (hMPV)

- हालिया मामले: कर्नाटक और गुजरात में दो शिशुओं में पुष्टि।
- परिचय: सामान्य श्वसन वायरस, ऊपरी श्वसन संक्रमण (सर्दी) का कारण बनता है।
- मौसमीता: सर्दियों और शुरुआती वसंत में अधिक सक्रिय, RSV और फ्लू के समान।
- जोखिम समूह: बच्चे, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग और बुजुर्ग।
- संक्रमण का तरीका: संक्रमित व्यक्ति या संक्रमित सतह के संपर्क में आने से फैलता है।

### मृदा प्रदूषण से निपटने हेतु आईआईटी बॉम्बे द्वारा बैक्टीरिया विकसित

- उद्देश्य: मृदा प्रदूषण को कम करना और कृषि को बढ़ावा देना।
- **विशेषताएँ:**
  - मिट्टी के जहरीले प्रदूषकों को नष्ट करता है और पोषक तत्वों का उत्पादन करता है।
  - हानिकारक पदार्थों को तोड़ता है और वृद्धि हार्मोन को बढ़ावा देता है।
  - हानिकारक कवक के विकास को रोकने में सहायक।

## अभ्यास

### ला पेरोस बहुपक्षीय अभ्यास

- मेजबान: फ्रांस
- प्रतिभागी देश: ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, यू.के., यू.एस.
- स्थान: मलक्का, सुंडा और लोम्बोक जलडमरूमध्य (हिंद महासागर - प्रशांत महासागर के बीच रणनीतिक क्षेत्र)

### सूर्य किरण अभ्यास 2024

- प्रकार: भारत-नेपाल सैन्य युद्ध अभ्यास
- अवधि: 31 दिसंबर 2024 - 13 जनवरी 2025
- स्थान: सालझंडी, नेपाल

### माउंट अर्कोंकागुआ संयुक्त अभियान

- साझेदारी: भारतीय सेना और अर्जेंटीना सेना
- अवधि: 3 - 20 जनवरी 2025
- स्थान: सेरो अर्कोंकागुआ (Cerro Aconcagua), अर्जेंटीना
- महत्व: यह दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी (6,995 मीटर) है।

### अभ्यास डेविल स्ट्राइक

- प्रतिभागी: भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के विशिष्ट हवाई सैनिक
- अवधि: 16 - 19 जनवरी 2025
- उद्देश्य: शत्रुतापूर्ण इलाके में उन्नत हवाई संचालन और लॉजिस्टिक रणनीतियों का परीक्षण।
- स्थान: प्रशिक्षण क्षेत्र और फायरिंग रेंज।

## February (फरवरी)

### अंतरिक्ष एजेंसी NASA का चंद्र मिशन 'एथेना' लॉन्च

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA ने चंद्र मिशन 'एथेना' 26 फरवरी, 2025 को लॉन्च किया।
- यह चंद्रमा की सतह पर 6 मार्च, 2025 को लैंड करेगा।
- इसे स्पेसएक्स फाल्कन -9 राकेट से लॉन्च किया गया।
- यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में मिट्टी की रासायनिक संरचना का अध्ययन करेगा।
- NASA का यह मिशन उसके कॉमर्शियल लूनर पेलोड सर्विसेज (CLPS) कार्यक्रम का हिस्सा है।

### टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड (TAF)

- **लॉन्च:**भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) द्वारा।
- यह भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप्स एवं एम.एस.एम.ई. के लिए वित्त पोषण परियोजना है।
- उद्देश्य: आयातित समाधानों पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास में तेजी लाना
- **राशि:**500 करोड़ रुपए
- यह फंड परियोजना लागत का 60% एवं बड़े उद्योगों के लिए 40% तक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- इसके तहत प्रति परियोजना अधिकतम 25 करोड़ रुपए की फंडिंग की जाएगी।
- इससे नए अंतरिक्ष उत्पादों के विकास से लेकर बौद्धिक संपदा के सृजन तक, भविष्य के अनुसंधान एवं विकास को गति मिलेगी।

### भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN–SPACe)

- स्थापना : वर्ष 2020 में।
- भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त एजेंसी
- उद्देश्य : अंतरिक्ष गतिविधियों में भारतीय निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम बनाना
- मुख्यालय : अहमदाबाद (गुजरात)।

### फीस्ट (FEAST) सॉफ्टवेयर

- **लॉन्च:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा।
- फीस्ट: फिनिट एलिमेंट एनालिसिस ऑफ स्ट्रक्चर।
- उद्देश्य स्वदेशी रूप से विकसित फाइनाइट एलिमेंट विश्लेषण सॉफ्टवेयर को बढ़ावा देना।
- 'फीस्ट' सॉफ्टवेयर को इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) द्वारा विकसित किया गया है।
- यह फाइनाइट एलिमेंट विधि पर आधारित एक संरचनात्मक विश्लेषण सॉफ्टवेयर है, जिसका उपयोग एयरोस्पेस,

ऑटोमोबाइल, सिविल, मैकेनिकल और समुद्री इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में विभिन्न भारों के तहत संरचनाओं के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए किया जाएगा।

- यह इंजीनियरों को भौतिक निर्माण से पहले डिजाइनों का आभासी परीक्षण करने में मदद करेगा।

## सर्वाधिक ऊर्जावान न्यूट्रिनो की खोज

- वैज्ञानिकों ने **भूमध्य सागर में** KM3NeT (क्यूबिक किलोमीटर न्यूट्रिनो टेलीस्कोप) वेधशाला का उपयोग करके उच्चतम ऊर्जा वाले न्यूट्रिनो की खोज की है।
- यह पूर्व में देखे गए किसी भी पार्टिकल की तुलना में 30 गुना अधिक ऊर्जावान है।
- यह विश्व के सबसे बड़े पार्टिकल एक्सेलेरेटर, लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर पार्टिकल से 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली है।
- क्यूबिक किलोमीटर न्यूट्रिनो टेलीस्कोप (KM3NeT): KM3NeTभूमध्य सागर में एक निर्माणाधीन यूरोपियन रिसर्च फैसिलिटी है, जो न्यूट्रिनो का अध्ययन करती है।
    - इसे दूरस्थ स्रोतों और पृथ्वी के वायुमंडल से आने वाले न्यूट्रिनो का पता लगाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- **नोट:** भारत की न्यूट्रिनो वेधशाला परियोजना तमिलनाडु के थेनी ज़िले के पोट्टिपुरम गाँव में 1,200 मीटर गहरी गुफा में स्थापित किया जाएगा।
- न्यूट्रिनोविद्युत रूप से तटस्थ, लगभग द्रव्यमान रहित सब एटॉमिक पार्टिकल होते हैं जो शायद ही कभी पदार्थ के साथ परस्पर क्रिया करते हैं।
    - इन्हें "घोस्ट पार्टिकल" भी कहा जाता है।

## इसरो हेतु आईआईटी मद्रास द्वारा स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप विकसित

- आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत स्वदेशी सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण कदम।
- 'शक्ति' प्रोसेसर से विकसित 'आईआरआईएस' (स्वदेशी आरआईएससी-वी नियंत्रक), जो IoT और कंप्यूटिंग सिस्टम में उपयोगी।
- इसरो की जड़त्व प्रणाली इकाई (IISU) और IIT मद्रास ने चिप डिज़ाइन पर सहयोग किया।
- परियोजना को 'डिजिटल इंडिया RISC-V' (DIR-V) पहल के तहत समर्थन।

## रक्षा मंत्रालय ने पिनाका के लिए 10,147 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट साइन किए

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के पिनाका मल्टी-लॉन्चर रॉकेट सिस्टम के लिए 10,147 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

- रक्षा मंत्रालय ने नागपुर स्थित इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड और पुणे की म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं।
- इसमें इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड द्वारा एरिया डिनायल म्यूनिशन (ADM) की आपूर्ति की जाएगी।
- म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड सेना के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाले रॉकेट बनाएगी।
- एरिया डिनायल दुश्मन के टैंकों, वाहनों और सैनिकों को निशाना बनाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोकने में मदद करेगा जबकि म्यूनिशन एडवांस रेंज वाले रॉकेट दुश्मन के इलाके में अंदर तक घुसकर सटीक हमला कर सकेंगे।

## दुनिया का सबसे बड़ा 10-टन प्रणोदक मिक्सर लॉन्च

- भारत ने एक बड़ी तकनीकी सफलता में ठोस रॉकेट मोटर्स के लिए दुनिया का सबसे बड़ा 10-टन प्रणोदक मिक्सर विकसित किया है।
- इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने बेंगलुरु में केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से मिक्सर को डिज़ाइन किया है।
- मिक्सर का वजन 150 टन है और इसकी ऊंचाई 8.7 मीटर, लंबाई 5.4 मीटर और चौड़ाई 3.3 मीटर है।
- यह रॉकेट लॉन्च के लिए आवश्यक ठोस प्रणोदक सामग्री के सटीक और सुरक्षित मिश्रण को सुनिश्चित करता है।

## मेजराना 1

- माइक्रोसॉफ्ट ने मेजराना 1 नामक एक चिप लॉन्च की है।
- यह टोपोलॉजिकल कोर आर्किटेक्चर द्वारा संचालित विश्व की पहली क्वांटम चिप है। जिसका उद्देश्य क्वांटम कंप्यूटिंग में क्रांति लाना है।
- यह पहला क्वांटम चिप है जो टोपोलॉजिकल सुपरकंडक्टर (टोपोकंडक्टर) का उपयोग करता है।
- यह इंडियम आर्सेनाइड (अर्द्धचालक) और एल्युमीनियम (अतिचालक) से बना है, जो क्वांटम स्थिरता और प्रदर्शन में सुधार करता है।
- इसमें आठ क्यूबिट्स हैं, लेकिन इसकी टोपोलॉजिकल कोर संरचना एक मिलियन क्यूबिट्स तक त्रुटि-प्रतिरोधी स्केलिंग को सक्षम बनाती है।

## चौथी पीढ़ी की डीप-ओशन मानव-युक्त वैज्ञानिक सबमर्सिबल 'मत्स्य-6000' का सफलवेट परीक्षण

- यह परीक्षण समुद्रयान परियोजना के तहत किया गया।
- डीप ओशन मिशन पहल के तहत, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान को समुद्रयान परियोजना के तहत चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली पनडुब्बी मत्स्य-6000 विकसित करने का काम सौंपा है।
- यह परीक्षण 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई तक उथले पानी में परीक्षण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- 2.1 मीटर व्यास वाली यह अत्याधुनिक पनडुब्बी तीन व्यक्तियों के संचालन के लिए डिज़ाइन की गई है।

## समुद्रयान परियोजना

- इसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के डीप ओशन मिशन (DOM) के तहत लॉन्च किया गया है।
- डीप ओशन मिशन केंद्रीय क्षेत्रक की योजना है। इसका उद्देश्य

डीप ओशन सर्वे और एक्सप्लोरेशन; डीप ओशन माइनिंग जैसी ब्लू इकोनॉमी पहलों का समर्थन करना है।

- **उद्देश्य:** 'मत्स्य 6000' नामक जलयान से तीन व्यक्तियों को समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक भेजना। ये गहरे समुद्र में खनिज जैसे संसाधनों की खोज करेंगे।
- कार्यान्वयनअवधि: 5 वर्ष ( 2020-2021 से 2025 2026)।

### लम्पी स्किन रोग वैक्सीन 'बायोलम्पिवैक्सिन' को मंजूरी

- भारत के औषधि नियामक (सीडीएससीओ) ने भारत बायोटेक की लम्पी स्किन डिजीज (LSD) वैक्सीन बायोलम्पिवैक्सिन को मंजूरी दी।
- यह टीका भारत बायोटेक समूह की कंपनी बायोवेट द्वारा डेयरी मवेशियों और भैंसों के लिए विकसित किया गया है।
- बायोलम्पिवैक्सिन दुनिया का सबसे सुरक्षित डीआईवीए (Differentiating Infected from Vaccinated Animals) मार्कर वैक्सीन है।
- यह स्वदेशी लाइव-एटेन्यूएटेड मार्कर वैक्सीन आईसीएआर-एनआरसीई, हिसार और बायोवेट के सहयोग से विकसित की गई है।
- लम्पी स्किन डिजीजएक ट्रांसबाउंड्री पशु रोग है, जिसने मवेशी स्वास्थ्य और डेयरी उद्योग को प्रभावित किया है।

## अभ्यास

### छठा "धर्म गार्डियन 2025" अभ्यास

- यह भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- यह सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फ़ूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।
- इस सैन्य अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों में अंतर-संचालन को बढ़ाना है।

### भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास "साइक्लोन-III"

- भारत और मिस्र के बीच संयुक्त विशेष बल अभ्यास "साइक्लोन-III" 10 फरवरी 2025 से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ।
- पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र के अंशास में आयोजित हुआ था।
- **उद्देश्य:**रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों की रणनीति का अभ्यास और सत्यापन करना।

### बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 'कोमोडो'

- इंडोनेशियाई नौसेना द्वारा आयोजित पांचवां बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास कोमोडो 16 फरवरी को शुरू हुआ।
- यह 16 से 22 फरवरी, 2025 तक होने वाला है।
- इस अभ्यास में 15 से अधिक देशों के 30 से अधिक जहाज भाग ले रहे हैं।
- इस अभ्यास में रूस, चीन, भारत और अमेरिका हिस्सा ले रहे हैं। अभ्यास का विषय "शांति और स्थिरता के लिए समुद्री साझेदारी" है।

# 6. खेल परिदृश्य

## January (जनवरी)

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

- मेजबान: ऑस्ट्रेलिया (22 नवंबर 2024 - 5 जनवरी 2025)
- विजेता: ऑस्ट्रेलिया (3-1 से भारत पर जीत)
- विशेषता: भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला।

### विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप 2024

- स्थान: न्यूयॉर्क, यू.एस. (30-31 दिसंबर 2024)
- विजेता: जीएम मैग्नस कार्लसन और इयान नेपोमनियाची (संयुक्त रूप से)
- **महिला वर्ग:**
  - भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने कांस्य पदक जीता।
  - सेमीफाइनल में चीन की जू वेनजुन से हार गईं।

### अनाहत सिंह - ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप 2024

- खिताब: अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स विजेता
- स्थान: इंग्लैंड
- फाइनल: भारत की अनाहत सिंह ने मिस्र की मलिका एल कराक्सी को 3-2 से हराया।

### विजय हजारे ट्रॉफी 2024

- विजेता: कर्नाटक (विदर्भ को 36 रनों से हराया)
- फाइनल स्थान: कोटाम्बी स्टेडियम, वडोदरा
- ट्रॉफी की पहचान: रणजी वन-डे ट्रॉफी के रूप में भी जानी जाती है।
- कर्नाटक पहली ट्रॉफी: 2013-14
  - कुल जीत: 5वीं बार विजेता

### संतोष ट्रॉफी 2024-25

- फाइनल स्थान: जीएमसी बालयोगी स्टेडियम, हैदराबाद (31 दिसंबर 2024)
- विजेता: पश्चिम बंगाल (केरल को 1-0 से हराया)
- पश्चिम बंगाल ने 33वीं बार खिताब जीता।

### खो-खो विश्वकप 2025

- पहला संस्करण: 13-19 जनवरी 2025, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली।
- विजेता: भारत (पुरुष और महिला दोनों वर्गों में)
- पुरुष फाइनल: भारत ने नेपाल को 54-36 से हराया।
- महिला फाइनल: भारत ने नेपाल को 78-40 से हराया।
- टीम भागीदारी: 20 पुरुष और 19 महिला टीमें।
- **भारतीय पुरुष टीम:**
  - कप्तान: प्रतीक वायकर, कोच: अश्विनी कुमार शर्मा
- **भारतीय महिला टीम:**
  - कप्तान: प्रियंका इंगले, कोच: सुमित भाटिया

### इंडिया ओपन 2025 बैडमिंटन

- आयोजन स्थल: के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली (14-19 जनवरी 2025)
- **विजेता:**
  - पुरुष सिंगल्स: विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क)
  - महिला सिंगल्स: एन से-यंग (कोरिया)
  - पुरुष डबल्स: सेज़ फी गोह और नूर इज़्ज़ुद्दीन (मलेशिया)
  - महिला डबल्स: अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोटो (जापान)
  - मिश्रित डबल्स: झेंग बैंग जियांग और या शिन वेई (चीन)

### 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025

- आयोजन: तमिलनाडु (17-20 फरवरी 2025)
- प्रतिभागी: लगभग 1,700 पैरा-एथलीट्स

**ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025**

| श्रेणी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | जैनिक सिनर | अलेक्जेंडर ज़ेवेरेव |
| महिला एकल | मैडिसन कीज़ | आर्यना सबालेंका |
| पुरुष युगल | हैरी हेलिओवारा / हेनरी पैटन | सिमोन बोलेली / एंड्रिया वावास्सोरी |
| महिला युगल | कतेरीना सिनियाकोवा / टेलर टाउनसेंड | हसीह सु-वेई / जेलेना ओस्टापेंको |
| मिश्रित युगल | ओलिविया गैडेकी / जॉन पीयर्स | किम्बर्ली बिरेल / जॉन-पैट्रिक स्मिथ |

### स्पेनिश सुपर कप 2025

- विजेता: बार्सिलोना (रियल मैड्रिड को 5-2 से हराया)।
- मैनेजर हांसी फ्लिक के नेतृत्व में बार्सिलोना की पहली ट्रॉफी।
- लेवांडोव्स्की: सभी प्रतियोगिताओं में 27 मैचों में 26 गोल।
- टूर्नामेंट की शुरुआत (1982): ला लीगा और कोपा डेल रे विजेताओं के बीच प्रतियोगिता।

### प्रथम महिला हॉकी इंडिया लीग

- विजेता: ओडिशा वॉरियर्स (फाइनल में सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराया)।
- फाइनल स्थान: रांची
- **मुख्य पुरस्कार:**
  - सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर: सविता (जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब)।
  - उभरता हुआ खिलाड़ी: सोनम (जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब)।
  - सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: ज्योति (जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब)।

### फ़ीडे शतरंज विश्व कप 2025

- मेजबान: भारत (31 अक्टूबर - 27 नवंबर 2025)।
- भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में मेजबानी की थी।
- 2002 में विजेता: विश्वनाथन आनंद।

### 86वीं सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप

- **विजेता:**
  - महिला एकल: दीया चितले (फाइनल में श्रीजा अकुला को हराया)।
  - पुरुष एकल: मानुष शाह (फाइनल में पायस जैन को हराया)।
- आयोजन स्थल: पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत।
- दीया चितले: मुंबई की पैडलर, आरबीआई के लिए खेलती हैं।

### खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025

- प्रथम स्थान: लद्दाख (4 स्वर्ण सहित 7 पदक)।
- द्वितीय स्थान: तमिलनाडु (3 स्वर्ण सहित 5 पदक)।
- तृतीय स्थान: महाराष्ट्र (10 पदक लेकिन केवल 2 स्वर्ण)।
- **प्रमुख प्रदर्शन:**
  - लद्दाख महिला आइस हॉकी टीम: आईटीबीपी को 4-0 से हराकर स्वर्ण।
  - भारतीय सेना: पुरुष आइस हॉकी में आईटीबीपी को 2-1 से हराकर खिताब बरकरार।
  - तमिलनाडु की यशश्री: महिलाओं की 500 मीटर स्केटिंग स्पर्धा में स्वर्ण।
- पहला चरण: 27 जनवरी 2025, एनडीएस स्टेडियम, लेह।
- दूसरा चरण: 22-25 फरवरी 2025, गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर।

### 20वें आईसीसी पुरस्कार 2024 में भारतीय विजेता

- आईसीसी पुरुष टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर: अर्शदीप सिंह
- आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर: जसप्रित बुमराह
- आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर: स्मृति मंधाना
- स्मृति मंधाना दूसरी बार आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

## February (फरवरी)

### 38वें ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेल 2025

- उत्तराखंड ने 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 12 शहरों में खेलों की मेजबानी की।
- इन खेलों का आयोजन भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा किया जाता है, जबकि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार इसकी मेजबानी करती है।
- उद्घाटन समारोह: 28 जनवरी 2025, देहरादून, उत्तराखंड में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।
- समापन समारोह: 14 फरवरी 2025, अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर, हल्द्वानी, उत्तराखंड में हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि रहे।
- समापन समारोह में राष्ट्रीय खेलों का ध्वज मेघालय को सौंपा गया, जो 2027 में 39वें ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा।
- शुभंकर: "मौली" – उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश का राज्य पक्षी मोनाल।
- खेलों के इतिहास में पहली बार एक राज्य के 7 शहरों में स्पर्धाएं आयोजित होगी।
  - **7 शहर:** देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, शिवपुरी और नई टिहरी।
- इसमें 32 खेलों के साथ-साथ चार प्रदर्शन स्पर्धाएँ शामिलकी गई है।
  - **4 प्रदर्शन स्पर्धा:** मलखंब,कलारीपयट्टु, राफ्टिंग, योगासन हैं।
  - मल्लखंब और योगासन को पहले प्रदर्शन खेल के रूप में रखा गया था, लेकिन बाद में इन्हें पदक खेलों में शामिल कर दिया गया।
  - कलारीपयट्टु और राफ्टिंग प्रदर्शन खेल रहे, जिनमें कोई पदक नहीं दिए गए।
  - कुल 35 खेल आयोजित किए गए – 33 पदक वाले खेल और 2 गैर-पदक खेल।

### सेना की टीम को 5वीं बार राजा भालिंदर सिंह ट्रॉफी:

- ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेलों में सबसे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को 'राजा भालिंदर सिंह ट्रॉफी' दी जाती है।
- सेना (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) ने यह ट्रॉफी 5 बार जीती – 2007, 2011, 2015, 2022 और 2025।
- सर्विसेज टीम में भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के खिलाड़ी शामिल होते हैं।

- पिछले संस्करण (2023) में महाराष्ट्र ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त कर यह ट्रॉफी जीती थी।

### 38वें ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका

| स्थान | टीम | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (सेना) | 68 | 26 | 27 | 121 |
| 2 | महाराष्ट्र | 54 | 71 | 73 | 198 |
| 3 | हरियाणा | 48 | 47 | 58 | 153 |
| 4 | कर्नाटक | 34 | 18 | 28 | 80 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 33 | 26 | 23 | 82 |
| 15 | राजस्थान | 9 | 11 | 23 | 43 |
| 33 | सिक्किम | 0 | 0 | 2 | 2 |

### 39वें ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेल 2027

- भारतीय ओलंपिक संघ ने फरवरी/मार्च 2027 में होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए मेघालय को चुना।
- मेघालय पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा।
- पूर्वोत्तर राज्यों में इससे पहले मणिपुर (1999, 30वें राष्ट्रीय खेल) और असम (2007, 33वें राष्ट्रीय खेल) की मेजबानी कर चुके हैं।

### मोहन बागान ने दूसरा ISL शील्ड ख़िताब जीता

- मोहन बागान सुपर जाइंट फुटबॉल क्लब ने 23 फरवरी को कोलकाता मीन आयोजित फाइनल में इंडियन सुपर लीग (ISL) शील्ड का खिताब जीता।
- मोहन बागान ने फाइनल में ओडिशा एफसी क्लब को 1-0 से हराया।
- मोहन बागान सुपर जाइंट फुटबॉल क्लब का यह लगातार दूसरा ख़िताब है।
- वह यह खिताब दो बार जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।

**इंडियन सुपर लीग (ISL)**

- यह क्लब-आधारित फुटबॉल प्रतियोगिता है।
- आयोजक : अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ)

### विराट कोहली

- विराट कोहली 23 फरवरी कोदुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 मैच के दौरान सबसे कम पारियों में 14,000 वनडे रन बनाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बने।
- विराट कोहली ने यह उपलब्धि 287 पारी में हासिल की। (सचिन तेंदुलकर (350 पारी))
- कोहली वनडे में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज हैं, इससे पहले वे तेंदुलकर और श्रीलंका के कुमार संगकारा (378 पारी) के साथ इस मुकाम पर पहुंचे हैं।
- इस मैच में कोहली ने 51वाँ शतक बनाया (वनडे में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड)
- इस मैच में विराट वनडे में भारत सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बने। (158 कैच)

### मोहम्मद शमी

- मोहम्मद शमी 200 वनडे विकेट तक पहुँचने वाले दूसरे सबसे तेज़ गेंदबाज़ बन गए हैं।
- उनसे पहले सिर्फ़ मिशेल स्टार्क (102 मैच) ने यह उपलब्धि हासिल की थी।
- शमी ने 104 वनडे में 23.63 की औसत से 202 विकेट लिए। ‘
- शमी ने सिर्फ़ 5,126 गेंदों में 200 वनडे विकेट लिए हैं, जिससे वे गेंदों के अनुसार ऐसा करने वाले सबसे तेज़ गेंदबाज़ बन गए।
- उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मुक़ाबले में 20 फरवरी को दुबई में यह उपलब्धि हासिल की।
- इसके अलावा, मोहम्मद शामी 60 विकेट लेकर ICC एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने है।

### ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स का पहला आयोजन 2027 में सऊदी अरब में होगा।

- पहला ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 सऊदी अरब के रियाद में आयोजित किया जाएगा।
- IOC गेमिंग में शामिल युवा पीढ़ी के लिए अवसरों का पता लगाने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन कर रही है।
- ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के पहले संस्करण में खेल शामिल करने हेतु छह सदस्यीय समिति बनाई गई है।
- **नोट:** सऊदी अरब 2034 फ़ुटबॉल विश्व कप की मेज़बानी करेगा।

### पंकज आडवाणी ने भारतीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीती

- यशवंत क्लब में 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब।
- मुकाबले में 84 का प्रभावशाली ब्रेक बनाया।
- एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी।

### भारत ने जीता तीसरा SABA महिला चैम्पियनशिप 2025 का खिताब

- हाल ही में भारत ने तीसरी एसएबीए महिला चैम्पियनशिप 2025 जीती।
- भारत ने फाइनल में मालदीव को हराकर यह चैम्पियनशिप जीती।

- यह मुकाबला नई दिल्ली के केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में खेला गया।
- भारतीय टीम ने पहली बार एसएबीए महिला चैम्पियनशिप में भाग लिया।

**तीसरी एसएबीए महिला चैंपियनशिप 2025**

- **आयोजन :** 23-26 फरवरी
- **आयोजक :** दक्षिण एशियाई बास्केटबॉल एसोसिएशन और बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया
- मेजबान : भारत

**रिद्धिमान साहा**

- भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है।
- फरवरी 2010 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने वाले 40 वर्षीय साहा ने 40 टेस्ट और नौ वनडे सहित 49 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- साहा ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।
- इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में, साहा कई फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं।

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## January (जनवरी)

### पद्म पुरस्कार 2025

- वर्ष 2025 के पद्म पुरस्कारों के लिए कुल 139 लोगों के नामों की घोषणा की गई है।
- इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।
- पुरस्कार पाने वालों में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशियों की श्रेणी / एनआरआई / पीआईओ / ओसीआई से 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं।
- पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं।
- यह तीन श्रेणियों, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किया जाता है।

**पद्म विभूषण** (7)

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री दुव्वूर नागेश्वर रेड्डी | दवाई | तेलंगाना |
| 2. | न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री जगदीश सिंह खेहर | सार्वजनिक मामले | चंडीगढ़ |
| 3. | श्रीमती कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया | कला | गुजरात |
| 4. | श्री लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम | कला | कर्नाटक |
| 5. | श्री एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) | साहित्य और शिक्षा | केरल |
| 6. | श्री ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) | व्यापार और उद्योग | जापान |
| 7. | श्रीमती शारदा सिन्हा (मरणोपरांत) | कला | बिहार |

**पद्म भूषण** (19)

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए सूर्य प्रकाश | साहित्य और शिक्षा-पत्रकारिता | कर्नाटक |
| 2. | श्री अनंत नाग | कला | कर्नाटक |
| 3. | श्री विवेक देबरॉय (मरणोपरांत) | साहित्य और शिक्षा | एनसीटी दिल्ली |
| 4. | श्री जतिन गस्वामी | कला | असम |
| 5. | श्री जोस चाको पेरियाप्पुरम | दवाई | केरल |
| 6. | श्री कैलाश नाथ दीक्षित | अन्य-पुरातत्व | एनसीटी दिल्ली |
| 7. | श्री मनोहर जोशी (मरणोपरांत) | सार्वजनिक मामले | महाराष्ट्र |
| 8. | श्री नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी | व्यापार और उद्योग | तमिलनाडु |
| 9. | श्री नंदामुरी बालकृष्ण | कला | आंध्र प्रदेश |
| 10. | श्री पी आर श्रीजेश | खेल-कूद | केरल |
| 11. | श्री पंकज पटेल | व्यापार और उद्योग | गुजरात |
| 12. | श्री पंकज उधास (मरणोपरांत) | कला | महाराष्ट्र |
| 13. | श्री रामबहादुर राय | साहित्य और शिक्षा-पत्रकारिता | उत्तर प्रदेश |
| 14. | साध्वी ऋतंभरा | सामाजिक कार्य | उत्तर प्रदेश |
| 15. | श्री एस अजित कुमार | कला | तमिलनाडु |
| 16. | श्री शेखर कपूर | कला | महाराष्ट्र |
| 17. | सुश्री शोभना चंद्रकुमार | कला | तमिलनाडु |
| 18. | श्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) | सार्वजनिक मामले | बिहार |
| 19. | श्री विनोद धाम | विज्ञान और इंजीनियरिंग | संयुक्त राज्य अमेरिका |

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार (National Sports Awards) 2024 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।
- इन पुरस्कारों की घोषणा हाल ही में की केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने थी।

### मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार को पहले राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से जाना जाता था।
- यह देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान है।
- इस पुरस्कार की शुरुआत 1991–92 में हुई थी।
- इस पुरस्कार के विजेता को ₹25 लाख रुपये पुरस्कार राशि के रूप में दिए जाते हैं।
- इस वर्ष 4 खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिए गए। ये खिलाड़ी हैं-

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | प्रतिस्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | श्री गुकेश डी | शतरंज |
| 2. | श्री हरमनप्रीत सिंह | हॉकी |
| 3. | श्री प्रवीण कुमार | पैरा एथलेटिक्स |
| 4. | सुश्री मनु भाकर | निशानेबाजी |

### अर्जुन पुरस्कार

- अर्जुन पुरस्कार के लिए चार साल तक लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुना जाता है।
- इस पुरस्कार का प्रारम्भ 1961 में हुआ था।
- अर्जुन पुरस्कार विजेता को लघु-प्रतिमाएं, प्रमाण पत्र और 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
- इस वर्ष 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिए गए। ये खिलाड़ी हैं-

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | प्रतिस्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | सुश्री ज्योति याराजी | एथलेटिक्स |
| 2. | सुश्री अन्नू रानी | एथलेटिक्स |
| 3. | सुश्री नीतू | मुक्केबाज़ी |
| 4. | सुश्री स्वीटी | मुक्केबाज़ी |
| 5. | सुश्री वंतिका अग्रवाल | शतरंज |
| 6. | सुश्री सलीमा टेटे | हॉकी |
| 7. | श्री अभिषेक | हॉकी |
| 8. | श्री संजय | हॉकी |
| 9. | श्री जरमनप्रीत सिंह | हॉकी |
| 10. | श्री सुखजीत सिंह | हॉकी |
| 11. | श्री राकेश कुमार | पैरा-तीरंदाजी |
| 12. | सुश्री प्रीति पाल | पैरा एथलेटिक्स |
| 13. | सुश्री जीवनजी दीप्ति | पैरा एथलेटिक्स |
| 14. | श्री अजीत सिंह | पैरा एथलेटिक्स |
| 15. | श्री सचिन सरजेराव खिलारी | पैरा एथलेटिक्स |
| 16. | श्री धरमबीर | पैरा एथलेटिक्स |
| 17. | श्री प्रणव सूरमा | पैरा एथलेटिक्स |
| 18. | श्री एच होकाटो सेमा | पैरा एथलेटिक्स |
| 19. | सिमरन जी | पैरा एथलेटिक्स |
| 20. | श्री नवदीप | पैरा एथलेटिक्स |
| 21. | श्री नितेश कुमार | पैरा-बैडमिंटन |
| 22. | सुश्री तुलसीमथी मुरुगेसन | पैरा-बैडमिंटन |
| 23. | सुश्री नित्या श्री सुमति सिवान | पैरा-बैडमिंटन |
| 24. | सुश्री मनीषा रामदास | पैरा-बैडमिंटन |
| 25. | श्री कपिल परमार | पैरा-जूडो |
| 26. | सुश्री मोना अग्रवाल | पैरा-निशानेबाजी |
| 27. | सुश्री रुबीना फ्रांसिस | पैरा-निशानेबाजी |
| 28. | श्री स्वप्निल सुरेश कुसाले | निशानेबाजी |
| 29. | श्री सरबजोत सिंह | निशानेबाजी |
| 30. | श्री अभय सिंह | स्क्वाश |
| 31. | श्री साजन प्रकाश | तैराकी |
| 32. | श्री अमन | कुश्ती |

## द्रोणाचार्य पुरस्कार

- द्रोणाचार्य पुरस्कार उन प्रशिक्षक (कोच) को दिया जाता है जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी दिए जाते हैं।
- इस पुरस्कार का प्रारम्भ 1985 में हुआ था।
- द्रोणाचार्य (आजीवन) पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपये और नियमित द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं को 10 लाख रुपये दिये जाते हैं।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार 2024

- इस वर्ष 5 कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित और आजीवन) दिए गए। ये कोच हैं:

**द्रोणाचार्य पुरस्कार: नियमित श्रेणी**

| क्र. सं. | कोच का नाम | प्रतिस्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष राणा | पैरा-निशानेबाजी |
| 2. | सुश्री दीपाली देशपांडे | निशानेबाजी |
| 3. | श्री संदीप सांगवान | हॉकी |

**द्रोणाचार्य पुरस्कार: आजीवन श्रेणी**

| क्र. सं. | कोच का नाम | प्रतिस्पर्धा |
|---|---|---|
| 4. | श्री एस मुरलीधरन | बैडमिंटन |
| 5. | श्री अर्मांडो एग्नेलो कोलाको | फ़ुटबॉल |

## खेल-कूद में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार

- खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले खिलाड़ियों को ध्यानचंद पुरस्कार दिया जाता है। ध्यानचंद
- पुरस्कार विजेता को भी लघु-प्रतिमाएं, प्रमाण पत्र और 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
- इस वर्ष 2 खिलाड़ियों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। ये हैं:

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | प्रतिस्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुच्चा सिंह | एथलेटिक्स |
| 2. | श्री मुरलीकांत राजाराम पेटकर | पैरा-तैराकी |

- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए मौलाना अब्बुल कलाम आजाद एम ए के ए ट्रॉफी दी गई।

## सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2025

- संस्थागत श्रेणी विजेता: भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)।
- स्थापना: केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा, आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु।
- घोषणा तिथि: 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती)।
- **पुरस्कार राशि:**
    - संस्था: ₹51 लाख + प्रमाण पत्र।
    - व्यक्ति: ₹5 लाख + प्रमाण पत्र।

**भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)**

- स्थापना: 1999, हैदराबाद, तेलंगाना।
- UNESCO द्वारा शीर्ष सुनामी सेवा प्रदाता के रूप में मान्यता।

## प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025

**डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद**

- सम्मान: प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार।
- योगदान: स्वास्थ्य सेवा, सामुदायिक कल्याण, भारत-सऊदी अरब संबंधों को मजबूत करना।

**क्रिस्टीन कार्ला कंगालू**

- देश: त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति।
- योगदान: सार्वजनिक जीवन में असाधारण उपलब्धियां और भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ाने में योगदान।
- 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मुख्य अतिथि।
- सम्मेलन स्थान और तिथि: 8-10 जनवरी 2025, भुवनेश्वर, ओडिशा।

## भारतीय लघु फिल्म "अनुजा" ऑस्कर 2025 में नामांकित

- श्रेणी: सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (लाइव एक्शन)।
- निर्देशन: एडम जे. ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई।
- सहयोगकर्ता: गुनीत मोंगा (दो बार ऑस्कर विजेता), प्रियंका चोपड़ा, मिंडी कलिंग।

## 82वां गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार (2025)

- आयोजन: 5 जनवरी, लॉस एंजिल्स।
- **प्रमुख विजेता:**
    - **"शोगुन" (टेलीविजन श्रेणी)** – 4 **पुरस्कार**
        - सर्वश्रेष्ठ सीरीज (ड्रामा)
        - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (ड्रामा)
        - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ड्रामा)
        - सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
    - "द ब्रूटलिस्ट" – 7 नामांकन, एड्रियन ब्रॉडी ने मोशन पिक्चर-ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का पुरस्कार जीता।
    - "द लास्ट शोगर्ल" – पामेला एंडरसन को मोशन पिक्चर-ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेता का पुरस्कार।
    - "एल माल" ("एमिलिया पेरेज") – सर्वश्रेष्ठ मूल गीत।
    - "फ्लो" – मोशन पिक्चर-एनिमेटेड श्रेणी में विजेता।
- भारतीय फिल्म: पायल कपाड़िया की "ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट" को दो नामांकन, लेकिन कोई पुरस्कार नहीं मिला।

## लियोनेल मेसी – प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम विजेता

- सम्मान: संयुक्त राज्य अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- योगदान: संयुक्त राज्य अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा, विश्व शांति या समाज में योगदान।
- पहले पुरुष फुटबॉलर जिन्होंने यह सम्मान जीता।
- दूसरे खिलाड़ी: पहले यह सम्मान महिला फुटबॉलर मेगन रापिनो को मिला था।

## गणतंत्र दिवस 2025 – सर्वश्रेष्ठ झांकी पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ झांकी: उत्तर प्रदेश – "महाकुंभ 2025 – स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास"।
- दूसरा स्थान: त्रिपुरा – "शाश्वत श्रद्धा: त्रिपुरा में 14 देवताओं की पूजा – खर्ची पूजा"।
- तीसरा स्थान: आंध्र प्रदेश – "एटिकोप्पका बोम्मलु-पर्यावरण-अनुकूल लकड़ी के खिलौने"।

- सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय मंत्रालय झांकी: जनजातीय कार्य मंत्रालय – "जनजातीय गौरव वर्ष"।
- मार्चिंग टुकड़ी श्रेणी: जम्मू और कश्मीर राइफल्स (सेवाओं के बीच सर्वश्रेष्ठ)।
- **विशेष पुरस्कार:**
  - केंद्रीय लोक निर्माण विभाग – "भारतीय संविधान के 75 वर्ष"।
  - "जयति जय ममः भारतम्" डांस ग्रुप।

### तरुण दास – सिंगापुर का मानद नागरिक सम्मान

- सम्मान: सिंगापुर का सर्वोच्च मानद नागरिक पुरस्कार (Honourary Citizen Award)।
- प्रदाता: सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम।
- योगदान: सिंगापुर के विकास और आर्थिक वृद्धि में उत्कृष्ट योगदान।
- दूसरे भारतीय विजेता
- पहले यह सम्मान रतन टाटा को दिया गया था।
- पद: भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के पूर्व महानिदेशक।

### कृष्णा एला – INSA इंडिया फेलोशिप 2025

- सम्मान: भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) की प्रतिष्ठित इंडिया फेलोशिप 2025।
- पद: भारत बायोटेक इंटरनेशनल के सह-संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष।
- **योगदान:**
  - नई वैक्सीन प्रौद्योगिकियों का विकास।
  - मौजूदा तकनीकों में उल्लेखनीय सुधार।
  - नई वैज्ञानिक खोजों और ज्ञान संवर्धन में योगदान।

## February( फरवरी )

### पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका की 'वुमन ऑफ द ईयर' चुना गया

- भारतीय जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका ने 'वुमन ऑफ द ईयर' चुना है।
- पूर्णिमा देवी बर्मन इस वर्ष की सूची में एकमात्र भारतीय महिला हैं।
- इस सूची में अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेले पेलिकॉट सहित 13 महिलाएं शामिल हैं।
- पूर्णिमा देवी लुप्तप्राय ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क की रक्षा में अपने अथक प्रयासों के लिए जानी जाति हैं, जिसे स्थानीय रूप से हरगिला के नाम से जाना जाता है।
- यह दुनिया के सबसे दुर्लभ स्टॉर्क में से एक है।

### मनु भाकर बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर बनीं

- हाल ही में ओलंपियन मनु भाकर बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड 2024 की विजेता चुनी गई

**बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड**

- **शुरुआत :** वर्ष 2020 (बीबीसी इंडिया द्वारा)
- **उद्देश्य :** भारतीय महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को उजागर करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

### 'वनतारा' को मिला राष्ट्रीय प्राणी मित्र पुरस्कार

- केंद्र सरकार द्वारा 27 फरवरी, 2025 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में पशु कल्याण से संबंधित संस्था 'वनतारा' को'राष्ट्रीय प्राणी मित्र' पुरस्कार दिया गया।
- रिलायंस ग्रुप फाउंडेशन का वनतारा हाथियों के बचाव, उपचार और आजीवन देखभाल के लिए समर्पित संगठन है।
- यह जामनगर, गुजरात में स्थित है।
- दुनिया का सबसे बड़ा हाथी अस्पताल भी वनतारा के द्वारा स्थापित किया गया है।

### नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटिश मानद 'नाइटहुड' सम्मान

- टाटा संस के प्रमुख नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में योगदान के लिए ब्रिटेन द्वारा मानद 'नाइटहुड' प्रदान किया गया।
- उन्हें यूनाइटेड किंगडम के "ब्रिटिश साम्राज्य के उत्कृष्ट आदेश (सिविल डिवीजन)" से सम्मानित किया गया, जो समाज सेवा, कला, विज्ञान और व्यापार में विशेष योगदान देने वालों को दिया जाता है।
- यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले अन्य अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में डैगमर डॉल्बी, एरिक शिमट, जेसन फुरमैन और राजिंदर धत्त जैसे नाम शामिल हैं।

### सुनील भारती मित्तल को मानद नाइटहुड पदक

- भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को यूनाइटेड किंगडम द्वारा मानद नाइटहुड पदक से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया।
- उन्हें "ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट आदेश के नाइट कमांडर" (KBE) का प्रतीक चिन्ह दिया गया।

### NTPC को फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025

- NTPC लिमिटेड को 'जल तन्यकशीलता श्रेणी' में फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025 प्रदान किया गया।

- यह पुरस्कार यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया द्वारा दिया गया, जिसे NTPC के प्रतिनिधियों श्री हरेकृष्ण दाश और श्री के कार्तिकेयन ने प्राप्त किया।
- यह सम्मान जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन में एनटीपीसी के प्रयासों की मान्यता के रूप में प्रदान किया गया है।
- फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स उन संगठनों को सम्मानित करता है जो स्थिरता को बढ़ावा देते हैं और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के साथ जुड़े होते हैं।
- NTPC ने अपने आरजीपीपीएल प्लांट में मीठे पानी के उपयोग में आत्मनिर्भरता हासिल की है।
- Note:NTPC भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली इकाई के रूप में स्थापित है।

## राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार

- यह पुरस्कार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 3 चिकित्सकों को वर्ष 2025 के लिए प्रदान किए।
- पुरस्कार विजेता को प्रशस्ति पत्र, भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा वाली ट्रॉफी और ₹5 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

**पुरस्कार प्राप्तकर्ता:**

1. वैद्य तारा चंद शर्मा (प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य और लेखक)
2. वैद्य माया राम उनियाल (द्रव्यगुण विज्ञान के क्षेत्र में अनुभव व आयुर्वेद योगदान)
3. वैद्य समीर गोविंद जमदग्नि (विश्व व्याकरणमाला राष्ट्रीय सम्मेलन और विश्व आयुर्वेद प्रबोधिनी के संस्थापक)

## बनारस लिट फेस्ट अवार्ड्स 2025

- साहित्य और संस्कृति के प्रतिष्ठित मंच बनारस लिट फेस्ट ने पुरस्कारों की आधिकारिक घोषणा 23 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में की गई।
- ये पुरस्कार 7 से 9 मार्च 2025 तक होटल ताज, बनारस में आयोजित भव्य बनारस लिट फेस्ट में दिए जाएंगे।
- भारतीय साहित्य के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल ये पुरस्कार कविता, कथा, कथेतर गद्य और अनुवाद में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लेखकों को दिए जाते हैं।
- प्रत्येक विजेता को रु.51,000 का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान किए जाएंगे।
- प्रसिद्ध लेखक **राज कमल झा** को उनके उपन्यास "द पेशेंट इन बेड नंबर 12" के लिए 'रस्किन बॉन्ड फिक्शन बुक अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।
- हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित लेखक **काशीनाथ सिंह** को 'भारतेंदु हरिश्चंद्र लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा।

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

## January (जनवरी)

### वी. नारायणन – इसरो अध्यक्ष

- नियुक्ति: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष नियुक्त।
- कार्यकाल: 14 जनवरी 2025 से दो वर्षों के लिए।
- अन्य पद: अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष।
- पूर्ववर्ती: एस. सोमनाथ।
- विशेषज्ञता: रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन।

### न्यायमूर्ति कृष्णन विनोद चंद्रन

- सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश बने।
- शपथ: 16 जनवरी 2025 को CJI संजीव खन्ना द्वारा।
- पूर्व पद: पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश।
- न्यायिक संख्या: अब सुप्रीम कोर्ट में 33 न्यायाधीश।

### बहादुर सिंह सागू

- नियुक्ति: भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) के अध्यक्ष।
- पूर्ववर्ती: आदिले सुमरिवाला।
- अन्य नियुक्ति: संदीप मेहता को महासंघ का सचिव चुना गया।
- खेल उपलब्धि: एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता।

### ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

- नियुक्ति: सीआरपीएफ के महानिदेशक नियुक्त।
- बैच: 1991, असम-मेघालय कैडर के आईपीएस अधिकारी।
- कार्यकाल: 30 नवंबर 2027 तक।
- अनुमोदन: कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा।

### एम. मोहन

- नियुक्ति: लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (LPSC) के निदेशक।
- पूर्व पद: विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) में निदेशक (प्रोजेक्ट)।
- पूर्ववर्ती: डॉ. वी. नारायणन।
- विशेष कार्य: चंद्रयान-1 मिशन के मून इम्पैक्ट प्रोब (MIP) के सिस्टम लीडर।

### भुवनेश कुमार

- नियुक्ति: भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के सीईओ।
- कार्यभार ग्रहण: 1 जनवरी 2025।
- अन्य पद: इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) में अतिरिक्त सचिव।
- पूर्ववर्ती: अमित अग्रवाल।

### देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया

- देवजीत सैकिया – बीसीसीआई के सचिव।
- प्रभतेज सिंह भाटिया – बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष।
- चयन: निर्विरोध।

### डोनाल्ड ट्रंप

- अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने।
- शपथ ग्रहण: 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने।
- पूर्ववर्ती: जो बिडेन (46वें राष्ट्रपति)।
- शपथ ग्रहण अधिकारी: मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स।
- उपराष्ट्रपति: जेडी वेंस (50वें उपराष्ट्रपति)।
- भारत का प्रतिनिधित्व: विदेश मंत्री एस. जयशंकर।
- विशेष: उषा वेंस पहली भारतीय-अमेरिकी सेकंड लेडी बनीं।

### जॉन महामा

- नियुक्ति: तीसरी बार घाना के राष्ट्रपति बने।
- पूर्ववर्ती: नाना अकुफो-एडो।
- पहली शपथ: जुलाई 2012 में।

### ज़ोरान मिलनोविक

- क्रोएशिया के फिर से राष्ट्रपति चुने गए।
- प्रतिद्वंदी: सत्तारूढ़ रूढ़िवादी पार्टी के उम्मीदवार को हराया।
- नीतिगत रुख: यूरोपीय संघ और नाटो के आलोचक।
- राजधानी: ज़ाग्रेब।

### माइकल मार्टिन

- आयरलैंड के प्रधानमंत्री बने।
- पार्टी: फियाना फेल पार्टी के नेता।
- पूर्व कार्यकाल: 2020 से 2022 तक प्रधानमंत्री।

### लुकाशेंको

- बेलारूस के राष्ट्रपति बने।
- चुनाव जीत: सातवीं बार राष्ट्रपति चुने गए।
- वोट प्रतिशत: लगभग 87%
- कार्यकाल: 1994 से लगातार राष्ट्रपति।
- बेलारूस पूर्वी यूरोप में स्थित है।

### जोसेफ औन

- चुनाव: लेबनान की संसद द्वारा राष्ट्रपति चुने गए।
- पृष्ठभूमि: लेबनान के राष्ट्रपति बनने वाले पांचवें पूर्व सेना कमांडर।
- सेना प्रमुख पद: मार्च 2017 में नियुक्त।

### जस्टिन ट्रूडो

- 6 जनवरी 2025 को कनाडा के प्रधानमंत्रीऔर लिबरल पार्टी के नेता पद सेइस्तीफा दिया।
- कार्यकाल: 2015 में 44 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बने।
- अंतरिम भूमिका: नए नेता के चुनाव तक पद पर बने रहेंगे।

## निधन

### के. एस. मणिलाल

- निधन: 1 जनवरी 2025
- वनस्पतिशास्त्री, पद्मश्री सम्मानित।
- प्राचीन लैटिन ग्रंथ "हॉर्टस मालाबारिकस" का अंग्रेजी और मलयालम में अनुवाद किया था।
- कालीकट विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रमुख रहे।

### डॉ. राजगोपाला चिदंबरम

- निधन: 88 वर्ष की आयु में
- भारत के परमाणु वैज्ञानिक रहे।
- **योगदान:**
  - भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका।
  - 1974 के पहले परमाणु परीक्षण और 1998 के पोखरण-II परीक्षणों के प्रमुख वैज्ञानिक।

## February (फरवरी)

### ज्ञानेश कुमार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया है।
- उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। वे भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।
- उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया।
- सीईसी ज्ञानेश कुमार पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे केरल कैडर के 1988 बैच के अधिकारी हैं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. विवेक जोशी को नवनियुक्त चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है।
- वे हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- ज्ञानेश कुमार नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले CEC हैं।
- **चयन समिति:** प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता, केबिनेट मंत्री
- चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।

### तुहिन कांता पांडे SEBI के नए अध्यक्ष बने

- हाल ही में भारत के वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) का 11वां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए होगा।
- वह माधबी पुरी बुच का स्थान लेंगे, जो सेबी की पहली महिला अध्यक्ष थीं
- तुहिन कांता पांडे वर्ष 1987 बैच के ओडिशा कैडर के IAS अधिकारी है।

**सेबी**

- स्थापना : 12 अप्रैल 1988
- वैधानिक निकाय बना : 1992
- मुख्यालय: मुंबई

### शक्तिकांत दास

- शक्तिकांत दास को 22 फरवरी को प्रधानमंत्री का दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी गई।
- उनका कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, होगा।
- शक्तिकान्त दास तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।
- वे आरबीआई के 25वें गवर्नर रह चुके हैं।
- वे भारत के जी-20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं।
- पीके मिश्रा भी वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

### बी वी आर सुब्रमण्यम

- केंद्र सरकार ने नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नीति आयोग के सीईओ के रूप में सुब्रमण्यम के कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी दी।
- उन्हें फरवरी 2023 में दो साल के लिए नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया गया था।

### रेखा गुप्ता

- 20 फरवरी को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- उनके साथ छह कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली।
- रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री और चौथी महिला मुख्यमंत्री है।
- दिल्ली की पूर्व महिला मुख्यमंत्री: सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी सिंह।
- रेखा गुप्ता दिल्ली के शालीमार बाग से पहली बार विधायक बनी है।

- इससे पहले वह दिल्ली नगर निगम के सदस्य के रूप में भी चुनी जा चुकी हैं।
- रेखा गुप्ता भारत में 18वीं महिला मुख्यमंत्री बनी है।
- सुचेता कृपलानी भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं।
- दिल्ली विधानसभा सीट : 70
    - भाजपा ने 48 सीटें और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं।
- नोट: दिल्ली के मुख्यमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

### वी. अनंत नागेश्वरन

- भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा दिया गया है।यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) द्वारा लिया गया।
- मुख्य आर्थिक सलाहकार का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करने का कार्य करता है।

### पी डी सिंह

- स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने भारत के लिए पीडी सिंह को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है।
- वह जरीन दारूवाला की जगह लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त होंगे।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड एक ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय बैंक है जो धन प्रबंधन, कॉर्पोरेट और निवेश बैंकिंग और ट्रेजरी सेवाओं में परिचालन करता है।

### चरणजोत सिंह नंदा

- चरणजोत सिंह नंदा को 2025-26 के कार्यकाल के लिए दुनिया की सबसे बड़ी लेखा संस्था, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- आईसीएआई की केंद्रीय परिषद ने नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान नंदा को 73वें अध्यक्ष के रूप में चुना, जो पहले आईसीएआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।
- आंध्र प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट डी. प्रसन्ना कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया।
- अर्जुन राम मेघवाल, जो वर्तमान में कानून और न्याय और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, ने पद की शपथ दिलाई।

### शिखर धवन

- भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इवेंट एंबेसडर नियुक्त किया है।
- यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किया जाएगा।
- पाकिस्तान के 2017 चैंपियंस ट्रॉफी विजेता कप्तान सरफराज अहमद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी को अन्य तीन एंबेसडर के रूप में नामित किया गया है।
- धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दो संस्करणों में 701 रन बनाए हैं।
- वह टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने के लिए लगातार गोल्डन बैट जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### जोथम नापत

- जोथम नापत को 11 फरवरी 2025 को **वानुअतु** देश का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
- उन्हें वानुअतु की राजधानी पोर्ट विला में संसद में मतदान द्वारा चुना गया।
- नापत पांच राजनीतिक दलों – लीडर्स पार्टी, वानुआकु पार्टी, ग्रेओन मो जस्टिस पार्टी, रीयूनिफिकेशन मूवमेंट फॉर चेंज और इउको ग्रुप से बनी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।
- इसके अलावा जॉनी कोनापो रसौ को उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।

### कॉन्स्टेंटाइन टैसौलस

- ग्रीस की संसद द्वारा पूर्व संसद अध्यक्ष कॉन्स्टेंटाइन टैसौलस को 12 फरवरी 2025 को ग्रीस का नया राष्ट्रपति चुना गया।
- वे ग्रीस की पहली महिला राष्ट्रपति, कतेरीना सकेलारोपोलू का स्थान लेंगे।
- 13 मार्च 2025 को वे राज्य के प्रमुख के रूप में शपथ लेंगे।

### काश पटेल

- यह संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) के 9वें निदेशक बने हैं।
- वे एफबीआई के पहले भारतीय मूल के निदेशक हैं।
- USA की सीनेट (संयुक्त राज्य कांग्रेस के ऊपरी सदन) ने 20 फरवरी, 2025 को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।

# निधन

### मायाधर राउत

- यह ओडिसी नृतक है, जिनका 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- मायाधर राउत को "ओडिसी नृत्य का जनक" माना जाता है।
- उन्हें 2010 में पद्म श्री, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1985), उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1977) से सम्मानित किया गया था।
- वह श्रृंगार रस का चित्रण करते हुए मंच पर गीतगोविंद 'अष्टपदी' प्रस्तुत करने वाले पहले व्यक्ति थे।

# 9. चर्चित स्थल

## January ( जनवरी )

### इंदौर और उदयपुर – रामसर आर्द्रभूमि मान्यता प्राप्त शहर

- इंदौर और उदयपुर रामसर कन्वेंशन के तहत वैश्विक आर्द्रभूमि शहरों की सूची में शामिल होने वाले पहले दो भारतीय शहर बने।
- **रामसर कन्वेंशन:**
  - एक अंतर-सरकारी संधि, जो आर्द्रभूमि और उनके संसाधनों के संरक्षण एवं सतत उपयोग को सुनिश्चित करती है।
- **वैश्विक स्थिति:**
  - 31 नए शहरों को मान्यता दी गई, जिससे कुल संख्या 74 हो गई।
  - चीन (22 शहर) और फ्रांस (9 शहर) सूची में आगे।
- **भारत में:**
  - वर्तमान में 85 आर्द्रभूमियां रामसर संधि के तहत संरक्षित।
  - यह मान्यता केवल उन शहरों को दी जाती है, जो छह अंतर्राष्ट्रीय मानदंड पूरे करते हैं।

### सोनमर्ग सुरंग (Z-मोड़ सुरंग) का उद्घाटन

- स्थान: जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित।
- उद्घाटन: 13 जनवरी 2025, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- पहले इसे Z-मोड़ सुरंग (Z-Morh Tunnel) कहा जाता था।
- लंबाई: लगभग 12 किमी।
- निर्माण लागत: ₹2,700 करोड़ से अधिक।
- श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग की दूरी 1 घंटे से घटकर 15 मिनट हो गई।
- सोनमर्ग सुरंग, जोजिला टनल प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

### पैंगोंग झील के तट पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा

- स्थान: पूर्वी लद्दाख, पैंगोंग झील (Pangong Lake) के तट पर।
- **विशेषता:**
  - 14,300 फीट की ऊँचाई पर भारतीय सेना ने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा स्थापित की।
  - मराठा लाइट इन्फैंट्री के अधिकारियों द्वारा अनावरण।
  - स्थान चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के करीब स्थित है।
- **पैंगोंग झील:**
  - ऊँचाई: 4,350 मीटर (दुनिया की सबसे ऊँची खारे पानी की झील)।
  - लंबाई: 160 किमी, जिसमें 1/3 भारत में, 2/3 चीन में।

### 18वां प्रवासी भारतीय दिवस 2025

- आयोजन: 8-10 जनवरी 2025, भुवनेश्वर (ओडिशा)।
- थीम: 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान'
- मुख्य अतिथि: त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कैंगलू।
- उद्घाटन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- समापन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 जनवरी को शामिल हुईं।
- **प्रवासी भारतीय दिवस (PBD):**
  - हर दो वर्षों में 9 जनवरी को मनाया जाता है।
  - 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे, इसी उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
  - शुरुआत: 2003, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा।

### भारत का पहला ऑर्गेनिक फिशरीज क्लस्टर

- स्थान: सोरेंग जिला, सिक्किम।
- लॉन्च: केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - भारत में अपनी तरह का पहला जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर।
  - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत विकसित।
  - हानिकारक रसायनों, एंटीबायोटिक्स और कीटनाशकों से मुक्त मत्स्य पालन प्रणाली।
  - राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

### डिब्रूगढ़ – असम की दूसरी राजधानी होगी

- घोषणा: डिब्रूगढ़, 2027 तक असम की दूसरी राजधानी बनेगा।
- **प्रमुख विकास:**
  - यहाँ एक विधानसभा परिसर स्थापित किया जाएगा।
  - तेजपुर को 'सांस्कृतिक राजधानी' घोषित किया जाएगा और वहाँ एक राजभवन बनेगा।
  - सिलचर में एक मिनी सचिवालय और मुख्य सचिव का कार्यालय स्थापित होगा।
  - डिब्रूगढ़ में स्थायी विधानसभा भवन का निर्माण 25 जनवरी 2026 से शुरू होगा।
  - 2027 से हर वर्ष विधानसभा सत्र डिब्रूगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय

- स्थान: वडनगर, गुजरात
- उद्घाटन: 16 जनवरी 2025, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा
- **मुख्य विशेषताएँ:**

- 12,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला, निर्माण लागत ₹298 करोड़।
- वडनगर के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाता है।
- भारत में अपनी तरह का पहला संग्रहालय, जहाँ आगंतुक पुरातात्विक स्थल का अनुभव कर सकते हैं।
- 5,000 से अधिक कलाकृतियाँ प्रदर्शित।

- वडनगर भारत के प्राचीन जीवित विरासत शहरों में से एक।

## होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य में तेल और गैस अन्वेषण को मंजूरी

- स्वीकृति: राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की स्थायी समिति द्वारा।
- स्थान: असम का होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - इको-सेंसिटिव जोन (ESZ) में तेल और गैस अन्वेषण ड्रिलिंग को मंजूरी।
  - यह देश की एकमात्र वानर (ऐप) प्रजाति, हूलॉक गिब्बन (Hoolock Gibbon) के नाम पर रखा गया है।

## हरित सकल घरेलू उत्पाद से वन पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ने वाला पहला राज्य

- राज्य: छत्तीसगढ़
- **उद्देश्य:**
- वट नियोजन में सुधार हेतु ग्रीन जीडीपी को लागू किया जाएगा।

## वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स वॉच 2025

- **भारत के चयनित स्थल:**
  - हैदराबाद की मुसी नदी ऐतिहासिक इमारतें।
  - गुजरात की भुज ऐतिहासिक जल प्रणालियाँ।
- यह सूची जल संकट और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित 25 स्थलों को उजागर करती है।
- न्यूयॉर्क स्थित वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स फंड (WMF) द्वारा 1996 में लॉन्च किया गया।
- वर्ल्ड मॉन्यूमेंट वॉच हर दो वर्ष में घोषित की जाती है।
- इस सूची में दुनिया भर के व्यक्तियों और समुदाय-आधारित संगठनों द्वारा नामित स्थल शामिल होते हैं।

## ग्लोबल ग्लेशियर कैजुअल्टी लिस्ट में 'याला ग्लेशियर' शामिल

- स्थान: नेपाल
- नेपाल के सबसे अधिक अध्ययन किए गए ग्लेशियरों में से एक।
- 1974 से 2021 के बीच 680 मीटर सिकुड़ चुका है।
- 2040 तक इसके पूरी तरह गायब होने की आशंका।
- पूरे हिमालय में एकमात्र ग्लेशियर जिसे ग्लोबल ग्लेशियर कैजुअल्टी लिस्ट में शामिल किया गया है।
- इस लिस्ट में कुल 15 ग्लेशियर शामिल हैं।
- याला ग्लेशियर को "क्रिटिकली एंडेंजर्ड" श्रेणी में रखा गया।

## समुद्र पर भारत का पहला कांच का पुल

- स्थान: कन्याकुमारी, तमिलनाडु
- तिरुवल्लुवर प्रतिमा और विवेकानंद रॉक मेमोरियल को जोड़ता है।
- लंबाई: 77 मीटर, चौड़ाई: 10 मीटर।
- निर्माण लागत: ₹37 करोड़।
- आगंतुकों को समुद्र के दृश्य के साथ दोनों स्थलों के बीच सुरक्षित आवागमन की सुविधा।
- धनुषाकार मेहराब संरचना, समुद्र से आने वाली खारी हवा और उच्च आर्द्रता को सहने के लिए डिज़ाइन की गई।

## एशिया की सबसे बड़ी शैलो वेव बेसिन अनुसंधान सुविधा

- स्थान: आईआईटी मद्रास, तमिलनाडु
- भारत की तटीय और समुद्री इंजीनियरिंग आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विकसित।
- राष्ट्रीय बंदरगाह, जलमार्ग और तट प्रौद्योगिकी केंद्र (NTCPWC) के तहत स्थापित।
- भारतीय बंदरगाहों, जलमार्गों और तटीय संरचनाओं से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा।
- बंदरगाह, अपतटीय, तटीय और अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं के लिए 3D तरंगों के प्रभावों का परीक्षण किया जाएगा।

## दक्षिण भारत की पहली संक्रामक रोग अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला

- स्थान: बैंगलोर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (BMCRI), बेंगलुरु
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - दक्षिण भारत की पहली संक्रामक रोग अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला (IRDL) स्थापित होगी।
  - बेंगलुरु में संक्रामक रोग अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।
  - बैक्टीरिया, कवक और परजीवियों से होने वाली बीमारियों पर ध्यान केंद्रित।
  - त्वरित निदान और बेहतर प्रबंधन में सहायक होगी।
  - सरकार की मेडिकल कॉलेजों में विशेष प्रयोगशालाएं स्थापित करने की पहल का हिस्सा।

## 1,200 साल पुराना बौद्ध मठ

- स्थान: रत्नागिरी बौद्ध स्थल, जाजपुर जिला, ओडिशा
- ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) द्वारा खुदाई में बौद्ध मठ परिसर मिला।
- भगवान बुद्ध की पत्थर की मूर्तियाँ, मन्नत स्तूप, उत्कीर्ण पत्थर, मिट्टी के बर्तन, मनके, पत्थर के खंभे और प्राचीन ईंट की दीवारें खोजी गईं।

- एक पाँच फुट की अखंड हाथी की मूर्ति मिली।
- बुद्ध की विशाल सिर प्रतिमा और बौद्ध देवताओं की मूर्तियों के टुकड़े भी मिले।
- **नोट:** 13वीं शताब्दी ईस्वी में मुस्लिम शासकों के आक्रमण के कारण रत्नागिरी का पतन हुआ।

## 27वां अंतर्राष्ट्रीय ग्लास कांग्रेस (ICG) 2025

- स्थान: कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- आयोजन: 20-24 जनवरी 2025
- उद्घाटन: केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा।
- आयोजक: CSIR-केंद्रीय ग्लास और सिरेमिक अनुसंधान संस्थान (CSIR-CGCRI)।
- भारत में यह आयोजन दूसरी बार हुआ, पहली बार 1986 में हुआ था।
- थीम: "Glass: A Smart and Indispensable Material for Sustainable Society"

## नाड़ी तरंगिणी: भारत का पहला आयुर्वेदिक चिकित्सा उपकरण

- निर्माता: आत्रेय इनोवेशन्स, हिंजेवाड़ी, पुणे
- यह CDSCO (सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन) से अनुमोदित पहला आयुर्वेदिक चिकित्सा उपकरण है।
- आयुर्वेदिक पल्स डायग्नोस्टिक उपकरण, नाड़ी परीक्षा के लिए विकसित।
- डॉ. अनिरुद्ध जोशी द्वारा IIT बॉम्बे में छह साल के शोध के बाद विकसित।
- नाड़ी तरंगिणी की सटीकता लगभग 85% है।
- CDSCO
    - भारत में दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के लिए राष्ट्रीय नियामक संस्था।

## भारत की पहली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली

- स्थान: किलोकरी, दक्षिण दिल्ली
- प्रारंभ: मार्च 2025
- भारत की पहली वाणिज्यिक उपयोगिता-स्तरीय बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS)।
- 20 मेगावाट (MW) / 40 मेगावाट-घंटा (MWh) क्षमता वाली बैटरियों का समूह।
- परियोजना की लागत: लगभग ₹120 करोड़ ($14 मिलियन)।
- बीएसईएस राजधानी दिल्ली की सबसे बड़ी बिजली वितरण कंपनी (रिलायंस समूह और दिल्ली सरकार का संयुक्त उद्यम)।
- मुख्य वित्तपोषक: ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लेनेट (GEAPP), जो अक्षय ऊर्जा निवेश के लिए समर्पित गैर-लाभकारी गठबंधन है।

## महाकुंभ मेला 2025

- स्थान: प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
- आरंभ: 13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा, अमृत स्नान से शुरू)
- समाप्ति: 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि तक)
- दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम।
- त्रिवेणी संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम) पर भक्तों का स्नान।
- माघ पूर्णिमा तक एक महीने का "कल्पवास"।
- 144 वर्षों में केवल एक बार होने वाले दुर्लभ खगोलीय संरेखण के कारण विशेष।

## समर्पित एआई नीति विकसित करने वाला पहला राज्य

- राज्य: महाराष्ट्र
- महाराष्ट्र सरकार ने AI नीति 2025 पर सिफारिशें देने के लिए 16 सदस्यीय समिति गठित की।
- महाराष्ट्र समर्पित AI नीति विकसित करने वाला भारत का पहला राज्य होगा।
- समिति की अध्यक्षता: सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय, मुंबई के निदेशक करेंगे।
- AI नीति, भारत सरकार की AI मिशन नीति के ढांचे पर आधारित होगी।
- नीति केंद्र सरकार के AI मिशन को पूरक करने के लिए उपाय सुझाएगी।

# विविध

## रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'रक्षा सुधारों का वर्ष' घोषित किया

- **घोषणा:** 1 जनवरी 2025
- **उद्देश्य:**
    - सैन्य क्षमताओं और ऑपरेशनल तत्परता में सुधार।
    - रक्षा बलों में दक्षता, समन्वय और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना।
    - नई सुधार पहल शुरू करना।

## "When-Listed" प्लेटफॉर्म

- लॉन्च: भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)
- **मुख्य बिंदु:**
    - ऐसे शेयरों का ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जो IPO पूरा कर चुके हैं लेकिन अभी सूचीबद्ध नहीं हुए।
    - 'ग्रे मार्केट गतिविधियों' को कम करने का उद्देश्य।

## म्यूचुअल फंड में निवेश हेतु SEBI की "सैशेटाइजेशन" योजना

- **उद्देश्य:** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना।
- **मुख्य बिंदु:**
    - छोटे निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को आसान बनाना।
    - ₹ 250 जैसी छोटी राशि से निवेश की शुरुआत संभव।
    - वित्तीय उत्पादों को छोटे, सुलभ पैकेजों में प्रस्तुत करने की रणनीति।

### एंटिटी लॉकर

- विकासकर्ता: राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)
- **मुख्य बिंदु:**
  - व्यवसायों और संगठनों के दस्तावेज़ों के प्रबंधन और सत्यापन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म।
  - सुरक्षित क्लाउड-आधारित समाधान।
  - MSMEs, स्टार्टअप्स, निगमों, ट्रस्टों और सोसाइटीज़ के लिए उपयोगी।
  - भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पहल का हिस्सा।

### 'भारतपोल' (BHARATPOL) पोर्टल

- लॉन्च: 7 जनवरी 2025, गृह मंत्री अमित शाह द्वारा
- विकासकर्ता: केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI)
- **उद्देश्य:**
  - कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों को इंटरपोल से तेजी से सहायता प्राप्त करने में मदद।
  - 195 सदस्य देशों के साथ जांच और सूचनाओं का आदान-प्रदान संभव।

### भारत रणभूमि दर्शन ऐप

- लॉन्च: 15 जनवरी 2025, सेना दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा
- विकासकर्ता: रक्षा मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय और भारतीय सेना
- **उद्देश्य:**
  - 1962, 1971 और 1999 के युद्धों से जुड़े रणक्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना।
  - लद्दाख (रेजांग-ला, गलवान), अरुणाचल प्रदेश (किबिथू, बुम-ला), सियाचिन बेस कैंप को पर्यटकों के लिए खोलना।

### 'प्रभाव फैक्टबुक' (PRABHAAV Factbook)

- लॉन्च: वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा
- विकासकर्ता: उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT)
- **उद्देश्य:**
  - भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के 2016-2024 तक के विकास को दर्शाना।
  - भास्कर प्लेटफॉर्म (BHASKAR) के जरिए स्टार्टअप्स को वित्तीय व परामर्श सहायता प्रदान करना।

### आईस्पॉट (iSPOT) पोर्टल

- लॉन्च: भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा
- **उद्देश्य:**
  - स्टॉक एक्सचेंज और बाजार संस्थानों (MIIs) की तकनीकी समस्याओं की रिपोर्टिंग और समाधान में सुधार।
  - प्रारंभिक और अंतिम मूल कारण विश्लेषण (RCA) रिपोर्ट की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना।

### संचार साथी मोबाइल ऐप

- **उद्देश्य:**
  - दूरसंचार सुरक्षा को मजबूत करना और नागरिकों को सशक्त बनाना।
  - एंड्रॉयड और iOS दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध।
  - दूरसंचार धोखाधड़ी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपयोगी उपाय।

### नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन (NBM) 2.0

- भारत के 1.7 लाख शेष गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 60% घरों तक ब्रॉडबैंड सेवा पहुंचाना।
- न्यूनतम 100 Mbps डाउनलोड स्पीड सुनिश्चित करना।
- ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता 66 करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ तक पहुंचने का लक्ष्य।

## प्रमुख सम्मेलन

### 85वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

- स्थान: पटना
- उद्घाटन: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा
- विषय: संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान
- लोकसभा अध्यक्ष ने "संसदीय पढ़ाई एवं प्रक्रिया" पुस्तक के 8वें संस्करण का अनावरण किया।

### तीसरा राष्ट्रीय खनन मंत्रियों का सम्मेलन

- स्थान: कोणार्क, ओडिशा
- आयोजक: खनन मंत्रालय व ओडिशा सरकार
- **मुख्य पहल:**
  - माइनिंग टेनमेंट सिस्टम (MTS) लॉन्च
  - खनिज संसाधन प्रबंधन में पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म

### पहला ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन

- स्थान: राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU), गांधीनगर, गुजरात
- तिथि: 27-30 जनवरी 2025
- **उद्देश्य:**
  - "सतत" खेल अवसंरचना के निर्माण पर रणनीतियों और वित्तपोषण पर चर्चा
  - भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार बनाना

### ग्रामीण भारत महोत्सव 2025

- स्थान: भारत मंडपम, नई दिल्ली
- तिथि: 4-9 जनवरी 2025

- उद्घाटन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा
- थीम: 'विकसित भारत के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण'
- उद्देश्य: ग्रामीण उद्यमशीलता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना

### एयरो इंडिया 2025 (Aero India 2025)

- संस्करण: 15वां
- स्थान: बेंगलुरु
- तिथि: 10-14 फरवरी 2025
- थीम: 'Runway to a Billion Opportunities'
- **उद्देश्य:**
    - स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना
    - भारतीय व विदेशी रक्षा कंपनियों के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन मंच

### 'सन, स्पेस वेदर और सोलर-स्टेलर कनेक्शन' सम्मेलन

- स्थान: बेंगलुरु
- तिथि: 20-24 जनवरी 2025
- आयोजक: भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA)
- विशेष: कोडईकनाल सौर वेधशाला (KSO) की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित

### अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव

- स्थान: आदि बद्री, यमुनानगर, हरियाणा
- उद्घाटन: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा
- अवधि: 29 जनवरी - 2 फरवरी 2025
- **महत्व:**
    - आदि बद्री को सरस्वती नदी का उद्गम स्थल माना जाता है।
    - कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में "पवित्र सरस्वती नदी" पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।
- उद्देश्य: भारत की महान सभ्यता की वैश्विक पहचान बढ़ाना।

### छठा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव

- स्थान: बेंगलुरु, कर्नाटक
- थीम: "कृषि-पारिस्थितिकी के माध्यम से कृषि खाद्य प्रणालियों का परिवर्तन: एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य"
- **विशेष:**
    - जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, केन्या, तंजानिया, इटली, पेरू, इंग्लैंड सहित 10+ देशों के विशेषज्ञ शामिल हुए।
    - कर्नाटक भारत में पोषक अनाज (बाजरा) का प्रमुख उत्पादक राज्य है।
    - 2017 में पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव की भी मेजबानी की थी।

### केरल के कप्पड़ और चाल समुद्रतट को 'ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन'

- प्रदानकर्ता: डेनमार्क स्थित फाउंडेशन फॉर एनवायर्नमेंटल एजुकेशन (FEE)
- **स्थल:**
    - कप्पड़ समुद्रतट (कोझिकोड, केरल)
    - चाल समुद्रतट (कन्नूर, केरल)
- ब्लू फ्लैग प्रमाणन मानदंड:
    - 33 कड़े पर्यावरणीय, सुरक्षा, जल गुणवत्ता और सतत विकास मानकों को पूरा करने पर दिया जाता है।

**ब्लू फ्लैग प्रमाणन वाले भारतीय समुद्र तट**

- भारत का पहला ब्लू फ्लैग समुद्र तट: चंद्रभागा समुद्र तट, ओडिशा
- कुल प्रमाणित समुद्र तट (अब 13):
    - ओडिशा: गोल्डन समुद्र तट
    - गुजरात: शिवराजपुर समुद्र तट
    - केरल: कप्पड़ समुद्र तट, चाल समुद्र तट
    - दीव: घोघला समुद्र तट
    - अंडमान और निकोबार: राधानगर समुद्र तट
    - कर्नाटक: कसारकोड समुद्र तट, पडुबिद्री समुद्र तट
    - आंध्र प्रदेश: रुशिकोंडा समुद्र तट
    - तमिलनाडु: कोवलम समुद्र तट
    - पुदुचेरी: ईडन समुद्र तट
    - लक्षद्वीप: मिनिकॉय थुंडी समुद्र तट, कदमत समुद्र तट

### हाटी जनजातियों का 'बोडा त्यौहार' उत्सव

- स्थान: हिमाचल प्रदेश (ट्रांस-गिरी क्षेत्र)
- आरंभ: 10 जनवरी 2025
- स्थानीय नाम: माघो को त्यौहार
- **महत्व:**
    - हाटी जनजातियों का सबसे बड़ा वार्षिक उत्सव।
    - सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण पर्व।
    - हाटी जनजाति का नाम 'हाट' (स्थानीय बाजार) से उत्पन्न हुआ, जहाँ वे सब्जियाँ, फसलें, मांस और ऊन बेचते थे।

### भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025

- स्थान: भारत मंडपम, नई दिल्ली
- अवधि: 17-22 जनवरी 2025
- थीम: "सीमाओं से परे: भविष्य की ऑटोमोटिव वैल्यू चेन का सह-निर्माण"
- **उद्देश्य:**
    - ऑटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्रों में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना।
    - टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति को गति देना।

**भारत में 'जेनरेशन बीटा' के पहले बच्चे का जन्म**

- स्थान: मिजोरम
- जन्म तिथि: 1 जनवरी 2025, रात 12:03 बजे
- नाम: फ्रेंकी

**जेनरेशन बीटा (Generation Beta)**

- समय अवधि: 2025 से 2039 के बीच जन्म लेने वाली पीढ़ी।
- **विशेषताएँ:**
  - इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं के बीच पली-बढ़ी पीढ़ी।
  - तकनीकी प्रगति और स्मार्ट डिवाइस के अत्यधिक प्रभाव में जन्मी पीढ़ी।
- परिभाषा देने वाले व्यक्ति: मार्क मैक्रिंडल (समाजविज्ञानी)

**भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश बना**

- घोषणा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा (5 जनवरी 2025)
- परियोजना लागत: ₹12,200 करोड़ से अधिक
- **महत्वपूर्ण परियोजनाएँ:**
  - दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किमी लंबे सेक्शन का उद्घाटन।
- **वैश्विक स्थिति:**
- भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए परिचालित मेट्रो नेटवर्क की लंबाई में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## February (फरवरी)

**ब्लू-चीक्ड बी-ईटर का भारत में पहला प्रजनन स्थल**

- **स्थान:तमिलनाडु के मनाकुडी मैंग्रोव के पास आंदीविलई के मैदानों** में मिल है।

**ब्लू-चीक्ड बी-ईटर**

- वैज्ञानिक नाम: मेरोप्स पर्सिकस (Merops persicus)
- वंश: मेरोप्स (Merops)
- आई.यू.सी.एन. स्थिति : संकटमुक्त (Least Concern)
- ऐतिहासिक रूप से यह पक्षी भारत में शीतकालीन प्रवासी पक्षी के रूप में जाना जाता था।

**भारत के पहले ऊर्ध्वाधर द्विमुखी सौर संयंत्र का उद्घाटन**

- **स्थान:** ओखला विहार मेट्रो स्टेशन के मेट्रो वायडक्ट पर।
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा।
- ऊर्ध्वाधर द्विमुखी सौर पैनल दोनों तरफ से सूर्य के प्रकाश को कैप्चर कर सकते हैं।
- यह बिना किसी अतिरिक्त भूमि के मेट्रो की ऊँची संरचना का सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग करेगा।

**'ग्रीन मेट्रो सिस्टम - शहरी गतिशीलता का भविष्य' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**

- **आयोजन**: दिल्ली में।
- **आयोजक:**DMRC, भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा।

**चिड़ियाघर में पहला बायोबैंक**

- पद्मजा नायडू हिमालयन ज़ूलॉजिकल पार्क (दार्जिलिंग चिड़ियाघर) में स्थित भारत का पहला वन्यजीव बायोबैंक है।
- बायोबैंक (फ्रोज़न चिड़ियाघर) में संरक्षण और अनुसंधान हेतु जंतुओं के आनुवंशिक तत्त्वों को संरक्षित किया जाता है।
- यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (CCMB) के सहयोग से राष्ट्रीय संरक्षण योजना का हिस्सा है।
- इसके अलावा दिल्ली राष्ट्रीय चिड़ियाघर और नंदनकानन चिड़ियाघर (ओडिशा) में बायोबैंक स्थापित किया जाएगा।

**दार्जिलिंग चिड़ियाघर:**

- यह भारत का सबसे बड़ा उच्च ऊँचाई वाला चिड़ियाघर है।

**भारत के पहले "ओपन-एयर आर्ट वॉल म्यूजियम" का उद्घाटन**

- भारत का पहला "ओपन एयर आर्ट वॉल म्यूजियम" भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), नई दिल्ली में शुरू किया गया।
- इसमें भारत के मौसम संबंधी इतिहास, मौसम संबंधी पूर्वानुमान के विकास और कृषि, आपदा प्रबंधन एवं रोजमर्रा की जिंदगी पर इसके प्रभाव को दर्शाने वाले 38 अनूठे भित्ति चित्र शामिल हैं।
- इस पहल को "दिल्ली स्ट्रीट आर्ट" के सहयोग से विकसित किया गया है।

# विविध

**एशिया की पहली वैश्विक हाइपरलूप प्रतियोगिता (GHC) 2025**

- **आयोजन:** 21-25 फरवरी तक आईआईटी मद्रास द्वारा।
- इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 150 उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- **आयोजक:** रेल मंत्रालय और भारत सरकार के अतिरिक्त सहयोग से आईआईटी मद्रास, आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन और एसएई इंडिया द्वारा।
- **उद्देश्य:** वैश्विक प्रतिभा, उद्योग के नेताओं और शोधकर्ताओं को एकजुट करना, सहयोग, नवाचार और हाइपरलूप प्रौद्योगिकी के वास्तविक दुनिया कार्यान्वयन को बढ़ावा देना।
- हाइपरलूप परिवहन का पाँचवाँ साधन है। यह एक ऐसी ट्रेन है जो लगभग-वैक्यूम ट्यूब में यात्रा करती है।
- यह कम वायु प्रतिरोध ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1000 किमी/घंटा से अधिक की गति तक पहुंचने की अनुमति देता है।

## अनुवादक की सुविधा से लैस भारत की पहली विधानसभा

- उत्तर प्रदेश विधानसभा।
- इसमें अवधी, ब्रज, भोजपुरी, बुंदेलखंड और अंग्रेजी के अनुवाद की सुविधा रहेगी।

## 'अपशिष्ट पुनर्चक्रण और जलवायु परिवर्तन 2025'

- इस सम्मेलन का उद्घाटन 18 फरवरी कोकेंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय पुनर्चक्रण एवं पर्यावरण उद्योग संघ (आरईआईएआई) द्वारा किया गया था।
- इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और उद्योगों में पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन को बढ़ावा देना है।
- भारत में प्रतिवर्ष लगभग 62 मिलियन टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक और खतरनाक कचरे की मात्रा तेजी से बढ़ रही है।

## "शतावरी – बेहतर स्वास्थ्य के लिए" अभियान

- लॉन्च: 06 फरवरी 2025 को।
- औषधीय पौधों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, आज आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव द्वारा "शतावरी-बेहतर स्वास्थ्य के लिए" नाम से एक प्रजाति-केंद्रित अभियान का शुभारंभ किया गया।
- NMPB द्वारा इससे पहले आंवला, मोरिंगा, गिलोय और अश्वगंधा के लिए अभियान चलाए गए हैं। इन पहलों ने पूरे देश में औषधीय पौधों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है।

## NSDC इंटरनेशनल अकादमी का उद्घाटन

- जयंत चौधरी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एनएसडीसी इंटरनेशनल अकादमी का उद्घाटन किया।
- यह अकादमी भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) की एक प्रमुख पहल है।
- इस अकादमी को विश्व स्तरीय कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह अकादमी उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करेगी जो जर्मनी, जापान और इजरायल जैसे देशों की कौशल मांगों के अनुरूप विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगी।

## 'इनोवेट विद गोइस्टैट्स' हैकथॉन

- यह एक हैकथॉन है, जिसे सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया।
- यह हैकथॉन 25 फरवरी से 31 मार्च के बीच मायगॉव प्लेटफॉर्म पर होगा।
- इस हैकथॉन की थीम "विकसित भारत के लिए डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि" होगी।
- **उद्देश्य:** छात्रों और शोधकर्ताओं को नवीन डेटा-संचालित एप्रोच बनाने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी आंकड़ों के उपयोग को प्रेरित करना है।

## 'नयनामृतम 2.0'

- यह केरल द्वारा लॉन्च किया गया दुनिया का पहला एआई-संचालित क्रॉनिक नेत्र रोग स्क्रीनिंग कार्यक्रम है।
- इस पहल में प्रारंभिक पहचान को बढ़ाने और नेत्र रोग स्क्रीनिंग को कारगर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया गया है।
- यह पूरे राज्य में गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल को अधिक सुलभ और कुशल बनाएगा।
- इसमें ग्लूकोमा और आयु-संबंधित मैक्यूलर डिजनरेशन (AMD) जैसी दो अन्य प्रमुख दीर्घकालिक नेत्र बीमारियों की जांच को भी शामिल कर लिया है।

## चालुक्य युगीन कन्नड अभिलेख

- हाल ही में, तेलंगाना के विकाराबाद जिले में पुदुर मंडल का कंकल गांव में पहली बार तीन दुर्लभ कल्याण चालुक्य युगीन कन्नड़ शिलालेखों की पहचान की गई है।
- ये शिलालेख 1129 ई., 1130 ई. एवं 1132 ई. के हैं जब कल्याणी के चालुक्य वंश के सम्राट सोमेश्वर-III भूलोकमल्लदेव का शासन था।

### अभिलेख

- पहले शिलालेख में बिज्जेश्वर मंदिर के निर्माण, एक शिवलिंग की प्रतिष्ठा और कंकल गांव के एक स्थानीय मुखिया बिज्जरासा द्वारा 100 मार्टार (तत्कालीन भूमि माप) भूमि दान का उल्लेख है।
- दूसरे शिलालेख में सोमीदेव प्रेग्गदा, स्थानीय चौधरी (प्रमुख) एवं करणाम बिज्जरासा द्वारा बिज्जेश्वर मंदिर को कुछ भूमि व नकदी के दान का उल्लेख है।
- तीसरे शिलालेख में सोमापरमनाडी, चौधरी गुंडारासा, बेम्मीनायक, नभनायक एवं बिलनायक द्वारा मंदिर को दिए गए दान का उल्लेख है।

## 'मित्र' प्लेटफॉर्म

- भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (SEBI) ने 'मित्र' (MITRA) नामक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।
- **MITRAFullForm:** Mutual Fund Investment Tracing and Retrieval Assistant.
- यह प्लेटफॉर्म निवेशकों को उनके लावारिस या निष्क्रिय म्यूचुअल फंड फोलियो को ट्रैक और पुनः प्राप्त करने में सहायता करेगा।
- सेबी के अनुसार, कोई म्यूचुअल फंड फोलियो निष्क्रिय तब माना जाएगा जब पिछले 10 वर्षों में कोई लेनदेन नहीं हुआ हो, लेकिन उसमें यूनिट बैलेंस अभी भी मौजूद हो।
- रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA) संयुक्त रूप से 'मित्र' प्लेटफॉर्म का प्रबंधन करेंगे।

## मेमोरी लीग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025

- **आयोजन:** 5 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक।
- भारत के छात्र विश्व राजकुमार ने मेमोरी लीग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 जीती।
- इसमें राजकुमार ने 13.50 सेकंड में 80 यादृच्छिक संख्याओं और 8.40 सेकंड में 30 छवियों के क्रम को याद करके जीती।
- विश्व राजकुमार 5,000 अंकों के साथपहले स्थान पर है।

## भारत डिजिटल पायलट लाइसेंस शुरू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बना

- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने 20 फरवरी 2025 को भारत के इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस का शुभारंभ किया।
- अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन से मंजूरी मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस शुरू किया गया है।
- इस पहल का उद्देश्य पायलट लाइसेंसिंग की प्रक्रिया में सुरक्षा, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है।
- इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस को EGCA मोबाइल एप्लिकेशन के ज़रिए एक्सेस किया जा सकता है।

## दिनेश खारा समिति

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने बीमा अधिनियम, 1938 की समीक्षा के लिये दिनेश खारा की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति का गठन किया है।
- यह प्रस्तावित बीमा संशोधन विधेयक के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य FDI सीमा को 74% से बढ़ाकर 100% करना है।
- IRDAI एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना IRDA अधिनियम, 1999 के तहत की गई है और यह भारत में बीमा उद्योग को विनियमित तथा प्रोत्साहित करने हेतु उत्तरदायी है

## फोर्ट विलियम का नाम बदलकर 'विजय दुर्ग' किया गया

- कोलकाता स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम का नाम बदलकर 'विजय दुर्ग' कर दिया गया है।
- यह परिवर्तन औपनिवेशिक प्रतीक से मुक्त करने के उद्देश्य से किया गया।
- नया नाम महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग किले से प्रेरित है, जो छत्रपति शिवाजी के अधीन मराठा नौसैनिक अड्डा था।

## झारखंड में गुटखा और तंबाकू युक्त पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध

- झारखंड सरकार ने गुटखा और निकोटिन एवं तंबाकू युक्त पान मसाला के उत्पादन, वितरण, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।
- झारखंड स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह प्रतिबंध नोटिफिकेशन जारी होने की तिथि से अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहेगा।
- इसके बाद स्थिति की समीक्षा कर प्रतिबंध की अवधि को आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

## आधार सुशासन पोर्टल

- इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा लॉन्च किया गया।
- **उद्देश्य:**आधार प्रमाणीकरण अनुरोधों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को कारगर बनाना।
- आधार सुशासन पोर्टल सरकारी और निजी दोनों संस्थाओं को सार्वजनिक हित सेवाओं के लिए आधार प्रमाणीकरण प्राप्त करने की अनुमति देता है।
- इससे नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, ई-कॉमर्स और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में सेवाओं तक आसानी से पहुँचने में मदद मिलेगी।

## स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने हेतु DPIIT और Paytm में समझौता

- उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 26 फरवरी, 2025 को फिनटेक कंपनी Paytm से समझौता किया है।
- इस समझौते के तहत Paytm स्टार्टअप्स को सलाह, आधारभूत संरचनात्मक सहायता और बाजार तक पहुंच का अवसर प्रदान करेगा।
- इस समझौते के उपरांत स्टार्टअप्स को अत्याधुनिक भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी।
- DPIIT, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत एक सरकारी निकाय है।

## 'RBIDATA' एप

- **लॉन्च:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा।
- यह भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित 11,000 से अधिक विभिन्न श्रृंखलाओं के आर्थिक डेटा तक पहुँच प्रदान करेगा।
- उपयोगकर्ता समय श्रृंखला डेटा को ग्राफ़/चार्ट में देख पाएंगे और विश्लेषण के लिए डेटा डाउनलोड कर पाएंगे।

## पत्रिका 'सशक्त भारत'

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 27 फरवरी, 2025 को रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त भारत' का विमोचन किया।
- इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति और बलिदान को रेखांकित किया गया है।

## DPIIT और कोरिया ट्रांसपोर्ट इंस्टीट्यूट के बीच समझौता

- लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर 10 फरवरी को हस्ताक्षर।
- स्थान: कोरिया के सेजोंग राष्ट्रीय अनुसंधान परिसर।
- हस्ताक्षरकर्ता: केओटीआई अध्यक्ष यंगचन किम और भारत के राजदूत अमित कुमार।

- उद्देश्य: लॉजिस्टिक्स सहयोग, ज्ञान आदान-प्रदान और पीएम गति शक्ति योजना के तहत बुनियादी ढांचे का विकास।

# प्रमुख सम्मेलन/ उत्सव

## पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक

- **आयोजन:** 22 फरवरी 2025 को पुणे, महाराष्ट्र में
- **अध्यक्षता:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह
- **शामिल:** गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के मुख्यमंत्री।
- **आयोजक:** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से।

## विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स)

- यह शिखर सम्मेलन 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा।
- वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैम्पियनशिप, भारतीय कॉमिक्स एसोसिएशन (आईसीए) और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी), भारत सरकार की एक संयुक्त पहल है।
- इसका उद्देश्य मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवाचार, रचनात्मकता और सहयोग को बढ़ावा देना है।
- यह शिखर सम्मेलन एनिमेशन, गेमिंग, विज़ुअल इफ़ेक्ट और एक्सआर (विस्तारित वास्तविकता) में नए अवसरों का पता लगाने के लिए रचनाकारों, उद्योग के अग्रजों और निवेशकों को एक साथ लाएगा।

## भारत कॉलिंग सम्मेलन 2025

- **उद्घाटन:** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 27 फरवरी 2025 को मुंबई में।
- **आयोजन :** आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा
- **थीम:** 'विकासशील भारत 2047 का मार्ग: सभी के लिए समृद्धि की ओर अग्रसर'
- इसमें भारत में निवेश और वैश्विक आर्थिक विकासमें भारत के अवसरों पर चर्चा की गई।

## काशी तमिल संगमम 3.0

- इसका आयोजन तीसरा संस्करण 15-24 फरवरी 2025 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।
- इसका मुख्य विषय "ऋषि अगस्त्य के स्वास्थ्य, दर्शन, विज्ञान, शास्त्रीय तमिल साहित्य और सांस्कृतिक एकता में योगदान पर केंद्रित" है।

## इंडिया एनर्जी वीक 2025

- **आयोजन:** नई दिल्ली में।
- **आयोजक:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में और भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (FIPI) द्वारा संयुक्त रूप से।
- इस कार्यक्रम में ऊर्जा पहुँच, सुरक्षा, स्थिरता और डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों पर ज़ोर दिया गया।
- FIPI हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की संस्थाओं की एक शीर्ष सोसायटी है और यह सरकार के साथ उद्योग इंटरफेस के रूप में कार्य करती है।

**प्रमुख समझौता ज्ञापन:**

- भारत ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने के उद्देश्य से कई रणनीतिक समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
  - BPCL और इको वेव पावर (इज़राइल) ने **मुंबई में भारत का पहला वेव एनर्जी पायलट स्थापित** करने का समझौता किया।
  - BPCL ने पेट्रोब्रास (ब्राज़ील) के साथ 6 मिलियन बैरल कच्चे तेल के आयात के लिए साझेदारी की, जिससे भारत के तेल आयात में विविधता आएगी।

## भारत टेक्स 2025

- 16 फरवरी, 2025 को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित एक मेगा वैश्विक कपड़ा आयोजन भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया।
- यह आयोजन चिकनकारी, बंधनी और कांजीवरम रेशम जैसी विभिन्न क्षेत्रीय शैलियों सहित भारत की समृद्ध कपड़ा परंपराओं के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करता है।
- भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात 7% बढ़ा है, और देश अब दुनिया का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है।

## इलेक्रामा -2025'

- 'इलेक्रामा -2025' का आयोजन 23-26 फरवरी, 2025 तक नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में हुआ।
- 'इलेक्रामा-2025' दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो है।
- यह इलेक्रामा का 16वां संस्करण था।
- इसमें भारत सहित दुनिया भर की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

## पूसा कृषि विज्ञान मेला 2025

- **उद्घाटन:**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नई दिल्ली में।
- **थीम:**'उन्नत कृषि-विकसित भारत' है।
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित अत्याधुनिक किस्मों और प्रौद्योगिकियों का लाइव प्रदर्शन होगा।

## न्योकुम युल्लो उत्सव

- प्रथम संयुक्त मेगा न्योकुम युल्लो उत्सव का आयोजन 26 फरवरी, 2025 को अरुणाचल प्रदेश में किया गया।

- इस उत्सव के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ थे।
- इस उत्सव का आयोजन अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के बोसिमला में किया गया।
- यह उत्सव पूर्वोत्तर भारत में जनजातीय संस्कृति और आदिवासी विरासत की महत्ता को रेखांकित करने हेतु आयोजित किया गया।

## 98वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन

- **आयोजन:** 21 से 23 फरवरी तक नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन:** 21 फरवरी को श्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- उद्देश्य: भारत की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और मराठी भाषा की कालातीत प्रासंगिकता का उत्सव मनाना।
- 71 वर्षों के बाद यह सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन के दौरान पैनल चर्चाएँ, पुस्तक प्रदर्शनियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहित्यकारों के संवाद सत्र आयोजित किए गए।
- **नोट:** हाल ही में मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है।

## भारतीय कला इतिहास कॉन्ग्रेस का 32वाँ सम्मेलन

- भारतीय कला इतिहास कॉन्ग्रेस (IAHC) का 32वाँ सम्मेलन 8 से 10 फरवरी 2025 तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज, नोएडा में आयोजित किया गया।
- विषय: "कला और संस्कृति में भारतीय महाकाव्यों का प्रतिपादन"।
- **उद्देश्य:** महाकाव्यों पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों के विविध रूपों को उजागर करना।
- **आयोजन:** भारतीय विरासत संस्थान, नोएडा द्वारा संस्कृति मंत्रालय के तहत किया गया।

## 38वाँ सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने हरियाणा के फरीदाबाद ज़िले में 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन किया।
- आयोजन अवधि: 7 फरवरी से 23 फरवरी 2025।
- इस मेले में भारत और विश्वभर के कारीगरों की कला, शिल्प कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री ने इसे केवल एक बाज़ार से अधिक बताते हुए, प्राचीन शिल्पकला के संरक्षण और संवर्धन में इसकी भूमिका को रेखांकित किया।

## अली ऐ लिगांग' त्योहार

- हाल ही में असम के सबसे बड़े आदिवासी समुदाय मिसिंग जनजाति ने जोरहाट के शंकरपुर में अली ऐ लिगांग त्योहार मनाया।
- अली ऐ लिगांग का अर्थ : जड़ों और फलों की पहली बुवाई।
- यह तीन शब्दों, 'अली', फलियां, 'ऐ', बीज और 'लिगांग' बोना से बना है।
- यह फ़रवरी-मार्च के बीच या 'गिनमुर पोलो' महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता है।
- इस दौरान जनजाती द्वारा गुमराग नृत्य किया जाता है।

## आदि महोत्सव 2025

- हाल ही में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आदि महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया।
- इसका उद्घाटन समारोह मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम,नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- यह महोत्सव 16 से 24 फरवरी, 2025 तक चलेगा।
- आदि महोत्सव भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत, संस्कृति, कला, शिल्प, भोजन और वाणिज्य का उत्सव है।

## पाँचवाँ सरस आजीविका मेला- 2025

- सरस आजीविका मेला- 2025 का आयोजन 21 फरवरी से 10 मार्च तक नोएडा के शिल्प हाट में किया जा रहा है।
- आयोजक: ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के सहयोग से।
- उद्देश्य: ग्रामीण कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी आजीविका और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में मदद करना।
- वर्ष 2025 के लिए थीम : "लखपति दीदी की निर्यात क्षमता का विकास"।

## हेराथ पोश्ते

- यह कश्मीरी पंडितों के पवित्र पर्व है।
- हेराथ को 'हर रात्रि' या 'शिव रात्रि' भी कहा जाता है, कश्मीरी पंडितों का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहार है।
- यह फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है, जो सामान्यतया फरवरी और मार्च के बीच आता है।
- हेराथ पर्व पर कश्मीरी पंडित परिवारों में शिव-पार्वती और अन्य देवी-देवताओं की पूजा की जाती है।

## झुमोइर नृत्य

- एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में 24 फरवरी 2025 को गुवाहाटी में असम की 'चाय जनजातियों'के 8,888 कलाकारों ने 'झुमोइर नृत्य' (Jhumur Dance) किया।
- असम चाय उद्योग के 200 साल पूरे होने पर झुमोइर बिनंदिनी (मेगा झुमोइर) 2025 कार्यक्रम आयोजित किया।
- झुमोइर बिनंदिनी डांस चाय बागान में काम करने वालों का मुख्य नृत्य है।
- इस नृत्य में महिलाएँ मुख्य नर्तक एवं गायिकाएँ होती हैं जबकि पुरुष पारंपरिक वाद्ययंत्र, जैसे- मादल, ढोल, या ढाक (ड्रम), झांझ, बाँसुरी व शहनाई बजाते हैं।

# 10. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## January

### हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025

- जारीकर्ता: हेनले एंड पार्टनर्स (Henley & Partners)
- शीर्ष स्थान: सिंगापुर (सबसे मजबूत पासपोर्ट)
- अंतिम स्थान: सोमालिया (102वां, वीजा मुक्त स्कोर: 35)
- भारत का स्थान: 85वां (वीजा मुक्त स्कोर: 57)
- 2024 में भारत 80वें स्थान पर था।
- पाकिस्तान: 103वां स्थान (2024 में 101वां स्थान)
- बांग्लादेश: 100वां स्थान (2024 में 97वां स्थान)
- इस सूचकांक में उस देश का पासपोर्ट सबसे मजबूत माना जाता है, जिसके नागरिक सबसे अधिक देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।

**सूचकांक में सर्वाधिक शक्तिशाली 5 पासपोर्ट**

| रैंक | देश |
|---|---|
| 1 | सिंगापुर |
| 2 | जापान |
| 3 | फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, दक्षिण कोरिया, स्पेन |
| 4 | ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन |
| 5 | बेल्जियम, न्यूज़ीलैंड, पुर्तगाल, स्विट्ज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम |

### भारत में नेक्स्ट जनरेशन भूतापीय ऊर्जा क्षमता

- स्रोत: अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)
- भारत की स्थिति: 2050 तक तीसरा सबसे बड़ा बाजार
- भूतापीय ऊर्जा: पृथ्वी के कोर से उत्पन्न अक्षय ऊर्जा स्रोत, उपयोग - हीटिंग व बिजली उत्पादन
- शीर्ष देश: चीन, अमेरिका और भारत (वैश्विक उत्पादन का 75% हिस्सा)
- भारत में पारंपरिक भूतापीय क्षमता: 5 किमी की गहराई पर ~14 टेरावाट (TW)
- **मुख्य क्षेत्र:**
  - गुजरात
  - आंध्र प्रदेश का पूर्वी तट
  - मध्य सोन-नर्मदा फॉल्ट ज़ोन

### डाइनामिक ग्राउंड वाटर रिसोर्स असेसमेंट रिपोर्ट 2024

- जारीकर्ता: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल (31 दिसंबर 2024)
- आकलन द्वारा: केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) व राज्यों/UTs का संयुक्त प्रयास
- **भूजल आंकड़े:**
  - कुल वार्षिक पुनर्भरण: 446.90 बिलियन क्यूबिक मीटर (BCM)
  - निकासी योग्य संसाधन: 406.19 BCM
  - वार्षिक भूजल निकासी: 245.64 BCM
  - औसत भूजल निकासी स्तर: 60.47%
- 6746 आकलन इकाइयों का वर्गीकरण:
  - सुरक्षित (73.4%) – 4951 यूनिट्स
  - अर्ध-गंभीर (10.5%) – 711 यूनिट्स
  - गंभीर (3.05%) – 206 यूनिट्स
  - अत्यधिक दोहन (11.1%) – 751 यूनिट्स

### भारत की पहली 'तटीय-जलचर पक्षी जनगणना'

- आयोजन तिथि: 3-5 जनवरी 2025
- स्थान: जामनगर, समुद्री राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य
- आयोजक: गुजरात वन विभाग व गुजरात पक्षी संरक्षण सोसायटी (BCSG)
- समुद्री राष्ट्रीय उद्यान: भारत का पहला नामित समुद्री राष्ट्रीय उद्यान
- **पक्षी विविधता:**
  - 300+ स्थानीय व प्रवासी पक्षी प्रजातियाँ
  - 50+ जलचर पक्षी प्रजातियाँ
- संरक्षित क्षेत्र: कच्छ की खाड़ी, समुद्री जैव विविधता व मैंग्रोव संरक्षण हेतु स्थापित

### भारत दुनिया का 7वाँ सबसे बड़ा कॉफ़ी उत्पादक बना

- निर्यात मूल्य (FY 2023-24): 1.29 बिलियन डॉलर
- 2020-21 की तुलना: 719 मिलियन डॉलर से लगभग दोगुना
- जनवरी 2025 की पहली छमाही में निर्यात: 9,300 टन
- मुख्य आयातक देश: इटली, बेल्जियम, रूस
- मुख्य निर्यात उत्पाद: बिना भुनी कॉफ़ी बीन्स

### QS वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स 2025

- जारीकर्ता: Quacquarelli Symonds (QS)
- भारत की डिजिटल स्किल्स रैंकिंग: दूसरा स्थान
- भारत आगे रहा: कनाडा और जर्मनी से
- AI व ग्रीन स्किल्स की तैयारी में: संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरा स्थान
- भारत की समग्र रैंक: 25वाँ स्थान
- श्रेणी: "फ्यूचर स्किल्स कंटेंडर"
- शीर्ष 10 देश (जैसे USA, UK, जर्मनी)
- श्रेणी: फ्यूचर स्किल्स पायनियर्स में शीर्ष 10 देश (जैसे : USA, UIC, जर्मनी)

- शीर्ष स्थान: USA (स्कोर 97.6)
- **मूल्यांकन के 4 प्रमुख संकेतक:**
  - स्किल फिट
  - शैक्षणिक तत्परता (Academic Readiness)
  - रोजगार का भविष्य (Future of Work)
  - आर्थिक परिवर्तन (Economic Transformation)

## ग्लोबल फायरपावर सैन्य शक्ति रैंकिंग 2025

- आधार: 60+ कारकों पर 145 देशों की सैन्य शक्ति का आकलन

**शीर्ष 5 देश:**

1. USA – 0.0744 (2005 से शीर्ष पर)
2. रूस – 0.0788
3. चीन – 0.0788
4. भारत – 0.1184
5. दक्षिण कोरिया

- रक्षा व रणनीतिक निवेश में वृद्धि के कारण भारत का रक्षा खर्च (2023): 2022 की तुलना में 4.2% बढ़ा
- जापान (7th), तुर्की (8th), ईरान (14th) – रक्षा क्षमताओं में वृद्धि कर रहे हैं

## राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025

- **जारीकर्ता:** नीति आयोग द्वारा।
- इस रिपोर्ट का प्रथम अंक 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढिया द्वारा जारी कियागया।
- 2022-23 के वित्तीय आंकड़ों से18 प्रमुख राज्यों की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन किया गया है।
- **उद्देश्य:** राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य को समझने, उनके विकास के लिए नीति-निर्माण में मदद करना।
- **इस रिपोर्ट में पांच प्रमुख बिंदुओं व्यय की गुणवत्ता, राजस्व जुटाना, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता** को शामिल किया गया।

| श्रेणी | राज्य |
|---|---|
| 'अचीवर्स श्रेणी' (सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य) | ओडिशा और छत्तीसगढ़ सहित गोवा, झारखंड और गुजरात |
| 'अस्पिरेशनल' श्रेणी' (सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य) | केरल, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और पंजाब |
| 'फ्रंट रनर' श्रेणी | महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और कर्नाटक |
| 'परफॉर्मर'श्रेणी | तमिलनाडु, **राजस्थान**, बिहार और हरियाणा |

- रिपोर्ट में ओडिशा ने 67.8 के उच्चतम समग्र अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- ओडिशा ने ऋण सूचकांक (99.0) व ऋण स्थिरता (640) में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

## टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- टाइम्स हायर एजुकेशन ( THE ) द्वारा विश्वभर की यूनिवर्सिटीज की 2025 की विषयवार रैंकिंग 22 जनवरी, 2025 को जारी की गई।
- रैंकिंग में ग्यारह श्रेणियां शामिल हैं। ये कला और मानविकी, व्यवसाय और अर्थशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा अध्ययन, इंजीनियरिंग, कानून, जीवन विज्ञान, चिकित्सा और स्वास्थ्य, भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान और सामाजिक विज्ञान हैं।

**विषयवार शीर्षस्थ संस्थान**

| विषय | शीर्ष संस्थान | देश |
|---|---|---|
| आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | अमेरिका |
| बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | अमेरिका |
| कंप्यूटर साइंस | ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी | ब्रिटेन |
| एजुकेशन स्टडीज | स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी | अमेरिका |
| इंजीनियरिंग | हार्वर्ड यूनिवर्सिटी | अमेरिका |
| लॉ | स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी | अमेरिका |
| लाइफ साइंसेज | हार्वर्ड यूनिवर्सिटी | अमेरिका |
| मेडिकल एंड हेल्थ | ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी | ब्रिटेन |
| फिजिकल साइंसेज | कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | अमेरिका |
| साइकोलॉजी | स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी | अमेरिका |
| सोशल साइंसेज | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | अमेरिका |

- संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्वविद्यालय 11 में से 9 विषयों में पहले स्थान पर हैं।
- एशियाई यूनिवर्सिटीज ने किसी भी विषय में शीर्ष स्थान हासिल नहीं किया।

## भारत की स्थिति

- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरू कंप्यूटर विज्ञान के लिए शीर्ष 100 वैश्विक रैंकिंग में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान है।
- पहली बार भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरू ने विषय के आधार पर विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है, और 99वाँ स्थान हासिल किया है।
  - भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू (IISc) ने कंप्यूटर विज्ञान रैंकिंग में 96वाँ स्थान और इंजीनियरिंग श्रेणी में 99वाँ स्थान हासिल किया।

## February

### भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (CPI) 2024

- इसे गैर-सरकारी संगठन ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 1995 से प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है।
- यह 0 (अत्यधिक भ्रष्ट) से 100 (सबसे कम भ्रष्ट) के पैमाने पर 180 देशों में सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार स्तर को मापता है।
- **वैश्विक रैंकिंग:**
    - डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र के रूप में शीर्ष स्थान पर रहा।
    - फिनलैंड और सिंगापुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
    - भारत और पड़ोसी देशों की स्थिति:
    - भारत – 96वां स्थान (2023 में 93वें स्थान पर था।)
    - चीन – 76वां स्थान
    - पाकिस्तान – 135वां स्थान
    - श्रीलंका – 121वां स्थान
    - बांग्लादेश – 149वां स्थान

### लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2024

- जारीकर्ता: **विश्व बैंक।**
- भारत 139 देशों में 38वें स्थान पर।
- भारतीय बंदरगाहों का टर्नअराउंड टाइम: 0.9 दिन (USA - 1.5 दिन, ऑस्ट्रेलिया - 1.7 दिन)।
- अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट श्रेणी में भारत 22वें स्थान पर।
- शीर्ष देश: सिंगापुर (1), फिनलैंड (2), जर्मनी (3), नीदरलैंड (4)
- अनुमान: 2030 तक भारत शीर्ष 25 देशों में स्थान बना सकता है।
- लॉजिस्टिक्स बाजार 2024 में $317.26 बिलियन से बढ़कर 2029 तक $484.43 बिलियन तक पहुँचने की उम्मीद।
- भारत का लॉजिस्टिक्स खर्च जीडीपी का 13-14%।

### राज्यों में पंचायत हस्तांतरण पर डिवोल्यूशन इंडेक्स रिपोर्ट 2024

- केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली में 'राज्यों में पंचायतों को हस्तांतरण की स्थिति - एक सांकेतिक साक्ष्य-आधारित रैंकिंग, 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट में पंचायतों के छह प्रमुख पहलुओं का मूल्यांकन किया गया: रूपरेखा, कार्य, वित्त, पदाधिकारी, क्षमता वृद्धि और जवाबदेही।
- यह रिपोर्ट देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विकेंद्रीकरण की प्रगति को दर्शाती है।
- 2013-14 से 2021-22 के बीच ग्रामीण स्थानीय निकायों का अंतरण 39.9% से बढ़कर 43.9% हो गया है।

**डिवोल्यूशन इंडेक्स 2024 में शीर्ष 10 राज्य (डीआई स्कोर > 55):**

| रैंक | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | सूचकांक अंक |
|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | 72.23 |
| 2 | केरल | 70.59 |
| 3 | तमिलनाडु | 68.38 |
| 4 | महाराष्ट्र | 61.44 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 60.07 |
| 6 | गुजरात | 58.26 |
| 7 | त्रिपुरा | 57.58, |
| 8 | **राजस्थान** | **56.67** |
| 9 | पश्चिम बंगाल | 56.52 |
| 10 | छत्तीसगढ | 56.26 |

### इंटरनेट शटडाउन संबंधी रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** "एक्सेस नाउ" (डिजिटल अधिकार संगठन)
- इसके अनुसार विश्व में सर्वाधिक इंटरनेट शटडाउन म्यांमार में रहा।
- भारत इस संदर्भ में दूसरे स्थान पर रहा। भारत में 2024 में 84 इंटरनेट शटडाउन दर्ज किए। (लोकतांत्रिक देशों में सबसे ज़्यादा) (पिछले वर्ष पहले स्थान पर था।)
- भारत में 84 शटडाउन में से 41 विरोध प्रदर्शनों से संबंधित थे, जबकि 23 सांप्रदायिक हिंसा के कारण हुए थे।
- देश में मणिपुर में सबसे ज़्यादा इंटरनेट शटडाउन (21)हुए।
- इसके बाद हरियाणा (12) और जम्मू और कश्मीर (12) का क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान रहा।
- 2024 में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म "X"विश्व में सबसे ज़्यादा ब्लॉक किया जाने वाला प्लेटफ़ॉर्म था। (14 देशों में 24 बार ब्लॉक)

### क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2025

- **जारीकर्ता:** जर्मनवॉच द्वारा।
- इस इंडेक्स 2025 में भारत को छठा स्थान प्राप्त हुआ है।
- यह रिपोर्ट 1993 से 2022 के बीच एक्सट्रीम क्लाइमेट इवेंट्स से प्रभावित देशों का आकलन करती है।
- शीर्ष 5 सबसे अधिक प्रभावित देश: डोमिनिका, चीन, होंडुरास, म्यांमार और इटली।
- शीर्ष 10 में शामिल अन्य देश: ग्रीस, स्पेन, वानुआतु, फिलीपींस।

**भारत पर प्रभाव (1993-2022)**

- भारत दुनिया के 10 सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा।
- इस अवधि में भारत ने वैश्विक जलवायु आपदाओं से हुई कुल मौतों का 10% और कुल आर्थिक क्षति का 4.3% दर्ज किया।

- भारत को 400 से अधिक एक्सट्रीम क्लाइमेट इवेंट्स का सामना करना पड़ा, जिनसे 180 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और कम से कम 80,000 लोगों की मौत हुई।

## एशिया के सबसे अमीर परिवारों की लिस्ट 2025

- **जारीकर्ता:** Bloomberg संस्था।
- इसमें भारत के 4 कारोबारी परिवार टॉप 10 में शामिल है।
- **पहला स्थान:** मुकेश अंबानी का परिवार (₹90.5 अरब डॉलर)
- **चौथा स्थान:** मिस्त्री परिवार (₹37.5 अरब डॉलर)
- **सातवाँ स्थान:** जिंदल परिवार (₹28.1 अरब डॉलर)
- **नौवां स्थान:** बिड़ला परिवार (₹23 अरब डॉलर)
- इसके अलावा भारत का बजाज परिवार भी टॉप 20 में शामिल हैं।
- चियरावानंट परिवार (₹42.6 अरब डॉलर)(थाईलैंड)और हार्टोनो परिवार (₹42.2 अरब डॉलर)(इंडोनेशिया)क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

## मध्य प्रदेश देश में सबसे अधिक गिद्धों वाला राज्य बना

- मध्य प्रदेश में गिद्धों की संख्या बढ़कर 12,981 हो गई है।
- राज्य में गिद्धों की कुल 7 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इनमें से 4 प्रजातियाँ स्थानीय और 3 प्रजातियाँ प्रवासी हैं।
- गिद्ध बड़े शिकारी पक्षी हैं जो मुख्य रूप से सड़े हुए मांस (मृत जानवरों) को खाते हैं।

## ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट (GBBC)

- यह दुनिया के सबसे बड़े पक्षी गणना कार्यक्रमों में से एक है।
- GBBC 2025 का आयोजन 14 से 17 फरवरी तक हुआ।
- भारत में कुल 1,068 प्रजातियाँ दर्ज की गई।
- पश्चिम बंगाल ने 543 पक्षी प्रजातियों की गणना के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। (लगातार तीसरी बार)

**शीर्ष 3 राज्य (पक्षी प्रजातियों की संख्या के अनुसार):**

1. पश्चिम बंगाल – 543 प्रजातियाँ
2. उत्तराखंड – 446 प्रजातियाँ
3. असम – 414 प्रजातियाँ

- दार्जिलिंग ने बंगाल में सर्वाधिक 252 प्रजातियों की गणना की, हालांकि यह 2024 के 308 प्रजातियों से कम थी।
- GBBC 1998 में शुरू हुआ था, और भारत ने 2013 से इसमें भाग लेना शुरू किया।
- सबसे अधिक प्रजातियाँ देखने वाले पर्यवेक्षक: बहारुद्दीन एस.के. (310 प्रजातियाँ)
- सबसे अधिक चेकलिस्ट अपलोड करने वाले प्रतिभागी: शांतनु मन्ना (112 चेकलिस्ट)

## वर्ल्ड रेपुटेशन रैंकिंग 2025

- **जारीकर्ता:** टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा।
- इसमें चार भारतीय विश्वविद्यालयों को स्थान मिला।
- वर्ल्ड रेपुटेशन रैंकिंग 2025 के अनुसार, बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) भारत का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, आईआईटी मद्रास और शिक्षा 'ओ' अनुसंधान अन्य विश्वविद्यालय हैं जिन्हें इस रैंकिंग में स्थान मिला है।
- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), इस रैंकिंग में 201-300 रेंज में स्थान प्राप्त किया है।
- इसके साथ ही आईआईटी दिल्ली और आईआईटी मद्रास भी इसी रैंकिंग में 201-300 के बीच शामिल हैं। इन संस्थानों का कुल स्कोर 26.9 से 34.2 के बीच है।
- इसके अलावा, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी भी प्रतिष्ठा के मामले में भारत में चौथे स्थान पर है.
- शिक्षा 'ओ' अनुसंधान इस रैंकिंग में पहली बार शामिल हुआ इसे भी201-300 रेंज में रखा गया है।
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने लगातार 14वें साल द वर्ल्ड रेपुटेशन रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।
- रैंकिंग में अमेरिका के छह संस्थान शीर्ष 10 में हैं।

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था रैंकिंग में 5वें स्थान पर है।

- नीति आयोग के अनुसार भारत दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में 5वें स्थान पर है।
- इसका वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2025 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर होगा।
- भारत का वास्तविक जीडीपी 2015 में 2.4 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा।
- भारत द्वारा शीर्ष 20 देशों में 77% की उच्चतम मुद्रास्फीति-समायोजित वृद्धि भी दर्ज की गई।

# महत्वपूर्ण दिवस

## January

**सावित्रीबाई फुले जयंती 2025**
- तिथि: 3 जनवरी 2025 (194वीं जयंती)
- महत्व: भारत की पहली महिला शिक्षिका, जिन्होंने महिलाओं व अछूतों को शिक्षा द्वारा सशक्त किया

**विश्व ब्रेल दिवस 2025**
- तिथि: 4 जनवरी 2025
- महत्व: लुई ब्रेल के जन्मदिवस (1809, फ्रांस) की याद में मनाया जाता है
- योगदान: ब्रेल लिपि के आविष्कारक

**विश्व हिंदी दिवस 2025**
- तिथि: 10 जनवरी 2025
- महत्व: पहले विश्व हिंदी सम्मेलन (10 जनवरी 1975, नागपुर) की स्मृति में मनाया जाता है
- अन्य हिंदी दिवस: 14 सितंबर (भारत में हिंदी दिवस)

**राष्ट्रीय युवा दिवस 2025**
- तिथि: 12 जनवरी 2025
- महत्व: स्वामी विवेकानंद की जयंती
- प्रारंभ: 1985 से राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है

**भारतीय सेना दिवस 2025**
- तिथि: 15 जनवरी 2025
- महत्व: भारतीय सेना के बलिदानों को याद करने हेतु
- ऐतिहासिक घटना: 15 जनवरी 1949 – लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करिअप्पा ने फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया

**लोकपाल का पहला स्थापना दिवस**
- तिथि: 16 जनवरी 2025 (पहली वर्षगांठ)
- स्थापना: 16 जनवरी 2014, लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत
- वर्तमान लोकपाल अध्यक्ष: न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर

**राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस**
- तिथि: 16 जनवरी 2025
- घोषणा: 2022 में की गई
- महत्व: भारत में 1.6 लाख सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना।

**मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय का राज्य दिवस**
- तिथि: 21 जनवरी 2025
- महत्व: इन राज्यों को 1972 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिला

**पराक्रम दिवस**
- तिथि: 23 जनवरी 2025
- महत्व: नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के सम्मान में 2021 से मनाया जा रहा है

**राष्ट्रीय बालिका दिवस**
- तिथि: 24 जनवरी 2025
- महत्व: लड़कियों के अधिकारों और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु

**15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025**
- तिथि: 25 जनवरी 2025
- महत्व: भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस पर
- थीम: "वोटिंग जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

**अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस**
- तिथि: 26 जनवरी 2025
- स्थापना: 1953 में सीमा शुल्क सहयोग परिषद (CCC) द्वारा

**नेशनल ज्योग्राफिक दिवस 2025**
- तिथि: 27 जनवरी 2025
- महत्व: नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी की स्थापना के उपलक्ष्य में

**महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस**
- तिथि: 30 जनवरी 2025
- महत्व: महात्मा गांधी की स्मृति और बलिदान दिवस

**अंतर्राष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष और विश्व ग्लेशियर दिवस**
- घोषणा: संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2025 को "अंतर्राष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष" घोषित किया गया
- विश्व ग्लेशियर दिवस: 21 मार्च 2025
- उद्देश्य: ग्लेशियरों के जलवायु और जल-चक्र में योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना

## February

**महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस 2025**
- यह दिवस हर साल 6 फरवरी को मनाया जाता है।
- इस वर्ष, इस दिन का थीम 'स्टेप अप द पेस' है।

**विश्व रेडियो दिवस - 13 फरवरी**
- रेडियो के महत्व और सूचना प्रसार में उसकी भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है।
- 2025 का विषय: "रेडियो और जलवायु परिवर्तन"।
- 2011 में यूनेस्को द्वारा नामित, 2013 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मान्यता।

**राष्ट्रीय महिला दिवस 2025**

- भारत में हर साल 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।
- यह दिन सरोजिनी नायडू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है।

**वैश्विक पर्यटन लचीलापन दिवस 2025**

- हर साल 17 फरवरी को वैश्विक पर्यटन लचीलापन दिवस मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 फरवरी 2023 को संयुक्त राष्ट्र वैश्विक पर्यटन लचीलापन दिवस की स्थापना की।

**छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती**

- प्रतिवर्ष 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाती है
- छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती दो तिथियों पर मनाई जाती है-
    - ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार- 19 फरवरी
    - हिंदू पंचांग के अनुसार- फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया

**विश्व सामाजिक न्याय दिवस**

- प्रतिवर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है
- इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रों के बीच शांति, सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करना है।
- यह गरीबी, बहिष्कार और बेरोजगारी को दूर करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान करता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 26 नवंबर, 2007 को इस दिवस की स्थापना की, और 2009 से इसे प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।

**मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस**

- 20 फरवरी को मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया।

**मिज़ोरम**

- **1972:** मिज़ोरम को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिला।
- **1986:** भारत सरकार और मिज़ो नेशनल फ्रंट (MNF) के बीच ऐतिहासिक मिज़ो शांति समझौता (Mizo Peace Accord) हुआ।
- **20 फरवरी 1987:** मिज़ोरम को भारत का 23वां राज्य बनाया गया।

**अरुणाचल प्रदेश**

- पहले यह क्षेत्र नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (NEFA) के नाम से जाना जाता था।
- 1972 में इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया और इसका नाम "अरुणाचल प्रदेश" रखा गया।
- 20 फरवरी 1987 को इसे भारत का 24वाँ राज्य घोषित किया गया।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का 22वां स्थापना दिवस**

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का 22वां स्थापना दिवस 19 फरवरी को मनाया गया।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**

- **स्थापना :** 19 फरवरी 2004
- 89वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के तहत
- **संवैधानिक प्रावधान :** अनुच्छेद 338-A (संवैधानिक निकाय)
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली
- वर्तमान अध्यक्ष: श्री अंतर सिंह आर्य
- इसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होते है।

**अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

- प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है
- इस दिवस का उद्देश्य भाषाओं के संरक्षण, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने और भाषाई विविधता के प्रति जागरूकता फैलाना है।
- वर्ष 2025 की थीम - "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का सिल्वर जुबली समारोह" है।

**स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती**

- स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती इस वर्ष 23 फरवरी को मनाई गई।
- पंचांग के अनुसार, महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को मनाई जाती है।

**केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस**

- प्रत्येक वर्ष 24 फरवरी को भारत में केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया जाता है।
- इसका उद्देश्य केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के योगदान को मान्यता देना और करदाताओं को कर प्रणाली के प्रति जागरूक करना है।
- केंद्रीय उत्पाद शुल्क भारत सरकार के लिए अप्रत्यक्ष कर संग्रह का एक प्रमुख साधन रहा है।
- इसे एक्साइज ड्यूटी (Excise Duty) भी कहा जाता है।यह अब वस्तु एवं सेवा कर (GST) में शामिल हो चुका है।
- **नोट:** पेट्रोल, डीजल और शराब जैसे कुछ उत्पाद अभी भी केंद्रीय उत्पाद शुल्क के दायरे में आते हैं।

**वीर सावरकर की पुण्यतिथि**

- वीर सावरकर यानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि 26 फरवरी को मनाई जाती है।
- जन्म: 28 मई 1883, नासिक के भगूर गांव में
- निधन: 26 फरवरी 1966 को निधन
- अपनी **'द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस 1857'**पुस्तक में 1857 के संग्राम को पहली स्वतंत्रता लड़ाई घोषित किया।

### विश्व प्रोटीन दिवस

- यह प्रतिवर्ष 27 फरवरी को मनाया जाता है।
- **उद्देश्य:** पोषण में प्रोटीन के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना।
- गेरार्डस जोहान्स मुल्डर ने 1938 में प्रोटीन की खोज की।
- वैज्ञानिक ने 1956 में प्रोटीन की परमाणु संरचना की खोज की।

### चंद्रशेखर आज़ाद का बलिदान दिवस

- भारत में 27 फरवरी 2025 को स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद के 94वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
- वह एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे।
- वर्ष 1922 में वह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन HRA) के प्रमुख सदस्य बन गए।
- वे अल्फ्रेड पार्क, इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में 27 फरवरी 1931 को शहीद हुए।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

- प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।
- इस दिन साल 1928 में सीवी रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज की थी।
- वर्ष 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'विकास भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' है।
- सीवी रमन को 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए साल 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025

- **आयोजन:**24 से 28 फरवरी तक चलेगा।
- आयोजक: **भारतीय रिजर्व बैंक।**
- विषय: "वित्तीय साक्षरता - महिला समृद्धि"।
- यह थीम महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर देती है।
- यह अभियान इन प्लेटफार्मों का उपयोग करते समय जोखिमों और सावधानियों के बारे में जागरूकता पैदा करेगा।

# Samyak
An Institute For Civil Services

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP

Samyak An Institute For Civil Services

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

- Live & Recorded Classes
- Test Series & Solution
- Personal Mentorship
- Toppers' Strategic Sessions

**RAS-2021 RESULT**

राजस्थान में पहली बार **TOP 10 में 9 TOPPERS**


RANK 1 विक्रांत शर्मा


RANK 2 प्रिया बजाज


RANK 4 विश्वजीत


RANK 5 भारती गुप्ता


RANK 6 आकांक्षा दुबे


RANK 7 कंचन चौधरी


RANK 8 शुभम शर्मा


RANK 9 निधि उड़सरिया


RANK 10 सत्यनारायण

TOTAL **650+** Selection

## Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services

शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

### राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग

गुरुकुल की सुविधाएँ


विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन



गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन


योग प्राणायाम


सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)


आधुनिक क्लासरूम


लाइब्रेरी




**HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR** 9875170111